






# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्षः 15 | अंकः 258
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12
मंगलवार | 02 जुलाई, 2024



### राहुल गांधी के बयान पर बवाल, बोले, जो खुद को हिंदू कहते हैं, वही हिंसा-हिंसा करते हैं


# लोकसभा में मचा हंगामा

## नेता प्रतिपक्ष राहुल का संसद में पहला भाषण: अग्निवीर, एमएसपी, नीट पर आरोप लगाए तो राजनाथ, शाह, शिवराज ने टोका, कहा, झूठ बोल रहे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

संसद सत्र के छठे दिन नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मोदी सरकार और भाजपा को 20 से ज्यादा मुद्दों पर घेरा। उन्होंने हिन्दू, अग्निवीर, किसान, मणिपुर, नीट, बेरोजगारी, नोटबंदी, जीएसटी, एमएसपी, हिंसा, भय, धर्म, अयोध्या, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, अडाणी-अंबानी, प्रधानमंत्री और स्पीकर की चर्चा की। उन्होंने 90 मिनट के भाषण की शुरुआत संविधान की कॉपी दिखाकर की। भाषण के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष में जमकर तू-तू, मैं-मैं हुई। राहुल ने अग्निवीर, पीएम मोदी के परमात्मा से डायरेक्ट कनेक्शन और किसानों के एमएसपी कानून की बात कही। इस पर पीएम 2 बार, शाह-राजनाथ 3-3 बार, शिवराज चौहान और भूपेंद्र यादव को एक-एक बार खड़े होकर टोकना पड़ा।







### क्या बोले पीएम मोदी?

पीएम मोदी ने इस दौरान बीच में ही उठकर राहुल गांधी को रोका और कहा कि यह बात बहुत गंभीर है। पूरे हिंदू समुदाय को हिंसक कहना गंभीर विषय है। इस पर राहुल ने जवाब दिया कि मैंने भाजपा को हिंसक कहा, नरेंद्र मोदी पूरा हिंदू समाज नहीं है। भाजपा पूरा हिंदू समाज नहीं है। आरएसएस पूरा हिंदू समाज नहीं है। पीएम मोदी ने राहुल के बयानों पर बाद में सदन में कहा, इस संविधान ने मुझे सिखाया है कि मुझे विपक्ष के नेता को गंभीरता से लेना चाहिए।

### शाह ने क्या जवाब दिया?

राहुल गांधी के बयान पर पलटवार करते हुए अमित शाह ने कहा, शोरशराबा कर के इतने बड़े कृत्य को छिपाया नहीं जा सकता। विपक्ष के नेता ने कहा कि जो अपने आप को हिंदू कहते हैं, वह हिंसा करते हैं, हिंसा की बात करते हैं। इनको शायद मालूम नहीं है कि करोड़ों लोग खुद को गर्व से हिंदू कहते हैं। क्या वे सभी लोग हिंसा करते हैं। हिंसा की भावना को किसी धर्म के साथ जोड़ना और इस सदन में संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति ने। मुझे लगता है उन्हें इसकी माफी मांगनी चाहिए। शाह ने आगे कहा, मैं उनको एक गुजारिश भी करना चाहता हूं कि इस्लाम में अभयमुद्रा, इस पर इस्लाम के विद्वानों का मत एक बार वो ले लें। गुरुनानक साहब की अभयमुद्रा पर एसजीपीसी का मत वो ले लें। अभय की बात इनको करने का कोई हक नहीं है। आपातकाल में पूरे देश को इन्होंने भयभीत किया है। लाखों लोगों को जेल में डाला गया। वैचारिक आतंक कभी था तो आपका आपतकाल था।

## राहुल के 3 बयान, जिन पर शाह, राजनाथ समेत 3 मंत्रियों ने जवाब दिया

### बीजेपी डर फैला रही

- राहुल ने कहा- हिंदू डर नहीं फैला सकता। बीजेपी डर फैला रही है। अयोध्या से शुरू करता हूं।
- राहुल के इतना कहने पर अमित शाह खड़े हुए। कहा, कहा कि नियम इन पर लागू नहीं होता क्या। ये पूरी बीजेपी को हिंसा फैलाने वाला बता रहे हैं। हाउस ऑर्डर में नहीं है। सदन ऐसे नहीं चलेगा।

### किसान ने एमएसपी मांगी, आपने कहा-नहीं मिलेगी

- राहुल गांधी ने कहा, किसानों ने ये कहा कि 16 लाख करोड़ उद्योगपतियों का कर्जा माफ हो सकता है तो हमारा भी थोड़ा सा कर दीजिए. किसान ने एमएसपी मांगी। आपने कहा क्या। आपने कहा कि आपको ये नहीं मिलेगी।
- कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान बोले- ये गलत बयानी कर रहे हैं। एमएसपी पर खरीद जारी है। उनकी सरकार थी तब बताएं कि एमएसपी पर कितनी खरीद होती थी। ये सत्यापित करें कि एमएसपी पर खरीद नहीं हो रही।
- राहुल गांधी ने कहा कि एमएसपी विथ लीगल गारंटी सर, नॉट जस्ट एमएसपी।

### अग्निवीर पीएम का ब्रेन चाइल्ड

- राहुल ने कहा, पूरा देश जानता है कि ये सेना की स्कीम है। सेना जानती है कि ये स्कीम सेना की नहीं, पीएम का ब्रेन चाइल्ड है।
- राजनाथ सिंह ने आपत्ति जताई। कहा कि ये गलत बयानबाजी कर रहे हैं। राहुल के बयान को एक्सपंज करने की मांग की।
- तब राहुल बोले इनको अच्छी लगती है, रखिए। हमारी सरकार आएगी हम हटा देंगे। अग्निवीर जवानों के खिलाफ, सेना के खिलाफ है।
- राजनाथ सिंह ने राहुल को गलत बयानी करके सदन को गुमराह नहीं करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि सरहद पर अगर कोई अग्निवीर शहीद हो जाता है, तो उसे एक करोड़ रुपए मिलता है।
- राहुल गांधी ने कहा कि सच्चाई क्या है, ये अग्निवीर जानता है।
- तब अमित शाह बोले, इसका सत्यापन किया जाना चाहिए और अगर वह साबित नहीं करते हैं तो सदन और देश से इसकी माफी मांगनी चाहिए।
- इस पर राहुल गांधी ने अग्निवीर को लेकर जानकारी सदन पटल पर रखने की बात कही।

### हिंदू पर दिया बयान

राहुल ने आगे कहा, खुद को हिंदू कहने वाले हिंसा-हिंसा कहते हैं। इस पर सदन में हंगामा होने लगा। तो गांधी ने आगे कहा कि यह इसलिए शोर कर रहे है क्योंकि तीर सही जगह पर लगा है। राहुल ने कहा, हिंदुस्तान के इतिहास में तीन विचारों से काम होता है। मोदी ने एक दिन अपने इंटरव्यू में कहा कि हिंदुस्तान ने किसी पर कोई आक्रमण नहीं किया। उसका कारण यह है कि हिंदुस्तान अंहिसा का देश है। यह देश डर का देश नहीं है। हमारे सारे महापुरुषों ने अहिंसा और भय खत्म करने की बात कही है। शिवजी कहते हैं कि डरो मत, डराओ मत। अभय मुद्रा दिखाते हैं। मगर, जो लोग खुद को हिंदू कहते हैं, वे केवल हिंसा, घृणा, असत्य की बात करते हैं।

### राहुल ने स्पीकर से कहा, आपको मोदीजी से झुककर हाथ नहीं मिलाना चाहिए

राहुल ने कहा, मैंने आपसे (ओम बिरला) हाथ मिलाया तो आप सीधे खड़े रहे, जब मोदी जी ने आपसे हाथ मिलाया तो आपने झुककर हाथ मिलाया। स्पीकर ने कहा, मेरी संस्कृति और संस्कार में सिखाया गया है कि जो हमसे बड़े हैं, उनसे झुक कर मिलो और जो छोटे हैं उनसे बराबरी से मिलो। राहुल गांधी, स्पीकर सबसे बड़ा है, हम सबको स्पीकर से झुककर बात करनी चाहिए। आप इस हाउस के लीडर हैं। आपको किसी के सामने नहीं झुकना चाहिए। राहुल गांधी, मैंने एक भाषण दिया है, जिस पर बार-बार बाधा उत्पन्न की गई। हम सब किसी चीज का खड़े होकर विरोध करते हैं तो वो सत्य है, अहिंसा है, साहस है।

# बाढ़ के समय पर क्विक एक्शन जरूरी: सीएम

**प्रदेश में बाढ़ की दृष्टि से 24 जनपद अति संवेदनशील में हैं श्रेणी, नौकाएं, राहत सामग्री आदि के प्रबंध समय से कर लें**

- बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों में देर न हो
- परिवारों को हर जरूरी मदद तत्काल उपलब्ध कराई जाए

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बाढ़ प्रबंधन और जन-जीवन की सुरक्षा के दृष्टिगत जारी तैयारियों की समीक्षा की और व्यापक जनहित में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश में व्यापक जन-धन हानि के लिए दशकों तक कारक रही बाढ़ की समस्या के स्थायी निदान के लिए विगत 07 वर्षों में किए गए सुनियोजित प्रयासों के अच्छे परिणाम मिले हैं। बाढ़ की दृष्टि से अति संवेदनशील जिलों की संख्या में अभूतपूर्व कमी आई है। विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार हमने आधुनिकतम तकनीक का प्रयोग कर बाढ़ से खतरे को न्यूनतम करने में सफलता पाई है। बाढ़ से जन-जीवन की सुरक्षा के लिए अंतरविभागीय समन्वय से अच्छा कार्य हुआ है। इस वर्ष भी बेहतर कोऑर्डिनेशन, क्विक एक्शन और बेहतर प्रबन्धन से बाढ़ की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित कराई जाए।

### 24 जनपद अति संवेदनशील

प्रदेश में बाढ़ की दृष्टि से 24 जनपद अति संवेदनशील श्रेणी में हैं। इसमें महाराजगंज, कुशीनगर, लखीमपुर खीरी, गोरखपुर, बस्ती, बहराइच, बिजनौर, सिद्धार्थनगर, गाजीपुर, गोण्डा, बलिया, देवरिया, सीतापुर, बलरामपुर, अयोध्या, मऊ, फर्रुखाबाद, श्रावस्ती, बदायूं, अम्बेडकर नगर, आजमगढ़, संतकबीर नगर, पीलीभीत और बाराबंकी शामिल हैं। जबकि सहारनपुर, शामली, अलीगढ़, बरेली, हमीरपुर, गौतमबुद्ध नगर, रामपुर, प्रयागराज, बुलन्दशहर, मुरादाबाद, हरदोई, वाराणसी, उन्नाव, लखनऊ, शाहजहांपुर और कासगंज संवेदनशील प्रकृति के हैं। उन्होंने कहा कि अति संवेदनशील और संवेदनशील क्षेत्रों में बाढ़ की आपात स्थिति हेतु पर्याप्त रिजर्व स्टॉक का एकत्रीकरण कर लिया जाए। इन स्थलों पर पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था एवं आवश्यक उपकरणों का भी प्रबन्ध होना चाहिए। जल शक्ति मंत्री एवं दोनों राज्य मंत्री द्वारा अति संवेदनशील तथा संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण करें, साथ ही बाढ़ बचाव से जुड़ी परियोजनाओं का निरीक्षण करें। मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार इस वर्ष पर्याप्त वर्षा होगी। नेपाल और उत्तराखंड की सीमा से लगे जनपदों में सतर्कता बनाए रखें। आमजन की सुविधा और राहत एवं बचाव कार्य के बेहतर बेहतर प्रबंधन के लिए बाढ़ बुलेटिन और मौसम का पूर्वानुमान नियमित रूप से जारी किया जाना चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि भारतीय मौसम विभाग, केंद्रीय जल आयोग, केंद्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के साथ प्रदेश के सिंचाई एवं जल संसाधन, गृह, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, सिंचाई एवं जल संसाधन, खाद्य एवं रसद, राजस्व एवं राहत, पशुपालन, कृषि, राज्य आपदा प्रबन्धन, रिमोट सेन्सिंग प्राधिकरण के बीच बेहतर तालमेल हो। केंद्रीय एजेंसियों/विभागों से सतत संवाद-संपर्क बनाए रखें।

### बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों में देर न हो

नौकाएं, राहत सामग्री आदि के प्रबंध समय से कर लें। बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों में देर न हो। प्रभावित परिवारों को हर जरूरी मदद तत्काल उपलब्ध कराई जाए। नौका बड़ी हो। छोटी नौका/डोंगी का प्रयोग कतई न हो। नौका सवार सभी लोग लाइफ जैकेट जरूर पहने हुए हों। बाढ़ के दौरान और बाद में बीमारियों के प्रसार की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य किट तैयार करके जिलों में पहुंचा दिया जाए। क्लोरीन टैबलेट, ओआरएस आदि की उपलब्धता होनी चाहिए। बुखार आदि की पर्याप्त दवा उपलब्ध हो। सर्प दंश की स्थिति में प्रभावित लोगों को तत्काल चिकित्सकीय मदद मिलनी चाहिए। बाढ़ के दौरान जिन गांवों में जलभराव की स्थिति बनेगी, वहां पशुओं की सुरक्षा के भी प्रबंध होने चाहिए। उचित होगा कि बाढ़ के समय पशुओं को अन्यत्र कहीं सुरक्षित स्थान पर रखा जाए। निराश्रित गोआश्रय स्थलों में पशु चारे की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। पशुओं का टीकाकरण समय से कराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

### गुणवत्ता से भी कोई समझौता नहीं

बाढ़ राहत शिविरों में लोगों को ताजा भोजन दिया जाना चाहिए। अन्य राहत सामग्री की गुणवत्ता से भी कोई समझौता नहीं होना चाहिए। राहत सामग्री का पैकेट मजबूत हो, लोगों को कैरी करने में आसानी हो। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अतिवृष्टि के कारण जिस भी किसान की फसल खराब हो, बिना विलंब उसकी क्षतिपूर्ति कराई जाए। इसके अलावा, किसानों को मौसम पूर्वानुमान से अवगत कराते हुए खेती-किसानी के लिए अनुकूल परिस्थितियों के बारे में जागरूक करें। बरसात के कारण निर्माण परियोजनाओं पर होने वाले असर के दृष्टिगत पहले से आवश्यक प्रबंधन कर लिया जाना चाहिए। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बिजली के पोल, तार, सड़क आदि समय से ठीक कर लिए जाने चाहिए।

### बाढ़ से प्रभावित जनपदों में 113 बेतार केन्द्र हुए स्थापित

बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि जन-धन की सुरक्षा को शीर्ष प्राथमिकता देते हुए वर्ष 2024 में बाढ़ से सुरक्षा के लिए समय से तैयारियां की गई हैं। अति संवेदनशील के रूप में चिन्हित 17 जनपदों के 37 तटबंधों का अनुरक्षण कार्य पूरा कर लिया गया है। सभी अतिसंवेदनशील तटबंधों पर प्रभारी अधिकारी/सहायक अभियन्ता नामित किये जा चुके हैं। तटबन्धों पर क्षेत्रीय अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा लगातार निरीक्षण एवं सतत निगरानी भी की जा रही है। मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि वर्ष 2023 में बाढ़ से प्रभावित अतिसंवेदनशील/संवेदनशील स्थलों को चिन्हित कर बाढ़ परियोजनाओं के द्वारा बाढ़ बचाव कार्य पूर्ण कर लिये गए हैं। प्रदेश में बाढ़ से निपटने के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक 75 जनपदों में सम्पन्न हो गई है। इसके अलावा, बाढ़ से प्रभावित जनपदों में 113 बेतार केन्द्रों की स्थापना हो चुकी है। बेतार केन्द्र सम्पूर्ण बाढ़ अवधि में सतत् क्रियाशील रहेंगे।

# यूपी: शिक्षा विभाग में बंपर तबादले, बदले गए दर्जनभर डीआईओएस और 30 बीएसए, महेंद्र देव बने नियमित निदेशक

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

प्रदेश में बेसिक व माध्यमिक शिक्षा विभाग में अधिकारियों के रविवार देर रात बंपर तबादले हुए। पदोन्नति के बाद डॉ. महेंद्र देव को माध्यमिक शिक्षा विभाग का नियमित निदेशक बनाया गया है। अभी वह प्रभारी निदेशक थे। वहीं संयुक्त शिक्षा निदेशक माध्यमिक भगवती सिंह को माध्यमिक शिक्षा परिषद का सचिव बनाया गया है। अभी वह संयुक्त शिक्षा निदेशक (शिविर) हैं। वहीं, शासन ने गोंडा, सुल्तानपुर, बलरामपुर समेत 30 जिलों में नए बीएसए की तैनाती की है। डायट गोंडा के वरिष्ठ प्रवक्ता अतुल तिवारी को गोंडा, बीएसए हाथरस उपेंद्र गुप्ता को सुल्तानपुर व बीएसए मुजफ्फरनगर शुभम शुक्ला को बलरामपुर का नया बीएसए बनाया गया है। इसी तरह रायबरेली, फतेहपुर, प्रतापगढ़, चंदौली, भदोही समेत एक दर्जन से अधिक डीआईओएस के भी तबादले किए गए हैं। समग्र शिक्षा में



सहायक निदेशक संजीव कुमार सिंह को रायबरेली और गोंडा के डीआईओएस राकेश कुमार को इसी पद पर फतेहपुर भेजा गया है। इसी क्रम में प्रभारी मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार को मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक, संयुक्त निदेशक समग्र शिक्षा विष्णुकांत पांडेय को प्रभारी अपर निदेशक समग्र शिक्षा, प्रभारी मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक सहारनपुर राणा सहस्त्रांसु को मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक सहारनपुर बनाया गया है। जबकि मंडलीय उप शिक्षा निदेशक आजमगढ़ योगेंद्र कुमार सिंह को प्रभारी मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक गोरखपुर, उप शिक्षा निदेशक शिक्षा निदेशालय प्रयागराज दिनेश सिंह को प्रभारी मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक आजमगढ़ बनाया गया है। इसी के साथ एक दर्जन डीआईओएस बेसिक शिक्षा विभाग के निवर्तन पर भी आए हैं। इसके अतिरिक्त 34 खंड अधिकारियों के भी तबादले किए गए हैं।

### नए कानूनों के तहत अमरोहा में दर्ज हुआ पहला केस, बरेली में दूसरा तो आगरा में आया तीसरा मामला

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए तीन नए आपराधिक कानूनों के तहत सोमवार को अमरोहा जिले के रहरा थाने में पहला मुकदमा दर्ज किया गया। वहीं दूसरा मुकदमा बरेली के बारादरी थाने में, जबकि तीसरा आगरा पुलिस कमिश्नरेट के शमशाबाद थाने में दर्ज किया गया। पहली एनसीआर असंज्ञेय अपराध की सूचना रिपोर्ट बांदा के बबेरू थाने में लिखी गयी है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि अमरोहा के रहरा थाने में सुबह 9.51 बजे गैर इरादतन हत्या के मामले में बीएनएस भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 106 के तहत दर्ज हुआ है, जो खेत में किसान की करंट लगने से हुई मौत से संबंधित है। इस मामले में दो लोगों को नामजद किया गया है। वहीं दूसरा मुकदमा बरेली के बारादरी थाने में सुबह 10.17 बजे बीएनएस की धारा 97 के तहत दर्ज हुआ है। यह प्रकरण बरेली के अपोलो अस्पताल से एक माह के बच्चे का अपहरण करने से संबंधित है, जिसमें अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है।


**कानपुर एक्सप्रेस**



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


**रिपोर्ट** सड़क हादसों में आए दिन जान गंवा रहे नाबालिग लड़के-लड़कियों की जिंदगी बचाने के लिए योगी सरकार व्यावहारिक कदम उठा रही है

# नाबालिगों को पेट्रोल पंप पर नहीं मिलेगा पेट्रोल-डीजल

- कम उम्र के लड़के-लड़कियां आए दिन बिना ड्राइविंग लाइसेंस के तेज रफ्तार से मोटरसाइकिल, स्कूटी और कार चलाते हैं
- इस दौरान कई बार वे खुद हादसे का शिकार होते हैं और दूसरों को भी चोटिल करते हैं। ऐसे एक्सीडेंट में कई को जान से भी हाथ धोना पड़ता है
- इस संबंध में माध्यमिक और बेसिक शिक्षा विभाग को सरकार ने निर्देश दे दिया है

**जन एक्सप्रेस। डॉ.वैभव शर्मा**

**लखनऊ।** सड़क हादसों में आए दिन जान गंवा रहे नाबालिग लड़के-लड़कियों की जिंदगी बचाने के लिए योगी सरकार व्यावहारिक कदम उठा रही है। अब 18 साल से कम उम्र के लड़के-लड़कियों को पेट्रोल पंप पर पेट्रोल,डीजल नहीं दिया जाएगा। कम उम्र के लड़के-लड़कियां आए दिन बिना ड्राइविंग लाइसेंस के तेज रफ्तार से मोटरसाइकिल, स्कूटी और कार चलाते हैं। इस दौरान कई बार वे खुद हादसे का शिकार होते हैं और दूसरों को भी चोटिल करते हैं। ऐसे एक्सीडेंट में कई को जान से भी हाथ धोना पड़ता है।




### ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने और नौनिहालों की जिंदगी बचाने के लिए

यूपी में अब हर किसी के लिए पेट्रोल और डीजल खरीदना संभव नहीं होगा। यहां 18 साल से कम उम्र के विद्यार्थियों को पेट्रोल पंप पर पेट्रोल और डीजल नहीं मिलेगा। योगी सरकार ने इसे लेकर बड़ा फैसला किया है। ताकि प्रदेश में नाबालिगों को ड्राइविंग करने से रोका जा सके। इससे प्रदेश के लाखों युवाओं को झटका लग सकता है। माध्यमिक और बेसिक शिक्षा विभाग को सरकार ने निर्देश दे दिया है।

### प्रदेश के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में अभिभावकों से एक फॉर्म भरवाया जाएगा

माध्यमिक और बेसिक शिक्षा विभाग को मिले आदेश के मुताबिक, प्रदेश के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में अभिभावकों से एक फॉर्म भरवाया जाएगा। इसमें अभिभावक यह सुनिश्चित करके देंगे कि उनके नाबालिग बच्चे व्हीकल ड्राइव नहीं करेंगे और न ही वे उन्हें व्हीकल ड्राइव करने की अनुमति देंगे। यह एक तरह से शपथ पत्र होगा। इसे भरकर देना सभी के लिए अनिवार्य होगा।

### पेट्रोल पंप से होगी निगरानी

सरकार ने बताया है यह नियम प्रदेश में 18 साल से कम उम्र के सभी स्टूडेंट्स को दोपहिया या चार पहिया वाहन चलाने पर रोक लगाने के लिए लागू किया गया है। बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए ही यह फैसला लिया गया है। इसलिए यह निर्देश दिया गया है कि अब 1 जुलाई से प्रदेश के किसी भी पेट्रोल पंप पर नाबालिग को डीजल या पेट्रोल नहीं दिया जाएगा। साथ ही, इसकी निगरानी पेट्रोल पंप से होती रहेगी और नोटिस भी चस्पा होगा।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । लखनऊ । मंगलवार । 02 जुलाई 2024



**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण तेज हवाओं (धूलभरी आँधी) एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर छुटपुट बूंदाबादी होने के आसार हैं तथा दिन और रात के तापमान सामान्य से अधिक रहने के आसार हैं

अधिकतम (डिग्री0से0) : 33.4 (-3.5)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 25.6 (-1.3)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 87 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 67 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 5.5 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- दक्षिण-पश्चिमी
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

*- कृषि मौसम वैज्ञानिक*

# दलीय मर्यादायें तोड़ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता स्वर्गीय अंबिका शुक्ला को दी गई श्रद्धांजलि




**कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष हरप्रकाश अग्निहोत्री ने किया धन्यवाद कृपेश त्रिपाठी ने ज्ञापित किया।**

श्रद्धांजलि अर्पित करने वाले नेताओं में प्रमुख रूप से पूर्व राष्ट्रीय सचिव अब्दुल मन्नान, पूर्व विधायक संजीव दरियावादी, सोहिल अंसारी, विकास अवस्थी, जे पी पाल, पवन गुप्ता, सुरेश गुप्ता (रालोद), नीतम सचान, इखलाक अहमद डेविड , निज़ामुद्दीन खान, सुमन तिवारी, अतहर नईम, सतीश दीक्षित, शशिकांत दीक्षित, रवीन्द्र शर्मा एडवोकेट, सोमेंद्र शर्मा (सपा) अनिल सोनकर (सपा), राजेश सिंह, अशोक धनविक, पी एस बाजपेयी, एच एन तिवारी, महेन्द्र त्रिपाठी, राकेश साहू, जीशान अंसारी, अमरीश सिंह गौर, आमोद त्रिपाठी, शैल शुक्ल(भाजपा) राजेन्द्र मिश्रा बब्बू, अंकज मिश्रा एडवोकेट, नदीम सिद्दीकी, श्याम बहादुर यादव, आनंद मेहरोत्रा, मदन मोहन, दिव्यता बाजपेयी एडवोकेट, एजाज राशिद, धवल पाण्डेय, अरुण द्विवेदी, नुरैन अहमद टारजन, अमनदीप गंभीर , मीना मिश्रा, संतोष त्रिपाठी, सुमन लता, सैमुअल लकी सिंह, राजू कश्यप, तुफैल अहमद खान, महेंद्र भदौरिया, स्नेह लता लाल, क्षमा पाण्डेय, के के अवस्थी, लोकेश श्रीवास्तव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कॉंग्रेस के वरिष्ठ नेता स्व अम्बिका प्रसाद शुक्ला जी का निधन गत 3 जून को हो गया था। कॉंग्रेस मुख्यालय तिलक हाल में कल सोमवार को कॉंग्रेस नेताओ, कार्यकर्ताओं द्वारा उनको याद करते हुए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी के महासचिव कानपुर के प्रभारी अंशू तिवारी ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा प्रभू से कामना करता हूं कि उनके जैसा साहस हर कॉंग्रेस कार्यकर्ता को मिले जिससे कानपुर शहर फिर से आंदोलन का शहर बन सके।

पुष्पांजलि अर्पित करते हुए पूर्व विधायक पंडित भूधर नारायण मिश्रा ने कहा अम्बिका जी ने कानपुर के तमाम मजदूर आन्दोलनों का नेतृत्व करते हुए मजदूरों की आवाज को बुलन्द किया । संजय गांधी जी के साथ देहरादून और बरेली की जेल में भी रहे। उनके किये संघर्षों को कानपुर में सदैव याद किया जाएगा।

पुष्पांजलि अर्पित करते हुए पूर्व विधायक हाफिज मोहम्मद उमर ने कहा अम्बिका जी जहाँ संजय गाँधी के नजदीक थे वहीं पूर्व प्रधानमंत्री/पूर्व मुख्यमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह जी के भी काफी निकट थे, वह सच्चे मायनों में जनसेवक थे।

पुष्पांजलि अर्पित करते हुए पूर्व प्रत्याशी आलोक मिश्रा ने कहा अम्बिका जी ने मजदूरों को न्याय दिलवाने के लिए सदैव सत्ता से संघर्ष किया, वो एक निडर नेता थे उन्होंने यू पी विधानसभा का भी ऐतिहासिक घेराव किया। भाजपा नेता शैलेन्द्र दीक्षित ने अम्बिका प्रसाद शुक्ला जी को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा हमने अम्बिका जी के साथ कॉंग्रेस में काम किया है और महसूस किया कि वह सच को सच और गलत को गलत कहने वाले अदम्य साहसी व्यक्ति थे।

सपा नेता पूर्व ब्लाक प्रमुख सुरेश यादव ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा अम्बिका जी का व्यक्तित्व इतना विराट था कि आज उनको याद करने दलीय मर्यादा छोड़ कर हम लोग कॉंग्रेस कार्यालय में एकत्र हुए हैं। सपा नेता अशोक केसरवानी ने कहा अम्बिका जी एक बड़े श्रमिक नेता होने के साथ ही कॉंग्रेस पार्टी के बहुत लोकप्रिय नेता भी थे। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता करते हुए नगर ग्रामीण कॉंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अमित पाण्डेय ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा स्व अम्बिका प्रसाद जी का मार्गदर्शन सदैव नवजवान नेताओ को मिलता रहा है और मै खुशनसीब हूँ कि उनका आशीष मुझे समय समय पर प्राप्त होता रहा है उनके पुत्र पीसीसी सदस्य संदीप शुक्ला जी उनकी विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं और हम सब उनके दिखाए रास्ते पर चलने के लिये कटिबद्ध हैं।

# अधिवक्ता पुलिस के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने पर उतारू हुए तो लड़ने के लिए कोई नहीं मिलेगा : महामंत्री



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर की कानपुर कचहरी में सोमवार को सभी अधिवक्ता हड़ताल पर रहे। जिस कारण वादकारियों को निराश होकर लौटना पड़ा। हड़ताल के दौरान संयुक्त रूप से कानपुर बार एसोसिएशन और थे दि लॉयर्स संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के द्वारा कानपुर कमिश्नरेट के पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों पर तानाशाही करने का आरोप लगाते हुए पूरे दिन धरना प्रदर्शन कचहरी परिसर में किया गया।

प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाए। हड़ताल पर बैठे बार एसोसिएशन के महामंत्रीआदित्य सिंह का आरोप था कि कानपुर कमिश्नरेट काफी डरा हुआ है जिस वजह से लोगो पर व अधिवक्ताओं पर मुकदमा लिखा जा रहा है। कहां की मुकदमा इसलिए लिखा जा रहा है कि कोई भी कानपुर कमिश्नरेट पुलिस के गलत कार्यों के विरुद्ध आवाज ना उठा सके। कानपुर कमिश्नरेट के खिलाफ आवाज उठाने के लिए कोई नही है इस लिए सभी लोगो के हित के लिए आम सभा की जा रही है। वरिष्ठ अधिवक्ताओं से चर्चा करके जो भी आंदोलन की रूप रेखा बनेगी उस हिसाब से कानपुर कमिश्नरेट के खिलाफ विरोध कर उसे उखाड़ा फेकने का काम किया जायेगा। कानपुर कमिश्नरेट जिस तरह से मुकदमे लिख रहा है अगर अधिवक्ता मुकदमा लिखने पर आ गया तो उनको मुकदमा लड़ने के लिए कोई वकील नहीं मिलेगा अगर अधिवक्ताओं की मांगे ना पूरी हो तो विरोध प्रदर्शन यूं ही चलता रहेगा। दि लॉयर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष पंडित रविंद्र शर्मा ने कहा कि अधिवक्ताओं पर किए जा रहे फर्जी मुकदमे और अत्याचार को कतई अधिवक्ता बंधु नहीं सहन करेंगे। महामंत्री कानपुर बार एसोसिएशन आदित्य सिंह ने बताया है कि आज भी हड़ताल जारी रहेगी।

# भारतीय न्याय संहिता का पहला मुक़दमा कल्याणपुर थाने में हुआ दर्ज़



**जन एक्सप्रेस । अंकित चौधरी**

**एंटी रोमियो दल की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ**

डीसीपी वेस्ट विजय ढुल ने बताया की 1 जुलाई से भारतीय न्याय संहिता बीएनएस 2023 लागू हो गया है। नए कानून के तहत कानपुर के कल्याणपुर थाने में पहली एफआईआर एंटी रोमियो दस्ते ने दर्ज कराई है। एंटी रोमियो दस्ता की महिला कांस्टेबल सिविल ड्रेस में इलाके में घूम रही थी इस दौरान अशोकनगर निवासी राजकुमार महिलाओं से आते-जाते अश्लील कमेंट्स कर रहा था महिला कांस्टेबल ने राजकुमार को मौके से गिरफ्तार कर लिया है एंटी रोमियो के प्रार्थना पत्र पर आरोपी राजकुमार के खिलाफ बीएनएस की धारा 79 ,296 के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है कोर्ट में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

**थानों में चलाया जाएगा जागरूकता अभियान**

कानपुर के पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने बताया कि कानपुर में भारतीय न्याय संहिता 2023 1 जुलाई से लागू हो गया है नए कानून के तहत अब 1 जुलाई से फिर दर्ज की जा रही है पुलिस और पब्लिक के बीच जागरूकता के लिए कानपुर के सभी 52 थानों में नए कानून को सेलिब्रेट किया गया है इस दौरान नए कानून की जानकारी अफसर ने पुलिसकर्मियों और पब्लिक को दी है।

**कानपुर नगर।** कल्याणपुर थाने की पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत कानपुर की पहली एफआईआर दर्ज की है। सार्वजनिक स्थान पर महिलाओं पर अश्लील कमेंट करने वाले को एंटी रोमियो टीम ने दबोचा और उनकी तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

# कांशीराम अस्पताल में संचारी रोकथाम अभियान का डिप्टी सीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ




**जन एक्सप्रेस । विनीत सिन्हा**

**कानपुर नगर।** सोमवार को शहर पहुंचे डिप्टी सीएम डॉ. बृजेश पाठक ने कांशीराम अस्पताल में संचारी रोग नियंत्रण अभियान का हरी झंडी दिखाकर एवं दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। काशीराम अस्पताल में सुबह से हो रही बारिश के कारण अस्पताल परिसर के मुख्य गेट पर जलभराव हो गया था इससे आने वाले मरीजों को भी परेशानी उठानी पड़ रही थी। डिप्टी सीएम का काफिला भी इसी पानी से होता हुआ अस्पताल परिसर के अंदर पहुंचा। कानपुर में नगर निगम विभाग की तस्वीर यूपी सरकार के डिप्टी सीएम के सामने आ गई है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने काशीराम हॉस्पिटल में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए अभियान चलाया और शपथ भी ली की अपने आसपास कहीं भी पानी का भराव न करें और मच्छर को पनपने न दें। शहर के जलभराव पर मिडिया ने सवाल किया कि शहर में हुई बारिश से शहर पूरी तरह जलमग्न हो गया जब कि बारिश की अभी शुरुआत हुई है। जिस पर डिप्टी सीएम पाठक ने कहा कि शहर में बारिश अधिक हुई है। इस पर काम चल रहा है। हमने जिलाधिकारी को निर्देशित किया है। इस अभियान को 31 जुलाई तक चलने की बात कही। उन्होंने कांशीराम अस्पताल में होने वाले जलभराव के शीघ्र निस्तारण करने की बात कही।

कहा कि इस मसले को जिलाधिकारी स्वयं देखेंगे। कहा कि आम जनमानस के स्वास्थ्य कि चिंता हमारी चिंता है, स्वस्थ्य समाज, स्वस्थ वातावरण हमारी शीर्ष प्राथमिकता है।

इस दौरान कानपुर दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, जिलाधिकारी राकेश सिंह, अपर निदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ. संजू अग्रवाल, सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य रंजन कुमार, मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल डॉ संजय काला, सीएमएस डॉ. स्वदेश गुप्ता आदि रहे।

**श्यामा प्रसाद मुखर्जी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर आयोजित गोष्ठी में हुए शामिल**

डिप्टी सीएम बृजेश पाठक जनपद कानपुर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर आयोजित कार्यक्रम के उपलक्ष्य पर शामिल हुये। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के राष्ट्र एवं जनमानस उत्थान के प्रति अमूल योगदान को नमन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, जिलाध्यक्ष शिव राम सिंह, जिलाध्यक्ष, कानपुर उत्तर दीपू पांडेय, विधायक महेश त्रिवेदी, मंच संचालक राम बहादुर एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

**कार्यकर्ताओं के पक्ष में खड़े नजर आए**

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने यूपी में वीआईपी कल्चर के खिलाफ चल रहे एक्शन को लेकर कहा, गाड़ी रोककर जांच-पड़ताल का जो अभियान चल रहा है, उससे मैं सहमत नहीं हूं। ऐसे अभियान को रोका जाना चाहिए। उन्होंने कहा, कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान से समझौता नहीं किया जाएगा। पुलिस की बदसलूकी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दर्ज केस वापस लिए जाएंगे।

पत्रकारों ने जब भाजपा के जिला उपाध्यक्ष शैलेंद्र त्रिपाठी की गाड़ी रोकने और बत्ती उतरवाने का जिक्र किया तो वह कार्यकर्ताओं के पक्ष में खड़े नजर आए। इस पर डिप्टी सीएम ने कहा कि कानपुर में बीजेपी पदाधिकारी पर मुकदमे का पता चला है। कमिश्नर अखिल कुमार से बात हुई है। मुकदमा खत्म होगा। जहां कार्यकर्ताओं के सम्मान की बात आएगी, हम उनके साथ खड़े हैं।

# डॉक्टर्स एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस मनाया




**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

रोटरी क्लब कानपुर आर्यन्स द्वारा सोमवार को डाक्टर्स एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस मनाया गया। इस अवसर पर क्लब द्वारा डॉ. जगदीश सिंह रावत, डॉ.हरीश दीक्षित, डॉ. रचित गुप्ता चार्टरर्ड अकाउंटेंट में कमलेश्वर दत्त शुक्ला, भुवनेश मोहन गुप्ता, मयंक अग्रवाल एवं पुष्पित दीक्षित को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। डॉ.भक्ति विजय शुक्ला ने बताया कि रोटरी का नया सत्र 1 जुलाई से शुरू होता है तथा 30 जून को समाप्त होता है। 1 जुलाई को स्व. डॉ. विधान चंद्र राय की स्मृति में डॉक्टर्स दिवस मनाया जाता है। इसी दिन चार्टर अकाउंटेंट दिवस भी मनाया जाता है। इस अवसर पर क्लब के चार्टर अध्यक्ष डॉ. भक्ति विजय शुक्ला, चार्टरर्ड सचिव मयंक गहोई, क्लब अध्यक्ष डॉ. बी.यन. आचार्या, सचिव गोपाल शुक्ला, प्रचार गुरु कोषाध्यक्ष हरमोहिंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** कल्याणपुर के आवास विकास एक में घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी हो गई। जिसकी जानकारी होने पर पुलिस न मुकदमा दर्ज कर बाइक की तलाश में जुटी है। थाना प्रभारी कल्याणपुर ने बताया कि आवास विकास एक के सत्यम विहार निवासी अमन कुमार चटर्जी ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए सूचना दी थी कि वह अपने बड़े भाई से मिलने के लिए आवास विकास एक नंबर स्थित अपने भाई के घर पर गए थे। जहां पर घर के नीचे से अज्ञात चोरों ने उनकी बाइक को चुरा लिया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बाइक चोर की तलाश की जा रही है।

### गाली-गलौज का मुकदमा किया दर्ज

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** रावतपुर निवासी अनुज कुमार सिहं ने अज्ञात युवकों पर गाली गलौज का विरोध करने पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। अनुज ने पुलिस को बताया है कि रोशन नगर में रहने वाले कुछ लड़के उसके घर के बाहर आकर गाली गलौज करते थे। रोज-रोज की गाली गलौज से तंग आकर रविवार की देर रात जब उसने विरोध किया तो सभी लड़कों ने एक साथ उसके साथ मारपीट करें और गाली गलौज करते हुए फरार हो गए। थाना प्रभारी रावतपुर ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### ई-रिक्शा चोरी का मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** पनकी के रतनपुर कालोनी निवासी ई रिक्शा चालक धर्मेंद्र ने थाने में तहरीर देते हुए दो व्यक्तियों पर ई-रिक्शा चोरी कर लेने का आरोप लगाते हुए थाने में प्रार्थना पत्र दिया है। वही नवाबगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित धर्मेंद्र ने पुलिस को बताया है कि वह रतनपुर से सुबह करीब 4 बजे नवाबगंज के लिये निकला था। इस दौरान कल्याणपुर क्रॉसिंग पर दो व्यक्ति उसे मिले और अमरूद की मंडी से सामान लेने की बात कह कर ई- रिक्शा में बैठ गए। अमरूद की मंडी में पहुंचने के बाद वही दोनो व्यक्ति मंडी के अंदर चले गए। कुछ देर के बाद मंडी से बाहर आए और बोले अन्दर जाकर देख लो कि ई-रिक्शा जाएगा या नहीं जैसे ही मै मंडी के अंदर जाकर बाहर आया तो देखा कि वह दोनों व्यक्ति वहां से गायब हो चुके थे और ई-रिक्शा भी नहीं था। वही आसपास काफी तलाश करने के बाद भी वह दोनों व्यक्ति व ई- रिक्शा नहीं मिला। वही थाना प्रभारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।दोनों व्यक्तियों व ई रिक्शा की तलाश की जा रही है।

### सड़क हादसे में एक ही परिवार के आधा दर्जन लोग घायल

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। चौबेपुर।** 1 जुलाई की दोपहर 12 :30 बजे मोहम्मद जावेद अली उम्र लगभग 50 वर्ष अपनी गाड़ी नंबर यूपी 78 एच ए 9671 अपने परिवार के 7 सदस्यों के साथ कानपुर से कन्नौज की ओर जा रहे था। पीएनसी ऑफिस कस्बा चौबेपुर हाईवे पर कार अनियंत्रित होकर खंभे से टकरा गई। जिससे कार में सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। चौबेपुर थाना प्रभारी को जैसे ही सड़क हादसे की सूचना हुई आनन-फानन में चौबेपुर थाना प्रभारी रविंद्र श्रीवास्तव ने तत्काल एंबुलेंस के माध्यम से सीएससी चौबेपुर प्राथमिक उपचार हेतु भेजा। जहां से उपचार के बाद अब्दुल हमीद उम्र 10 साल, आयशा 6,जावेद अली 70 साल, श्रीमती सबो65, नसीम बानो 68 साल, नौशाद अली सभी घायलों की छुट्टी कर दी गई।

## अखिलेश यादव के जन्मदिन पर सपाइयों ने किया रक्तदान



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

सोमवार समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर के पदाधिकारियों कार्य समिति के सदस्यों विधानसभा अध्यक्षो फ्रंटल अध्यक्षों एवं पीड़ीए की युवा टीम तथा प्रबुद्ध वर्गों का सम्मेलन दिन में 4:00 सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद अखिलेश यादव के 51वे जन्म दिवस के अवसर पर पीडीए का.युवा सम्मेलन सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में सपा में आरंभ हुआ जिसका संचालन महानगर के महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर ने किया धन्यवाद वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने दिया सम्मेलन को संबोधित करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी का जन्म दिवस शहर की पांचो विधानसभा क्षेत्रो में पीपल नीम बरगद के वृक्षों को पार्को व उपयुक्त जगह पर आज से 7 जुलाई तक लगातार लगाकर पर्यावरण के प्रति जागरूक करेंगे तथा वृक्षों की गुणवत्ता का प्रशिक्षण देकर बीमारियों मे इजाफा में हो रही वृद्धि को रोकने का काम करेंगे। समाजवादी पार्टी महिला सभा की महानगर अध्यक्ष श्रीमती सुलेखा यादव ने वैष्णवी हॉस्पिटल में मरीजों को दूध फल पानी जूस और वितरण किया

इस अवसर पर सपा कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू रवि वर्मा मनोज चौरसिया शरद यादव डॉक्टर रामू वर्मा रक्तदान किया।

# नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को तिलक लगा एवं पुष्प देकर किया स्वागत



**जन एक्सप्रेस । प्रदीप शर्मा**

**कानपुर नगर।** ग्रीष्मावकाश के उपरांत विद्यालय खुलने पर स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय पुराना कानपुर खंड शास्त्री नगर में सोमवार को मंडलायुक्त कानपुर मंडल अमित गुप्ता के द्वारा नव प्रवेशित छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर एवं पुष्प देकर उनका स्वागत किया गया। उन्होंने बच्चों को अक्षत रोली का टीका लगा कर पुष्प एवं निशुल्क पुस्तक एवं पाठ सामग्री वितरित की। मंडलायुक्त द्वारा एक दिव्यांग बच्चे को प्रवेश दिलाकर दिव्यांग किट भेंट की गई। उन्होंने प्रत्येक कक्षा में जाकर बच्चों से एवं शिक्षकों से विभिन्न जानकारी प्राप्त की तथा बच्चों को प्रत्येक दिन स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। मंडलायुक्त ने बच्चों को पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ का संदेश देते हुए कहा कि वृक्षों को लगाने के साथ-साथ वृक्षों की देखरेख करना भी आवश्यक है। मंडलायुक्त ने दिव्यांग बच्चों की पठन-पाठन के लिए विद्यालय के प्रधानाध्यापक को निर्देशित करते हुए कहा कि आसपास के दिव्यांग बच्चों का एडमिशन किया जाए तथा उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए प्रत्येक दिन स्कूल आने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने सभी शिक्षकों को विद्यालय में पठन-पाठन की व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए निर्देशित किया।

इस अवसर पर एडी बेसिक, जिला बेसिक शिक्षा कानपुर नगर अधिकारी सुरजीत कुमार सिंह, जिला समन्वयक अनिरुद्ध सिंह एवं अन्य जिला समन्वयक मौजूद रहे।

# असोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज का कुलपति ने चार्ज संभाला



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने असोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज के प्रेसिडेंट के तौर पर कार्यभार संभाला है। प्रो.पाठक को हाल ही में हैदराबाद में एआईयू की बैठक में प्रेसिडेंट चुना गया था। उन्होंने सोमवार को असोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज के नई दिल्ली स्थित कार्यालय मे प्रेसिडेंट के तौर पर चार्ज ग्रहण किया। इस अवसर पर एआईयू के महासचिव सहित सभी सदस्य उपस्थित रहे। बताते चलें कि पिछले दिनों आयोजित तीन दिवसीय एआईयू के सालाना सम्मेलन में देश भर के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने हिस्सा लिया था जिसमें प्रो. पाठक को सर्वसम्मति से इस प्रतिष्ठित संघ का प्रेसिडेंट चुना गया था जो कि भारतीय विश्वविद्यालय संघ भारत के विश्वविद्यालयों का दुनिया भर में प्रतिनिधित्व करता है। एआईयू के अध्यक्ष का पदभार संभालने के बाद प्रो. पाठक ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि विकसित भारत के विजन में विश्वविद्यालयों का योगदान सबसे अहम है। हमें इस प्रकार की संस्कृति विकसित करनी है कि भारतीय शिक्षा व्यवस्था पूरी दुनिया में अपनी अमिट छाप छोड सके। उन्होंने कहा कि हमें तकनीक के साथ अपनी संस्कृति, गौरवमय इतिहास और बेहतर भविष्य के निर्माण का कार्य करना होगा। विश्वविद्यालयों के पास समाज एवं राष्ट्र निर्माण की अहम जिम्मेदारी है, हमें यह कार्य केंद्र में रखकर करना होगा। प्रो.पाठक के अध्यक्ष का पदभार संभालने की सूचना मिलते ही सीएसजेएमयू में खुशी का माहौल है। विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों, एवं छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे को बधाई दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों ने भी खुशी जताते हुए इसे कानपुर के लिए गौरव का क्षण बताया।

**पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन और श्यामा प्रसाद मुखर्जी तक रहे हैं एआईयू के अध्यक्ष**

असोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज (एआईयू) की स्थापना साल 1925 में की गयी थी। देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन, डॉ. जाकिर हुसैन से लेकर जनसंघ के बड़े हस्ताक्षर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भी इसके अध्यक्ष रह चुके हैं।

**रावतपुर कोतवाल ने दबंगों को सिखाया सबक**

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** शहर की रावतपुर पुलिस ने आठ दबंगों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मिली जानकारी के अनुसार थाना रावतपुर क्षेत्र के विहार रोड शिवपुरी में रोड पर कुछ व्यक्तियो द्वारा क्रिकेट खेला जा रहा था। इस दौरान किनारे पर बना हुए घर में निवास करने वाले अनुज कुमार सिंह ने खेलने से मना किया तो इस बात को लेकर अनुज सिंह व क्रिकेट खेल रहे लड़को के बीच में मारपीट की घटना हो गयी थी। जिसको लेकर थाने पर वादी मुकदमा की तहरीर के आधार पर धारा 323/336/504/506 भादवि में अभियोग पंजीकृत किया गया, वीडियो फुटेज एवं अन्य माध्यम से जानकारी कर 08 व्यक्तियो सोएब, सफ्कत अली, मो0 वासिव, अल्तमस, मोनिस, वकार, दिलशाद, बउआ को गिरफ्तार किया गया है।

# समाजवादी पार्टी द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्म दिवस पर अनेक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**पी.डी.ए. के संवाहक है अखिलेश यादवः इं. वीरेन्द्र यादव**

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उ0प्र0 के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन पर समाजवादी पार्टी रायबरेली द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा सुपर मार्केट में स्थित पार्क में वृक्षारोपण किया गया व केक काटकर एक-दूसरे को खिलाकर अखिलेश यादव के दीर्घायु होने की कामना की गयी। जिला चिकित्सालय एवं जिला महिला चिकित्सालय में मरीजों को फल वितरित कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की गयी। इसके पश्चात् जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में कार्यकर्ताओं द्वारा रक्त दान किया गया। रक्तदान करने वालों में प्रमुख रूप से विधायक राहुल लोधी, शुभम लोहिया, राकेश यादव, विनय यादव, आदर्श भारती, मेराज शम्स, अजीत यादव, बाबू यादव, आशीष सोनी, अनुराग कुमार आदि रहे। सुपर मार्केट रायबरेली में भण्डारा आयोजित कर गरीबों एवं जरूरतमंदों को बड़ी संख्या में भोजन कराया गया। महान सूफी संत महबूब आलम शाह की दरगाह में चादर चढ़ाकर अखिलेश यादव की लम्बी उम्र की दुआयें मांगी गयी। पार्टी कार्यालय में उपस्थित कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव ने कहा कि अखिलेश यादव, किसानों, मजदूरों, छात्रों, नौजवाना, शोषितों व वंचितों को हक व न्याय दिलाने के उ0प्र0 सरकार के मुख्यमन्त्री रहते हुए अनेकों जनकल्याणकारी कार्य किये हैं, जिन्हें वर्तमान में भी आम जनमानस याद कर रहा है। वह समाजवाद के नायक के रूप में पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों (पी.डी.ए.) की मुख्य आवाज हैं, उनके नेतृत्व में लोकसभा के चुनाव में विघटनकारी भाजपा पर अंकुश लगाने का ऐतिहासिक कार्य हुआ है, परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश में इण्डिया गठबन्धन के 43 सांसद जीतने में सफल हुए। इस अवसर पर विधायक श्याम सुन्दर भारती, ओपी यादव, आर.पी. यादव, दिग्वांवर सिंह, राम विलास यादव, शशिकान्त शर्मा, अरशद खान, रज्जू खान, सरफराज राईनी, मुकेश रस्तोगी सुरेश निर्मल, सुरेश पटेल, मो0 फहीम, जगतपाल यादव, मुनेश्वर पासी, संदीप शुक्ला, राजेश मौर्या, मो0 हसीन, ब्रजेन्द्र चौधरी, पुत्तन सिंह यादव, विनायक सोनकर, कल्लू चौधरी, राजेन्द्र यादव, उमाशंकर चौधरी, मिश्रीलाल चौधरी आदि ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रीमती जूही सिंह, शिवदुलारी, पूनम मौर्या, अरूण प्रताप 'पप्पू', बुधेन्द्र सोनकर, इरफान चिग्गु, नीजेश यादव, आई. जावेद, इम्तियाज हुसैन, इजहार खान 'अज्जू', अविनाश यादव, रमेश मौर्य, जेपी यादव, पुजारी यादव, छोटेलाल यादव, सचिन यादव, आलोक विक्की, अखिलेश माही, विनय यादव मलिकमऊ, सुरेश पासी, राजू कमाली, छविनाथ यादव, सतीश महाजन, मो0 कैफ, अशोक गुप्ता, घनश्याम यादव, शिववरन यादव, सुरजीत यादव, विकास मौर्य, राम सुमेर, कुलदीप, आलोक, शिव नरायन सोनकर, समरज यादव, देवतादीन, ब्रजेन्द्र चौधरी, भूपेन्द्र सिंह, भीम सिंह, भारत लाल यादव, श्रीमती सोनी भारती, नैय्यर इस्लाम, देशराज यादव, विनोद यादव, संजय यादव, नरेन्द्र यादव, जगदेव यादव, चन्द्र प्रकाश आजाद, अरविन्द चौधरी आदि लोग उपस्थित रहे।

# पौधरोपण कर जिलाधिकारी ने 'वन महोत्सव' का किया शुभारंभ

**वर्षाकाल में अधिक से अधिक पौधरोपण करने व उनके संरक्षण की अपील की**

जन एक्सप्रेस। अमेठी



**एक पेड़ मां के नाम**, पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ जन अभियान के अंतर्गत **वन महोत्सव** का शुभारंभ सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी निशा अनंत ने पौधरोपण कर किया। इस अवसर पर अपरजिलाधिकारी अर्पित गुप्ता सहित अन्य ने भीपौधरोपण कर जनसामान्य से इस वर्षाकाल में अधिक से अधिक पौधरोपण करने एवं उनका संरक्षण करने की अपील किया।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने समस्त जनपदवासियों से इस वर्षा काल में अधिक से अधिक पौधों को लगाने एवं उनकी देखभाल करने की अपील किया। डीएम ने कहा कि वन महोत्सव एक से सात जुलाई तक चलाया जाएगा। इस बार लगभग 43 लाख पौधारोपण का लक्ष्य जनपद को दिया गया है।जिसके अनुसार पौधरोपण के कार्यक्रम आयोजित कर पौधरोपण किया जाएगा। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी ने अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिक से अधिक पौधरोपण करें, पौधों के महत्व को समझें तथा इनका संरक्षण करें, पौधरोपण करते हुए मेरी लाइफ पोर्टल पर भी अपलोड कर इस महा अभियान का हिस्सा बने, जल संरक्षण हेतु अपील करते हुए कहा कि इस वर्षा काल में होने वाली वर्षा जल का संचयन करने हेतु जन सामान्य को जागरुक करें।

# श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ भैरवनाथ मंदिर श्री पंच मुखेश्वर महादेव के प्रांगण में शुरू हुआ

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



**लालगंज।** आज से लालगंज में सराफा मंडी श्री भैरवनाथ मंदिर श्री पंच मुखेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में श्री राम कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ यह कथा संगीत में श्री राम कथा है यह जानकारी देते हुए कथा के प्रमुख संयोजक समाजसेवी भाजपा नेता शिशु मंदिर के प्रबंधक पूर्व सभासद कैलाश वाजपेई ने बताया कि श्री राम कथा को सुनने का अवसर हम सबको मिल रहा है श्री राम कथा भरथना के प्रसिद्ध विद्वान कथावाचक पंडित राकेश धर शास्त्री के मुखार बिंदु से होने जा रही है और शुरू हुई भगवान श्री राम की पावन कथा के कार्यक्रम के अनुसार आज प्रथम पहर में पूजा अर्चना हुई और सुंदरकांड का पाठ किया गया उसके बाद सायं काल 7:00 बजे से 10:00 बजे तक प्रतिदिन यह श्री राम कथा का सुंदर वर्णन किया जाएगा वाजपेई जी ने लालगंज नगर के सभी लोगों से अपील की श्री राम कथा को सुनने और ज्ञान लाभ लेने के लिए अवश्य आए कथा को जरूर सुने।

# स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत सभी विद्यालयों में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम

**जिलाधिकारी ने बच्चों को तिलक लगाकर, स्कूल बैग, कॉपी-किताब, स्टेशनरी भेंट कर किया स्वागत**

जन एक्सप्रेस। अमेठी



सोमवार को बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत सभी विद्यालयों में स्वागत, प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी क्रम में कंपोजिट विद्यालय पचेहरी में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी निशा अनंत ने पहले से पंजीकृत छात्र-छात्राओं तथा नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर स्कूल बैग, कॉपी किताब, स्टेशनरी भेंट कर स्वागत किया। जिलाधिकारी के हाथों स्कूल बैग, कॉपी किताब स्टेशनरी पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।इस अवसर पर डीएम ने उपस्थित बच्चों व उनके अभिभावकों को बधाई दी। और बच्चों से पढ़ाई के संबंध में जानकारी ली तथा उनसे पहाड़ा, कविता, सवाल इत्यादि पूछा तथा भविष्य में बड़े होकर क्या बनेंगे?इसकी भी जानकारी ली।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि आप अपने बच्चों को जरूर पढ़ाएं, पढ़ाई आपके घर परिवार की ही नहीं बल्कि देश को भी आगे बढ़ाने में जरूरी है।स्कूल के साथ-साथ बच्चों को घर पर भी ध्यान दें क्योंकि छोटे बच्चों को शुरू से ही ध्यान देने की आवश्यकता होती है।

उन्होंने उपस्थित शिक्षकगणों से कहा की बच्चों को सभी विषयों की जानकारी दें। पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद के कार्यक्रम आयोजित कराएं। बच्चों को जो खाने में दें।उसे एक बार चेक कर लें बच्चों को गुणवत्तापूर्ण खाना उपलब्ध कराएं। बच्चों को एक विजन दें जो उनके अंदर काबिलियत है। उसे निखारें, बच्चों को कुछ बनने का सपना दिखाएं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पच्चीस सितंबर शिक्षक दिवस से पूर्व कक्षा 5 से 8 तक के बच्चों की एक परीक्षा आयोजित कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने कहा कि आज बच्चों का विद्यालय में आने का पहला दिन है। यह दिन बहुत यादगार होता है। उन्होंने कहा कि इस विद्यालय में 370 बच्चे हैं। इनमें से 53 बच्चों का नया पंजीकरण हुआ है। विद्यालय में 19 पैरामीटर पर सभी कार्य कराए गए हैं। विद्यालय में स्मार्ट क्लास के माध्यम से भी बच्चों की पढ़ाई होती है। उन्होंने बताया कि पन्द्रह जुलाई तक स्कूल चलो अभियान चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत अभियान चलाकर बच्चों का स्कूल में नामांकन कराया जाएगा। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि अपने आसपास के बच्चों का भी नामांकन कराएं। उन्होंने बताया कि अभिभावकों के खाते में डीबीटी के माध्यम से रुपए बारह सौ की धनराशि ड्रेस खरीदने हेतु भेज दी गई है। कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी ने विद्यालय प्रांगण में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ रमेश सिंह ने किया। इसके साथ ही मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने कंपोजिट विद्यालय धनी जलालपुर में, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने प्राथमिक विद्यालय पूरे अहिरन माधवपुर,अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा ने कंपोजिट विद्यालय दरपीपुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने प्राथमिक विद्यालय सैंठा तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा आज स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत विद्यालयों में जाकर छात्रों एवं छात्राओं को रोली टीका लगाने के साथ ही उन्हें स्कूल बैग, कॉपी किताब व स्टेशनरी का वितरण किया गया। तथा विद्यालय प्रांगण में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत जनपद के सभी विद्यालयों में फूल, पत्तों, रंगोली, गुब्बरों आदि से सजाया गया। तथा विद्यालय आने वाले बच्चों को रोली, टीका लगाकर स्वागत किया गया।

# स्वदेशी कलारीपयट्टू मार्शल आर्ट समर कैंप में बच्चों ने मचाया धमाल, धूमधाम से हुआ समापन

जन एक्सप्रेस। रायबरेली




मोती लाल नेहरु स्टेडियम में पिछले 3 दिनों से चल रहे स्वदेशी कलारीपयट्टू मार्शल आर्ट समर ट्रेनिंग कैंप का रविवार को समापन हो गया। इस अवसर पर बच्चों ने अपनी प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। एक से बढ़कर एक शानदार प्रदर्शन देख अभिभावक भी दांतों तले अंगुली दबा बैठे। समर कैंप में कलारीपयट्टू एक्सरसाइज, स्त्रांच, चुवाडुकल, मेयपयट्टू, उर्मी, लाठी, तलवार ढाल आदि सिखाए गए। इस कैंप में रायबरेली मार्शल आर्ट एकेडमी के 13 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इन 3 दिनो मे खिलाड़ियों ने सुबह शाम 3-3 घंटे तक अभ्यास किया। कैम्प समापन के दौरान मुख्य अतिथि अजय सिंह चंदेल द्वारा बच्चों को मेडल व सार्टिफिकेट देकर सम्मानित किया और कहा कि कैंप के इन दिनों खिलाड़ी कलारीपयट्टू मार्शल आर्ट आत्मरक्षा के लिए आत्मनिर्भर बनने के लिए खुद को तैयार कर रहे हैं। इनको तैयार करने का बीड़ा प्रशान्त सिंह और आशीष जायसवाल ने उठाया है जो इन बच्चों को स्वदेशी कलारीपयट्टू मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण देकर ना केवल मानसिक बल्कि शारीरिक तौर पर भी मजबूत बना रही हैं। अभिभावक खुद अपने बच्चों को इसके लिए प्रेरित कर रहे हैं. इस प्रशिक्षण का उद्देश्य बच्चों को आत्मरक्षा के लिए तैयार करना और उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनाना है। इस मौके पर संरक्षक कलारीपयट्टू एसोसिएशन रायबरेली राजीव कुमार अग्रवाल ने बताया कि ने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इस कैंप के माध्यम से बच्चों ने 03 दिन में जो सीखा उसका आगे भी वह बेहतरीन प्रदर्शन करते रहेंगे। इस मौके पर कलारीपयट्टु एसोसिएशन अध्यक्ष राकेश कुमार गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में बच्चों ने कैंप में सीखी हुई विभिन्न प्रतिभाओं को अभिभावकों और अन्य अतिथिगण के समक्ष प्रस्तुत किया जो कि बहुत सराहनीय है। वहीं कलारीपयट्टू एसोसिएशन रायबरेली सचिव प्रशांत सिंह ने बताया कि बच्चों ने समापन अवसर पर मेपयट्टू की कलाओं का प्रदर्शन किया तो वहां मौजूद हर व्यक्ति दंग रह गया। छोटे बच्चे ऐसे करबत कर सकते हैं यह उन्होंने स्वयं कैंप के समापन पर देखा और कहा कि आगे भी जिले में ऐसे कैम्प आयोजित करते रहेंगे। ओम नगर पीएसी स्थित रायबरेली मार्शल आर्ट एकेडमी कोच एवं कलारीपयट्टु एसोसिएशन रायबरेली कोषाध्यक्ष आशीष जायसवाल ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने में शक्ति प्रताप सिंह, मुन्ना लाल साहू सर आदि का विशेष सहयोग रहा। इंडियन बाज स्पोर्ट्स अकेडमी लखनऊ से आए हुए कलारीपयट्टू ट्रेनर सनी रावत और सैय्यद अय्यूब ने अपनी अद्भुत प्रतीभा का शानदार प्रदर्शन दिया जिसमे मेयपयट्टू, लाठी, उर्मी, तलवार ढाल, डबल हैंड उर्मी आदि का डिमॉन्सट्रेशन दिया। कैंप में बच्चों ने जो सीखा उसका बखूबी प्रदर्शन किया। कैंप में बच्चों बताया गया कि कैसे वह पढ़ाई के साथ-साथ अपनी पसंद स्वदेशी कलारीपयट्टू मार्शल आर्ट के खेल में अपना बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। इस कैंप में पार्टिसिपेट करने वाले खिलाड़ी प्रतीक सिंह, अनुप्रिया मौर्या, वैभवी केसरी, आराध्या शुक्ला, रागी सिंह, अविका, श्रेया कौशल, प्रानवी शुक्ला, आद्या झा, आर्यन जायसवाल, विराट सिंह, आदित्य प्रताप सिंह आदि । इस मौके पर कराटे कोच रीतिका गुप्ता व युवराज सिंह मौजूद रहे। समापन समारोह में खिलाड़ियों के अभिभावक डॉ रमेश कुमार, रमेश कुमार शुक्ला, अविनाश जायसवाल, पन्ना लाल कौशल, मौसम शुक्ला, डॉ रमेश कुमार, अनूप मौर्या, किशोरी शरण सिंह मौजूद रहे।

# रामलला को लगया जा रहा है रत्नजड़ित चंदन का तिलक

जन एक्सप्रेस। अयोध्या



इस व्यवस्था से पुजारी खुश नहीं हैं। उनका कहना है कि चंदन घिसकर माथे पर तिलक लगाने की परंपरा ज्यादा उचित है।

राममंदिर में विराजमान बालक राम की सेवा रामानंदीय पद्धति से पूरे वैभव के साथ की जा रही है। रामलला का श्रृंगार रोजाना सोने-चांदी से जड़ित आभूषणों से किया जाता है। इसी क्रम में रामलला के माथे पर रत्नजड़ित चंदन का तिलक लगाया जा रहा है। यह तिलक अलग से बनवाया गया है, रोजाना इसे रामलला के माथे पर लगाया जाता है। हालांकि इस व्यवस्था से पुजारी खुश नहीं हैं। उनका कहना है कि चंदन घिसकर माथे पर तिलक लगाने की परंपरा ज्यादा उचित है। राममंदिर के एक पुजारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला के माथे पर रोजाना चंदन घिसकर फिर तिलक किया जाता था। इसमें केसर आदि भी मिला होता था। इससे रामलला का मुखमुंडल खिल उठता था, लेकिन अब रामलला के माथे पर रत्नजड़ित चंदन लगाया जाता है। हालांकि उत्सव मूर्ति के रूप में विराजमान रामलला समेत चारों भाईयों को चंदन घिसकर ही तिलक लगाया जाता है। इसके पीछे का कारण पुजारी ने स्पष्ट नहीं किया लेकिन इतना जरूर कहा कि चंदन घिसकर रामलला के माथे पर तिलक लगाने से रोका गया है।

राममंदिर में प्रशिक्षित पुजारियों की तैनाती की जाएगी। इसके लिए पिछले छह माह से 20 पुजारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा था। इन सभी पुजारियों को रामलला की सेवा-पूजा में शामिल कर उन्हें पूजन की आचार संहिता समझाने का काम रामलला के मुख्य अर्चक कर रहे थे। अब इनका प्रशिक्षण पूरा हो गया है। इन्हें एक-दो दिन में प्रमाण पत्र देकर राममंदिर की पूजा में लगाया जाएगा। राममंदिर परिसर में बनने वाले अन्य मंदिरों की पूजा के लिए इन्हीं में से पुजारी नियुक्त किए जाएंगे।

# विद्यालयों में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं का जिलाधिकारी ने किया स्वागत

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

मा0 मुख्यमंत्री जी के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने 01 जुलाई 2024 को नवीन सत्र मे नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के स्वागोत्सव कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय हरदासपुर, विकास क्षेत्र अमावां मे पहुंचकर तिलक लगाकर, फूल माला पहनाकर तथा मिष्ठान खिलाकर उनका स्वागत किया गया।

जिलाधिकारी ने बच्चों को शिक्षा का महत्व समझाते हुए उन्हें नियमित रूप से विद्यालय आने और अपने पठन-पाठन में रुचि लेने के साथ व्यायाम की भी शिक्षा लेने के लिए प्रेरित किया। बच्चों ने जिलाधिकारी के समक्ष डिजिटल उपकरणों यथा टेबलेट आदि को भी ऑपरेट करके दिखाया। जिसके लिए जिलाधिकारी ने उनकी प्रशंसा भी की। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी विद्यालय के स्टाफ के साथ बच्चों को भी संचारी रोगों के रोकथाम के लिए किए जाने उपायों के लिए शपथ दिलाई।

स्वगोत्सव कार्यक्रम मे प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक ओंकार राणा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेन्द्र प्रताप सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी राही बृज लाल व विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

# स्कूल चलो अभियान की डीएम ने प्राथमिक विद्यालय हरदासपुर से की शुरूआत

जन एक्सप्रेस। रायबरेली




गर्मियों की छुट्टियों के बाद सोमवार से बच्चों के लिए विद्यालय खुल गए। समर कैंप के बाद सोमवार से खुले विद्यालयों में अधिकारियों ने पहुँचकर बच्चों का स्वागत किया। आज मुख्य कार्यक्रम का आयोजन अमावां ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय हरदासपुर में आयोजित किया गया। जहां पर जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, सीडीओ, डीआईओएस, बीएसए सहित अन्य अधिकारियों ने पहुँचकर बच्चों का स्वागत किया। बता दें, बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक और जूनियर विद्यालयों में आज 1 जुलाई से बच्चों की पढ़ाई शुरू हो गई है। स्कूल चलो अभियान की शुरूआत भी हो चुकी है।

प्राथमिक विद्यालय हरदासपुर पहुँचकर अधिकारियों ने विद्यालय पहुंचे बच्चों का गेट पर स्वागत किया और उनको तिलक लगाया। इस दौरान उन्होंने ने अपने हाथों से बच्चों को चाकलेट और टाफी भी वितरित की। बच्चों का तिलक लगाकर, माला पहनाकर और टॉफी देकर स्वागत किया गया। बच्चे जब क्लास में पहुंचे तो उनको निशुल्क किताबों के सेट दिए गये। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कहा कि प्रदेश सरकार तमाम तरह की सुविधायें परिषदीय विद्यालयों में दे रही है। बच्चे अधिक से अधिक विद्यालय आए इसका भी ध्यान रखा जा रहा है। लेकिन बच्चे पढ़ लिखकर निपुण बनें ये जिम्मेदारी शिक्षकों की है। स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में शिक्षकों का अहम रोल है।

डीआईओएस ओमकार राणा ने इस दौरान बच्चों से नियमित स्कूल आने की अपील की और शिक्षा का महत्व भी बताया। इस मौके पर शिक्षकों कहा गया कि एक भी बच्चा नामांकन से छूटने आये और सभी बच्चे नियमित पढ़ाई करें इसका विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण भोजन भी दिया जा रहा है। उन्होंने निर्देशित किया कि बच्चों को भोजन नियमित मेन्यू के अनुसार ही दिया जाये। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि विद्यालय में एक शैक्षिक माहौल बहुत जरूरी है। बच्चों को जब एक बेहतर माहौल मिलता है तो उनका रोज विद्यालय आने का मन करता है। उन्होंने कहा कि हम जो पढ़ा रहे हैं वह बच्चों को समझ में आना चाहिए ये हमारी मुख्य जिम्मेदारी है। इस मौके पर बीईओ बृजलाल, रिचा सिंह, प्रधानाध्यापक मीना तिवारी, अमित मिश्रा, प्रीति, श्वेता, पायल आदि लोग मौजूद रहे।

## विद्यालय में संचारी रोग नियंत्रण अभियान शुरू

**रायबरेली।** शहर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय बालिका किला नगर क्षेत्र में सोमवार को बच्चों का स्वागत और संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ किया गया। प्रधानाध्यापक डॉ. शांति अकेला के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जिला सहायक मलेरिया अधिकारी अनिल क्रिस्टोफर मेसी और फाइलेरिया निरीक्षक अरुण भारती रहे। अतिथियों ने स्वच्छता के प्रति विशेष रूप से जागरूक रहने के लिए कहा तथा बरसात के प्रारंभ में होने वाले विभिन्न संचारी रोगों से बचाव हेतु सावधानी के बारे में बताया तथा बच्चों से फुल आस्तीन के कपड़े पहने विशेष कर मच्छरों से बचाव हेतु सावधानी बरतनी के लिए कहा ढ्ढ कार्यक्रम में शिक्षक आशीष तिवारी, सपना द्विवेदी, ज्योत्सना गुप्ता, प्रियंका श्रीवास्तव, जागृति, नेहा, शगुन सोनाली, शिफा आफरीन आदि लोग मौजूद रहे।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 37°C | 29°C |
| कानपुर | 32°C | 29°C |
| देहरादून | 30°C | 30°C |
| नई दिल्ली | 33°C | 34°C |

# अभिनव शैक्षणिक गतिविधियों पर राज्यपाल का बल

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज यहाँ राजभवन के प्रज्ञाकक्ष में डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के नैक हेतु तैयार एस.एस.आर. रिपोर्ट की समीक्षा बैठक की, जिसमें नैक के सभी क्राइटेरिया, शिक्षण-प्रशिक्षण प्रकिया, अनुसंधान, नवाचार, बुनियादी ढाचे, छात्र समर्थन और सामुदायिक सेवा आदि पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। राज्यपाल ने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए नई और अभिनव शैक्षणिक गतिविधियों को अपनाने तथा अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए संसाधनों का अधिकतम उपयोग करने का निर्देश दिया। विश्वविद्यालय के बुनियादी ढाचे को और अधिक सुदृढ़ और सुविधाजनक बनाने पर जोर देते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूरा कराये जाने चाहिए। इसके लिए विश्वविद्यालय को स्वयं प्रयास करना चाहिए, जनता का पैसा बर्बाद नहीं होना चाहिए। राज्यपाल ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए विश्वविद्यालय को अपने संसाधनों का उपयोग कर आंगनवाड़ी में पढ़ने वाले बच्चों के लिए विश्वविद्यालय के भवन में एक्स्ट्रा करिकुलम एक्टिविटीज का आयोजन करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इससे उनकी रचनात्मकता में वृद्धि और कौशल में सुधार होगा। इसके साथ ही राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालय को छात्रों के लिए प्रशासनिक तथा नामांकन प्रक्रियाओं को सरल और स्पष्ट बनाने का निर्देश दिया। कहा कि युवा पीढ़ी को अपने माता-पिता और बुजुर्गों के प्रति अधिक संवेदनशील और जिम्मेदार बनाने के लिए राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालय को निर्देश दिया कि विश्वविद्यालय अपने छात्रों को इसके लिए तैयार करें। छात्रों को वृद्धाश्रम का भ्रमण करायें। जब छात्र देखेंगे कि कैसे कुछ लोग अपने माता-पिता को असहाय स्थिति में अकेला छोड़ देते हैं तो उनके अंदर संस्कार तथा सेवा का भाव जाग्रत होगा। अच्छे विचार सभी दिशाओं से आने के लिए विश्वविद्यालय के द्वार हमेशा खुले होने चाहिए, जिसका मुख्य उद्देश्य ज्ञान का प्रसार, और समाज में सकारात्मक बदलाव लाना है। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा डॉ. पंकज एल. जानी, विश्वविद्यालय की नैक टीम के सभी सदस्य तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# फसल अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्रों के लिए मोदी-योगी सरकार ले आई अनुदान योजना

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

अन्नदाता किसान मोदी-योगी की डबल इंजन सरकार की प्राथमिकता में हैं। किसानों के लिए चलाई गई अनेक योजनाओं के माध्यम से सरकार इसे साबित भी कर रही है।

इस कड़ी में अब प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेज्ड्यू, (सी.आर.एम.) योजना के तहत फसल अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्रों पर अन्नदाता किसानों को अनुदान का अवसर उपलब्ध कराया गया है। इसके तहत दो जुलाई से किसान ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

**16 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे किसान**

प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेड्ज्यू (सी.आर.एम.) योजना के तहत कृषि यंत्रों-सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम (सुपर एस.एम.एस), हैप्पी सीडर/स्मार्ट सीडर, सुपर सीडर, पैडी स्ट्रा चोपर/श्रेडर/मल्चर, श्रब मास्टर/रोटरी स्लैशर, सरफेस सीडर, हाइड्रोलिक रिवर्सिबल एम.बी. प्लाऊ, बेलिंग मशीन, स्ट्रा रेक, जीरो टिल सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल, क्रॉप रीपर ट्रैक्टर माउंटेड/सेल्फ प्रोपेल्ड, सेल्फ प्रोपेल्ड रीपर कम बाइंडर एवं कस्टम हायरिंग सेंटर के आवेदन के लिए दो जुलाई को दोपहर 12 बजे से 16 जुलाई की रात्रि 12 बजे तक बुकिंग कर सकते हैं।

विभागीय दर्शन पोर्टल https://www.agriculture.up.gov.in पर यंत्र पर अनुदान हेतु टोकन निकालें लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। आवेदन के लिए बुकिंग किए जाने के लिए विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध मोबाइल नंबर पर ओ.टी.पी. प्राप्त होगा। आवेदक द्वारा एक मोबाइल नंबर से ही आवेदन किया जा सकेगा। इसके लिए अपना अथवा ब्लड रिलेशन सदस्यों के मोबाइल से ही आवेदन मान्य होगा, जिसकी सत्यापन के समय पुष्टि भी की जाएगी।

**फसल अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्रों के आवेदन के लिए बुकिंग प्रक्रिया**

कृषक परिवार (पति अथवा पत्नी में कोई एक) द्वारा एक वित्तीय वर्ष में प्रमोशन ऑफ एग्रीकल्चरल मैकेनाइजेशन फॉर इन-सीटू मैनेजमेंट ऑफ क्रॉप रेज्ड्यू योजना के तहत निर्धारित यंत्रों में से एक या एक से अधिक प्रकार के यंत्र लिए जा सकते हैं। फसल अवशेष प्रबंधन वाले कृषि यंत्रों पर अधिकतम 50 फीसदी व कस्टम हायरिंग सेंटर पर अधिकतम 80 प्रतिशत तक अनुदान प्राप्त होगा।

## फास्ट फॉरवर्ड

### ऑल इंडिया पयाम ए इंसानियत फोरम ने कराया रिक्शा चालक का ऑपरेशन

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** ऑल इंडिया पयाम ए इंसानियत फोरम लखनऊ ने एक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए रिक्शा चालक का लखनऊ के बलरामपुर अस्पताल में ऑपरेशन कराया। बताते चलें कि बृजेश कुमार निवासी दासापुरवा गाँव थाना मानपुर जिला सीतापुर अपने परिवार के भरण पोषण हेतु लखनऊ में रिक्शा चलाता है। गत दिवस उस को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। जिस से वो गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस दुर्घटना में उस का हाथ बुरी तरह से टूट गया था। जिस का तत्काल ऑपरेशन होना था ऐसे में ऑल इंडिया पयाम ए इंसानियत फ़ेरम के चौधरी शफीक ने उस को घायलवस्था में बलरामपुर अस्पताल पहुँचाया जहाँ उस के हाथ का डॉ0 अजय यादव ऑर्थोपेडिक सर्जन ने सफ्ल ऑपरेशन किया इस में तकरीबन 8000-रु का खर्च आया जो ऑल इंडिया पयाम ए इंसानियत फ़ेरम ने वहन किया। इस दौरान अस्पताल के अधीक्षक और निदेशक डॉ0 पवन कुमार अरुण , डॉ0 ऐन0 बी0 सिंह मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 हिमांशु चतुर्वेदी चिकित्सा अधीक्षक, पूर्व डायरेक्टर डॉ0 राजीव लोचन मौजूद रहे। सभी ने ऑल इंडिया पयाम ए इंसानियत फोरम के इस कार्य की तारीफ करते हुए कहा कि इस तरह के कार्य सिर्फ मानवता में सच्ची आस्था रखने वाले लोग ही कर सकते हैं। इस संस्था के कार्यो की जितनी भी सराहना करिये उतना कम है।

### मायावती ने अखिलेश यादव को जन्मदिन की दी बधाई, परिवार वालों को भी इस अवसर की दिली मुबारकबाद



**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती समेत कई नेताओं ने सोशल मीडिया के जरिए समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिले यादव को यादव को जन्मदिन की बधाई दी है। मायातवी ने ट्वीट कहा कि समाजवादी पार्टी के प्रमुख, उत्तर प्रदेश के पूर्व सीएम व सांसद अखिलेश यादव को आज उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई एवं उनके लम्बी उम्र की शुभकामनायें। उनके परिवार वालों को भी इस अवसर की दिली मुबारकबाद। वहीं सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेंद्र चौधरी ने कहा कि पार्टी के कार्यकर्ता पौधारोपण कर सादगी से जन्मदिन मना रहे हैं। उन्होंने कहा, ''सोमवार से प्रदेशव्यापी 'पीडीए पौधारोपण' कार्यक्रम शुरू हो गया है और यह सात जुलाई तक चलेगा। कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश के हर गांव में किया जा रहा है जिसके तहत बरगद, पीपल और नीम के पौधे पीडीए वृक्ष के रूप में लगाए जाएंगे। समाजवादी पार्टी (सपा) के कार्यकर्ता सोमवार को पूरे प्रदेश में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन मना रहे हैं। इस दौरान उन्होंने पौधे लगाए, भंडारे आयोजित किए, रक्तदान किया और अन्य तरीकों से इस दिन को मनाया। यादव का जन्म एक जुलाई 1973 को हुआ था।

### नीट परीक्षा का स्थाई समाधान निकालना बहुत जरूरी, नीट पर बवाल के बीच बोलीं मायावती

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने नीट परीक्षा में व्याप्त अनिश्चितता पर चिंता जाहिर करते हुए समस्या का स्थाई समाधान निकालने की मांग की है। मायावती ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट किया कि देश में समय-समय पर होने वाली विभिन्न परीक्षाओं की पवित्रता के साथ ही वर्तमान में खासकर मेडिकल की नीट-यूजी एवं पीजी परीक्षाओं को लेकर जो अनिश्चितता बनी हुई है उससे लोगों में बेचौनी, चिन्ता व आक्रोश की लहर स्वाभाविक, जिसका शीघ्र सही स्थाई समाधान निकालना बहुत ही जरूरी। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, बसपा सुप्रीमो मायावती ने अपने अगले ट्वीट में लिखा कि वैसे आल इण्डिया ही नहीं बल्कि यूपी समेत राज्यों में होने वाली परीक्षाओं में पेपर लीक व सरकारी भर्तियों में भ्रष्टाचार का मामला भी अति-गंभीर, दुःखद व चिन्तनीय। इन समस्याओं के प्रति किसी प्रकार की सरकारी लापरवाही और न ही राजनीति उचित बल्कि इसकी रोकथाम के लिए सख्त कदम आवश्यक।

### लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता बने मध्य कमान के सेनाध्यक्ष, संभाला पदभार

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता मध्य कमान के नए सेनाध्यक्ष बन गए हैं। उन्होंने सोमवार को अपना कार्यभार संभाला। ले. जनरल गुप्ता ने ले. जनरल एन एस राजा सुब्रमणि का स्थान लिया है। ले. जनरल सुब्रमणि भारतीय सेना के उपसेनाध्यक्ष बने हैं। कमान संभालने पर लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने लखनऊ छावनी स्थित मध्य कमान युद्ध स्मारक स्मृतिका पर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने गार्ड ऑफ ऑनर की भी समीक्षा की। उन्होंने मध्य कमान के सभी रैंकों, परिवारों और नागरिक कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं और अपने पूर्ववर्तियों के उत्कृष्ट कार्यों को आगे बढ़ाने और हर समय मध्य कमान की परिचालन तत्परता सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खड़कवासला और भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून के पूर्व छात्र रहे लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता को जून 1987 में पंजाब रेजिमेंट में नियुक्त किया गया था। वह डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन, आर्मी वॉर कॉलेज, महू और राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज के भी पूर्व छात्र रहे हैं। अपने 36 वर्षों से अधिक के सैन्य करियर में, उन्हें पीस और फील्ड दोनों में प्रमुख कमान और स्टाफ नियुक्तियों का गौरव प्राप्त है।

# लाभदायक सिद्ध होंगे तीन नए आपराधिक कानून: प्रो. सी.पी. सिंह

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**




कुलाधिपति श्री सतीश चंद्र मिश्र, प्रति कुलाधिपति श्री कपिल मिश्र एवं कुलपति डॉ. प्रशांत त्रिवेदी के मार्गदर्शन में टी. एस. मिश्रा विश्वविद्यालय के टी. एस. मिश्रा लॉ स्कूल द्वारा एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक स्थित कॉन्फ्रेंस भवन में 1 जुलाई , 2024 को विषय- ÷भारत में आपराधिक कानूनों की बदलती गतिशीलता- तीन नवीन आपराधिक कानूनों का आगमन÷ पर पहला भाषण आयोजित कराया गया। कार्यक्रम में वक्ता के रुप में लॉ स्कूल के डीन प्रोफेसर (डॉ.) सी. पी. सिंह ने विषय से संबंधित कई पहलुओं पर प्रकाश डाला, उनका सहयोग करते हुए विभाग की डॉ. शिप्रा मिश्रा एवं सुश्री. अन्नपूर्णा त्रिवेदी ने कार्यक्रम का संचालन किया। प्रो. सिंह ने अपने भाषण में सभी को संबोधित करते हुए देश में लागू हुए तीन नए कानूनों के लाभ बताए। उन्होंने बताया कि नए कानून के मुताबिक, आपराधिक मामलों में सुनवाई समाप्त होने के 45 दिनों के भीतर निर्णय आएगा। पहली सुनवाई के 60 दिनों के भीतर आरोप तय किए जाएंगे, सभी राज्य सरकारों को गवाहों की सुरक्षा और सहयोग सुनिश्चित करने के लिए गवाह सुरक्षा योजना लागू करना होगा। बलात्कार पीड़िताओं के बयान महिला पुलिस अधिकारी की ओर से पीड़िता के अभिभावक या रिश्तेदार की मौजूदगी में दर्ज किए जाएंगे, मेडिकल रिपोर्ट सात दिनों के भीतर पूरी होनी चाहिए। कानून में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों पर एक नया अध्याय जोड़ा गया है, इसमें बच्चे को खरीदना या बेचना जघन्य अपराध की श्रेणी में रखा गया है, जिसके लिए कड़ी सज़ा का प्रावधान है। इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक संचार के माध्यम से घटनाओं की रिपोर्ट की जा सकेगी, जिससे पुलिस स्टेशन जाने की जरूरत समाप्त हो सकेगी। साथ ही व्यक्ति एफआईआर को अपने अधिकार क्षेत्र वाले थाने के बजाए भी दर्ज़ करा सकता है, अब गंभीर अपराधों के लिए फोरेंसिक विशेषज्ञों का घटनास्थल पर जाना और साक्ष्य एकत्र करना अनिवार्य होगा। लिंग की परिभाषा में अब ट्रांसजेंडर लोग भी शामिल होंगे, जो समानता को बढ़ावा देता है।

# जिलहिज्जा और मुहर्रम दोनों महीना हमें कुर्बानी का जज्बा दिलाता है: आफाक

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राष्ट्रीय सामाजिक कार्यकर्ता संगठन के संयोजक मुहम्मद आफाक ने अपने बयान में कहा कि मुहर्रम उल हराम का महीना बहुत जल्द आने वाला है। इतिहास गवाह है कि जिलहिज्जा बलिदान के साथ पूरा हुआ और मुहर्रम का महीना बलिदान के साथ शुरू हुआ। आगे उपस्थित विद्वानों के संरक्षण में मुहम्मद आफाक ने कहा कि मुहर्रम का महीना इस्लाम की यादों को ताजा करता है, लेकिन मुहर्रम की पहली तारीख से ही कुछ लोगों में शिया-सुन्नी के नाम पर फूट डाल दी जाती है और नफरत का माहौल पैदा किया जाता है। क्या इस्लाम का इतिहास केवल पहली मुहर्रम से लेकर 12वीं रबी उल-अव्वल तक ही है? जबकि रसूल स?, सहाबा र? और अहल-ए-बैत की शिक्षाएं और बातें व्यक्ति के जीवन में जन्म से लेकर मृत्यु तक होनी चाहिए, जब कि केवल तीन माह तक सीमित रहती है। सैय्यद आरिफ मियां नक्शबंदी अशरफी कादरी और शिया उलमा ए, हिन्द के सचिव सैय्यद मौलाना अली हुसैन कुमी रिजवी ने संयुक्त रूप से कहा कि आपकी बात बिल्कुल सही है, लेकिन वह कौन है जो पैगंबर स? और अहल ए बैत के उपदेश मिम्बर पढ़ता है। इस्लामिक नववर्ष के दौरान सदस्यों से खूब बायान भी की जाती है। हम इस बात से कैसे इनकार करते हैं ।

# यूपी विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों में जुटी बीजेपी, हर विधानसभा में लगाई मंत्रियों की ड्यूटी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लोकसभा चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश में 10 विधानसभा सीटों के लिए होने वाले उपचुनाव का सियासी रंग चढ़ने लगा है। दरअसल, 10 सीटों पर जीत के लिए भारतीय जनता पार्टी प्रचार अभियान तेज कर दिया है। इसके लिए संगठन ने विधानसभा वार मंत्रियों की ड्यूटी लगाई है। कटेहरी विधान सभा सीट पर स्वतंत्र देव सिंह और आशीष पटेल को जिम्मेदारी दी गई है। जबिक शीशामऊ विधान सभा सीट पर सुरेश खन्ना को पार्टी ने प्रचार के लिए लगाया है। वहीं मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर सूर्य प्रताप शाही, करहल विधानसभा सीट पर जयवीर सिंह, फूलपुर सीट पर राकेश मझवां सीट पर अनिल राजभर, गाजियाबाद सीट पर सुनील शर्मा, मीरापुर विधानसभा सीट पर अनिल कुमार को जिताने की जिम्मेदारी दी गई है। जिन 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है उनमें से 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा ने 5 सीटें जीती थी जबकि तीन सीटें बीजेपी और एक सीट उसके सहयोगी दलों- निषाद पार्टी और आरएलडी ने जीती थी। आपा को बता दें कि 10 में से 9 सीटें विधायकों के सांसद चुने जाने की वजह से जबकि एक सीट सीसामऊ के सपा विधायक इरफान सोलंकी को अयोग्य ठहराए जाने की वजह से खाली हुई है।लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद इन 10 सीटों पर होना है। राज्य में सरकार चला रही भाजपा की अगुवाई वाला एनडीए और समाजवादी पार्टी की अगुवाई वाला इंडिया गठबंधन उपचुनाव को लेकर अपनी-अपनी रणनीति तैयार करने में जुटे हैं। हालांकि अभी चुनाव आयोग ने तारीखों का ऐलान नहीं किया है। गौरतलब है कि हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों में बीजेपी को 33 सीटों पर जीत मिली है जबकि उसकी सहयोगी आरएलडी ने दो और अपना दल (सोनेलाल) ने एक सीट जीती है। समाजवादी पार्टी ने 37 और इंडिया गठबंधन में ही शामिल कांग्रेस ने 6 सीटों पर जीत हासिल की है। इस उपचुनाव में बीजेपी के सहयोगी दल और कांग्रेस भी कुछ सीटों पर चुनाव लड़ना चाहते हैं।

# डीलरों ने बिना बंटवारे के ही कुछ खातेदारों से खरीद ली पूरी जमीन और अब धोखाधड़ी कर बेच रहे



**पीड़ित परिवार ने किया विरोध तो डीलरों ने मौके पर आने को लेकर मारने पीटने की दी धमकी**

**जन एक्सप्रेस । अभिमन्यु कुमार रावत**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में भू माफिया प्रॉपर्टी डीलरों के आगे क्षेत्रीय शासन प्रशासन नतमस्तक है। जहां एक ओर उत्तर प्रदेश सरकार धोखाधड़ी करने वाले प्रॉपर्टी डीलरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है तो वहीं दूसरी ओर कुछ प्रॉपर्टी डीलर गरीब किसानों से धोखाधड़ी कर उनकी संपूर्ण जमीन पर कब्जा कर प्लाटिंग का कार्य कर रहे हैं। ताजा मामला लखनऊ तहसील क्षेत्र के ग्राम भवानी खेड़ा काकोरी का है जहां पीड़िता आरती पत्नी अनिल राजपूत ने बताया कि हमारे ससुर दीनदयाल व हमारे चचेरे ससुर रामचरन के नाम खसरा संख्या 1834 रकबा करीब 51 विश्वा में से करीब साढ़े आठ विश्वा जमीन है, जिसे परिवार के नन्हकू, स्व0 प्यारेलाल पुत्रगण स्व0 साहेबदीन, सुन्दारा पत्नी नन्हके, स्व0 बेचालाल व स्व0 विश्वनाथ पुत्र राम प्रसाद व स्व0 गुरूचरण पुत्र भूप आदि ने अपने हिस्से की जमीन प्रापर्टी डीलर सत्य प्रकाश स्व0 बाबूलाल लाल निवासी ग्राम भवानी खेड़ा, चन्दन सिंह यादव पुत्र स्व0 सीताराम , प्रदीप उर्फ मास्टर व सर्वजीत को बेची है। पीड़िता ने आरोप लगाते हुए कहा कि उक्त प्रापर्टी डीलर हमारे ससुर व हमारे चचेरे ससुर के हिस्से की करीब साढ़े आठ विश्वा जमीन पर भी कब्जा कर प्लॉटिंग का कार्य कर रहें हैं। जब हम इसका विरोध करते हैं तो उपरोक्त विपक्षी भद्दी-भद्दी गालियाँ देते हैं और कहते हैं कि जमीन पर दिखाई मत देना नहीं तो जान से मार देंगे, उनका कहना है कि मेरा कुछ नहीं होगा क्योंकि मेरी पहुंच बहुत ऊपर तक है। पीड़िता ने यह भी बताया की हमारा मुकदमा लखनऊ तहसील में चल रहा है उसके बावजूद भी हमारी जमीन पर जबरन कब्जा कर कुछ लोगों को जमीन बेचकर जबरन बाउंड्री वॉल का कार्य कर रहें हैं।

'**हमने** 42 बिस्वा जमीन ली है जिस पर हम काबिज हैं अगर उनकी है तो वह अपनी जमीन पैमाइश करा लें और हमने यह जमीन पारिवारिक बंटवारे के हिसाब से ली है, जो लोग यह आरोप लगा रहे हैं वह अगर 2 साल पहले आते तो उनका समाधान हो जाता पर अब हमने जमीन बेचने वालों को पूरा पैसा दे दिया है और पहले आए होते तो उनका पैसा रोक लेता।'

**- सत्य प्रकाश, प्रॉपर्टी डीलर**

# आर्यकुल ग्रुप ऑफ़ कॉलेज में फेयरवेल पार्टी आर्यइति का हुआ आयोजन

## मिस्टर आर्य-इति बी.फार्म चतुर्थ वर्ष के शशांक वर्मा व मिस आर्य-इति बी.जे.एम.सी. तृतीय वर्ष की प्रभलीन कौर को चुना गया

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**




लखनऊ के बिजनौर स्थित आर्यकुल ग्रुप ऑफ़ कॉलेजेस में आर्यकुल कॉलेज ऑफ़ फॉर्मेसी एंड रिसर्च, आर्यकुल कॉलेज ऑफ़ एजूकेशन तथा आर्यकुल कॉलेज ऑफ़ मैनेजमेंट के छात्रों ने अपने सीनियर्स के लिए अंतिम विदाई समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रदेश सह संपर्क प्रमुख सहकार भारती, ब्लू फोर्ट हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड में मुख्य राजस्व अधिकारी और निदेशक विजय कुमार सिंह के साथ आर्यकुल के प्रबंध निदेशक डॉ. सशक्त सिंह, मनोज कुमार सिंह, डॉ. स्मृति सिंह, प्रो. हितैषी सिंह, शुचिता सिंह,अपरिमिता सिंह, प्रवीण सिंह उपस्थित रहे। मिस्टर आर्य-इति बी.फार्म चतुर्थ वर्ष के शशांक वर्मा व मिस आर्य-इति बी. जे.एम.सी. तृतीय वर्ष की प्रभलीन कौर को चुना गया। छात्र–छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रबंध निदेशक डॉ.सशक्त ?ने कहा कि वर्षों की प्रतीक्षा के बाद इंडियन क्रिकेट टीम का ये पल आया और जीत हासिल हुई इससे ये प्रेरणा मिलती है कि केवल कर्म करना ही हमारे हाथ में है, ईश्वर की कृपा, किस्मत या तकदीर भी तब साथ देती है जब हम पूरी मेहनत से अपना कर्म करते है और जिस दिन ये सब मिल जाते है उस दिन हमें सफल होने से कोई रोक नहीं सकता। इसके साथ ही उन्होंने छात्र–छात्राओं को उनकी बेहतरी के लिए कॉलेज से जुड़े रहने तथा प्लेसमेंट सेल से लगातार सम्पर्क बनाएं रखने की राय दी। जिससे सभी बच्चों को सही समय पर प्लेसमेंट हो सके। इसके साथ ही छात्रों द्वारा कई सारे रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिनमें देश के कई राज्यों की झलक देखने को मिली।

छात्रों ने अपने बेहतरीन गानों से कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का मन मोह लिया। नृत्य प्रस्तुति ने तो मानो सबमें एक नई ऊर्जा भर दी हो। रंगारंग कार्यक्रमों में अनुराग, वैष्णवी, इशा, अनामिका, रिचा, वासु, कामतानाथ, विपिन, शिवम, हर्षित, अभिषेक, आदित्य, अमित, अंकित, सुमित, आयुषी, अनुराग, कृतिका, रितेश, आदित्य, पूजा, जतिन, योगेश, प्रियंका, रोशन और हर्ष ने सभी के सामने अपनी विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में आर्यकुल ग्रुप ऑफ कॉलेज के रजिस्ट्रार सुदेश तिवारी, उप रजिस्ट्रार हर्ष नारायण सिंह, फार्मेसी विभाग के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. आदित्य सिंह, फार्मेसी विभाग के एचओडी बी.के. सिंह, प्रबंधन -पत्रकारिता व शिक्षा विभाग की डिप्टी डायरेक्टर डॉ.अंकिता अग्रवाल, शिक्षा विभाग के एचओडी प्रणव पांडेय और मैनेजमेंट के एचओडी डॉ.अब्दुल रब खान के साथ अन्य शिक्षक व स्टाफ उपस्थित रहें।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# सैलानियों का हब बन रहा है उत्तर प्रदेश

**उत्तर प्रदेश में आध्यात्मिक पर्यटन के साथ ही के साथ ही हैरिटेज व ईको टूरिज्म की संभावनाओं को देखते हुए उनके प्रति आकर्षण बढ़ाने की राज्य की ओर से कोशिश तेज की जा चुकी है। उत्तर प्रदेश आने वाले तीर्थयात्रियों और सैलानियों का मनोरंजन हो, उनका ज्ञान बढ़े, अतीत व इतिहास के साथ उन्हें जुड़ने का अवसर प्राप्त हो, इस दिशा में भी काम किए जा रहे हैं। इसे देखते हुए राज्य में उत्तर प्रदेश ईको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड गठित किया जा चुका है। इस दिशा में काम को आगे बढ़ाते हुए लखनऊ में कुकरैल के पास नाइट सफारी बनाया जा रहा है।**

*देश का दिल है उत्तर प्रदेश। भगवान राम और कान्हा की जन्मस्थली इसी प्रदेश में हैं। बाबा भोलेनाथ की नगरी, तीन लोकों में न्यारी काशी नगरी भी इसी प्रदेश में है। नाथ संप्रदाय के प्रमुख गुरू गोरखनाथ की नगरी भी इसी प्रदेश में है। अट्ठासी हजार ऋषियों ने जिस नैमिषारण्य में बैठकर देवताओं में श्रेष्ठ कौन है, जैसे महत्वपूर्ण प्रश्न पर विचार किया था, वह तीर्थस्थल भी इसी प्रदेश में है। और तो और, तीर्थों का तीर्थ प्रयागराज भी उत्तर प्रदेश में ही है। भगवान बुद्ध ने जिस सारनाथ में अपना पहला उपदेश दिया था, वह भी यहीं है। जिस कुशीनगर में उन्होंने निर्वाण लिया, वह भी यहीं है। तीर्थ स्थलों की जहां भरमार हो, वहां सैलानी और तीर्थयात्री ना आएं, तो अचम्भा ही माना जाएगा। ऐसा अचम्भा यहां होता रहा है। लेकिन सात साल के योगी शासन में यहां की स्थिति ऐसी बदली कि अब यहां तीर्थयात्रियों की भरमार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की वजह से वाराणसी में विकसित काशी विश्वनाथ कोरीडोर के बाद तो वाराणसी भी पर्यटन और तीर्थ के मानचित्र में नए सिरे से उभर आया है। यही वजह है कि यहां सैलानियों की बाढ़ आ गई है। राज्य सरकार ने हाल ही में जो आंकड़े जारी किए हैं, उसके अनुसार पिछले साल राज्य में 48 करोड़ पर्यटक आए थे। यह संख्या राज्य की कुल आबादी की दोगुनी से दो करोड़ ज्यादा है। दुनिया में जहां भी पर्यटन ज्यादा है, वहां सबसे ज्यादा सैलानी सैर-सपाटे के लिए आते हैं। जबकि उत्तर प्रदेश आने वाले ज्यादातर पर्यटक आध्यात्मिक पर्यटन के लिए आए थे। साल 2023 में अकेल काशी आने वाले तीर्थयात्रियों और सैलानियों की संख्या 10 करोड़ से अधिक थी। जबकि मथुरा-वृंदावन में साढ़े सात करोड़ और अयोध्या में पांच करोड़ से ज्यादा पर्यटक पिछले साल आए। 500 वर्षों के बाद अयोध्या में श्रीराम के विराजमान होने के बाद यहां आने वाले तीर्थयात्रियों की संख्या कई गुना बढ़ गई है। यहां प्रतिदिन करीब डेढ़ से दो लाख पर्यटक आ रहे हैं। इन तथ्यों से राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का उत्साहित होना स्वाभाविक है। तीर्थयात्रियों और आम सैलानियों में एक अंतर होता है। आम सैलानियों की तुलना में तीर्थयात्री प्रकृति और ईश्वर के प्रति अलग तरह की आस्था रखते हैं। शायद यही वजह है कि अब योगी सरकार राज्य में इको टूरिज्म की संभावनाओं में राज्य का भविष्य देखने लगी है। ऐसी संभावनाओं वाले तीर्थस्थलों में सबसे ज्यादा लखनऊ के नजदीक हैं। जिनमें नैमिषारण्य और चित्रकूट हैं। इसी तरह शुकतीर्थ, विंध्यवासिनी धाम, मां पाटेश्वरी धाम, मां शाकंभरी धाम सहारनपुर, बौद्ध तीर्थ स्थल कपिलवस्तु, सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती, संकिसा, जैन व सूफी परंपरा से जुड़े स्थलों में भी आध्यात्मिक तीर्थाटन की संभावनाएं ज्यादा है। उत्तर प्रदेश में मानव सृष्टि और जीव सृष्टि के उद्गम स्थल के भी प्रमाण मिलते हैं। सोनभद्र के फासिल्स पार्क की आयु उतनी ही है, जितनी जीव सृष्टि की है। लगभग डेढ़ सौ करोड़ वर्ष पूर्व के फासिल्स वहां पाए जाते हैं। ऐसे अनेक स्थल, प्राकृतिक सरोवर, ताल यहां मिलेंगे। यहां का करीब 15 हजार वर्ग किमी का क्षेत्रफल केवल वन संपदा है। यूपी में पौराणिक काल के वन हैं। यूपी के तराई क्षेत्र के बहराइच, लखीमपुर खीरी, श्रावस्ती, बलरामपुर और पीलीभीत में वन सुरक्षित हैं। इन वनों में भी घूमने वालों का अब तांता लगा रहता है। इसी तरह चूका, दुधवा, पीलीभीत टाइगर रिजर्व आने वाले टूरिस्टों की भीड़ बढ़ रही है। इसे देखते हुए चित्रकूट व बिजनौर के अमानगढ़ टाइगर रिजर्व को का विकास किया जा रहा है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**आजादी के 75 सालों के बाद भी दोष सिद्धि का प्रमाण बहुत कम है। यही कारण है कि मोदी सरकार ने फॉरेंसिक साइंस को बढ़ावा देने का काम किया है। तीन साल के बाद हर साल 33 हज़ार फॉरेंसिक साइंस एक्सपर्ट्स और साइंटिस्ट्स देश को मिलेंगे। साथ ही अमित शाह ने लक्ष्य रखा है कि दोष सिद्धि के प्रमाण को 90 प्रतिशत से ऊपर लेकर जाना है। इसके लिए एक महत्वपूर्ण प्रावधान किया गया है कि 7 वर्ष या इससे अधिक सज़ा वाले अपराधों के क्राइम सीन पर फॉरेंसिक टीम की विजिट को अनिवार्य किया जा रहा है। इसके माध्यम से पुलिस के पास एक वैज्ञानिक साक्ष्य होगा जिसके बाद कोर्ट में दोषियों के बरी होने की संभावना बहुत कम हो जाएगी।**



डॉ. मोहन यादव

**वर्ष 2027 से पहले देश की सभी अदालतों को कंप्यूटराइज्ड कर दिया जाएगा। इसी प्रकार मोबाइल फॉरेंसिक वैन का भी अनुभव किया जा चुका है। दिल्ली इसका उदाहरण है। दिल्ली में इसका सफल प्रयोग किया गया। इसके तहत 7 वर्ष से अधिक सज़ा के प्रावधान वाले किसी भी अपराध के स्थल पर फॉरेंसिक साइंस लैबरोटरी (एफएसएल) की टीम पहुंचती है।**

# सबके लिए त्वरित न्याय की अवधारणा पर आधारित हैं नए आपराधिक कानून

भारत में आपराधिक कानूनों में परिवर्तन और सुधार एक महत्वपूर्ण विषय है, जो समाज की बदलती आवश्यकताओं और न्याय की आवश्यकता को पूरा करने के लिए समय-समय पर किया जाता है। हाल ही में, भारतीय दंड संहिता, आपराधिक प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम जैसे आपराधिक कानूनों को संसद में पारित किया गया। अब एक जुलाई 2024 से पूरे देश में यह लागू हो रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में कानून को पेश करते हुए कहा कि खत्म होने वाले ये तीनों कानून अंग्रेज़ी शासन को मज़बूत करने और उसकी रक्षा करने के लिए बनाए गए थे। इनका उद्देश्य दंड देने का था, न की न्याय देने का। तीन नए कानून की आत्मा भारतीय नागरिकों को संविधान में दिए गए सभी अधिकारों की रक्षा करना, इनका उद्देश्य दंड देना नहीं बल्कि न्याय देना होगा। भारतीय आत्मा के साथ बनाए गए इन तीन कानूनों से हमारे क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में बहुत बड़ा परिवर्तन आएगा। पुराने कानूनों में गुलामी की बू आती थी। ये तीनों पुराने कानून गुलामी की निशानियों से भरे हुए थे, क्योंकि इन्हें ब्रिटेन की संसद ने पारित किया था और हमने सिर्फ इन्हें अपनाया था। इन कानूनों में पार्लियामेंट ऑफ यूनाइटेड किंगडम, प्रोविंशियल एक्ट, नोटिफिकेशन बाई द क्राउन रिप्रेज़ेन्टेटिव, लंदन गैज़ेट, ज्यूरी और बैरिस्टर, लाहौर गवर्नमेंट, कॉमनवेल्थ के प्रस्ताव, यूनाइटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन एंड आयरलैंड पार्लियामेंट का ज़िक्र है। इन कानूनों में हर मैजेस्टी और बाइ द प्रिवी कांउंसिल के रेफेरेंस दिए गए हैं, कॉपीज़ एंड एक्सट्रैक्ट्स कंटेंट इन द लंदन गैजेट के आधार पर इन कानूनों को बनाया गया, पज़ेशन ऑफ द ब्रिटिश क्राउन, कोर्ट ऑफ जस्टिस इन इंग्लैंड और हर मैजेस्टी डॉमिनियन्स का भी ज़िक्र इन कानूनों में कई स्थानों पर है। अच्छी बात यह कि गुलामी की निशानियों को पूरी तरह मिटा दिया गया है। जिसके तहत 475 जगह गुलामी की निशानियों को समाप्त कर दिया गया है। हमारे क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में बहुत समय लगता है, कई बार न्याय इतनी देर से मिलता है कि न्याय का कोई मतलब ही नहीं रह जाता है, लोगों की श्रद्धा उठ जाती है और अदालत में जाने से डरते हैं। इन कानूनों को बनाने के पीछे बहुत लंबी प्रक्रिया रही है। इन कानूनों को आज के समय के अनुरूप बनाने में प्रधानमंत्री मोदी ने अगस्त, 2019 में सर्वोच्च न्यायालय के सभी न्यायाधीशों, देश के सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों और देश के सभी कानून विश्वविद्यालयों को पत्र लिखे थे। वर्ष 2020 में सभी, महामहिम राज्यपालों, मुख्यमंत्रियों और सांसदों एवं संघ-शासित प्रदेशों के महामहिम प्रशासकों को पत्र लिखे गए। इसके बाद व्यापक परामर्श के बाद ये प्रक्रिया कानून बनने जा रही है। इसके लिए 18 राज्यों, 6 संघशासित प्रदेशों, सुप्रीम कोर्ट, 16 हाई कोर्ट, 5 न्यायिक अकादमी, 22 विधि विश्वविद्यालय, 142 सांसद, लगभग 270 विधायकों और जनता ने इन नए कानूनों पर अपने सुझाव दिए हैं। यह प्रक्रिया सरल नहीं थी, काफी मेहनत की गई बीते 4 सालों में। खूब विचार विमर्श किया गया है।



**शिकायतकर्ता और गवाहों का परीक्षण, जांच-पड़ताल और मुक़दमे में साक्ष्यों की रिकॉर्डिंग और उच्च न्यायालय के मुक़दमे और पूरी अपीलीय कार्यवाही भी अब डिजिटली संभव होगी। सर्च और ज़ब्ती के समय वीडियोग्राफी को अनिवार्य कर दिया है।**

इस संदर्भ में हुई 158 बैठकों में केंद्रीय गृह मंत्री शाह उपस्थित रहे हैं। इन कानूनों में क्या बदलाव हुआ है, इस पर केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने बताया कि आज तक आतंकवाद से परिचित सभी थे लेकिन आतंकवाद की परिभाषा, व्याख्या नहीं थी। अब ऐसा नहीं रहेगा। अब अलगाव, सशस्त्र विद्रोह, विध्वंसक गतिविधियां, अलगाववाद, भारत की एकता, संप्रभुता और अखंडता को चुनौती देने जैसे अपराधों की पहली बार इस कानून में व्याख्या की गई है। इससे जुड़ी संपत्तियों को ज़ब्त करने का अधिकार भी दिया गया है। जांचकर्ता पुलिस अधिकारी के संज्ञान पर कोर्ट इसका आदेश देगा। गौरतलब है कि अनुपस्थिति में ट्रायल के बारे में केंद्र सरकार ने एक ऐतिहासिक फैसला किया है। सेशंस कोर्ट के जज द्वारा प्रक्रिया के बाद भगोड़ा घोषित किए गए व्यक्ति की अनुपस्थिति में ट्रायल होगा और उसे सज़ा भी सुनाई जाएगी, चाहे वो दुनिया में कहीं भी छिपा हो। उसे सज़ा के खिलाफ अपील करने के लिए भारतीय कानून और अदालत की शरण में आना होगा। अभी तक देखा गया है कि देश भर के पुलिस स्टेशनों में बड़ी संख्या में केस संपत्तियां पड़ी रहती हैं। अब इस ओर भी तेजी लाई जाएगी। यानी अब इनकी वीडियोग्राफी करके सत्यापित प्रति कोर्ट में जमा करके इनका निपटारा किया जा सकेगा। इन कानूनों में अत्याधुनिकतम तकनीकों को समाहित किया गया है। दस्तावेज़ों की परिभाषा का विस्तार कर इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल रिकॉर्ड्स, ई-मेल, सर्वर लॉग्स, कम्प्यूटर, स्मार्ट फोन, लैपटॉप्स, एसएमएस, वेबसाइट, लोकेशनल साक्ष्य, डिवाइस पर उपलब्ध मेल और मैसेजेस को कानूनी वैधता दी गई है, जिनसे अदालतों में लगने वाले कागज़ों के अंबार से मुक्ति झ्द्दद्धह्लक्ष्जमिलेगी। इस कानून को डिजिटलाइज किया गया है, यानी एफआईआर से केस डायरी, केस डायरी से चार्जशीट और चार्जशीट से जजमेंट तक की सारी प्रक्रिया को डिजिटलाइज़ करने का प्रावधान इस कानून में किया गया है। अभी सिर्फ आरोपी की पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हो सकती है, लेकिन अब पूरा ट्रायल, क्रॉस क्वेश्चनिंग सहित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संभव होगी।

## एक्सप्रेस कविता

*समय विपरीत है आतताई है काल,
मनोबल ऊंचा,आकाशीय बनाए रखनाद्य
संगी छूटे, साथी छुटे,छूटे रिश्तेदार।
इस समय मनोबल बनाये रखना।
ना हो निराश,ना छुटे आत्मबल इस घड़ी में,
सबके हिम्मत की डोर बनाये रखना।*

*अकेले पड़ गए हो, ऐसा कभी न सोचो ।
परमपिता की आस्था पर दीप जलाए रखना।
आत्मबल, आत्मशक्ति, संयम और ईश्वरीय शक्ति।
बड़ी औषधि है यह, प्रार्थना मन में सजाए रखना।
जीवन संकट में है, इससे तो जीतना ही होगा।
आशाओं पर आकाश टिका है ये आश जगाये रखना।
रामजी करेंगे भव-सागर की नैया पार।
इस नैया का खेवनहार अपने को बनाए रखना ।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

**हम जो करते हैं और हम जो कर सकते हैं, इसके बीच का अंतर दुनिया की ज्यादातर समस्याओं के समाधान के लिए पर्याप्त होगा**





*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | एकादशी 08:42 तक |
| नक्षत्रः | कृत्तिका 28:39 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | मंगलवार |
| योगः | धृति, 11:16 |
| सूर्योदयः | 05:29 |
| सूर्यास्तः | 19:21 |
| चंद्रमाः | वृषभ राशि में |
| राहुकालः | 15:53-17:37 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | आषाढ़ |
| शुभ मुहूर्तः | 12:01-12:49 |

# जन एक्सप्रेस

### आग ना लगाओ !

*व्यर्थ की इन बातों को ।
मुद्दा ना बनाओ ।।
और भी हैं मुद्दे ।
उनको राह दिखाओ ।।
शांति और खुशहाली में ।
आग ना लगाओ ।।
क्या सही क्या ग़लत ।
जन जन तक पहुंचाओ ।।
तूल देने से बचो ।
बातें व्यर्थ वाली ।।
बन रहा है कब से ।
पुलाव बस ख़याली ।।
हवा हवाई से केवल ।
है होता नुकसान ।।
देर हो रही होने में ।
पुनः विराजमान ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# चेहरे पर होने वाले छोटे मुंहासों को दूर करने के लिए अपनाएं 5 टिप्स

**मुंहासे** होना एक आम समस्या मानी जाती है। लोगों को किसी भी उम्र में एक्ने यानी मुंहासों की समस्या हो सकती है। दरअसल, धूल, प्रदूषण, धूप और गंदगी की वजह से चेहरे या शरीर के अन्य अंगों पर मुंहासे निकल आते हैं। मुंहासे होने के पीछे कई कारण जिम्मेदार होते हैं। एक्ने कई प्रकार के होते हैं। शुरुआत में कुछ लोगों को छोटे एक्ने की समस्या हो सकती है। यह बेहद छोटे होते जो कई बार खुजली की वजह बन सकते हैं। सही समय पर सावधानियां बरतने से आप इन्हें तेजी से ठीक कर सकते हैं।



**नियमित सफाई और त्वचा की देखभालः** मुंहासों से बचने के लिए त्वचा की नियमित सफाई करना सबसे महत्वपूर्ण उपाय माना जाता है। दिन में दो बार चेहरे को एक माइल्ड क्लींजर से धोना चाहिए। यह न केवल अतिरिक्त तेल और गंदगी को हटाता है, बल्कि पोर्स को भी साफ रखता है। इसके लिए आ हर्बल फेस वॉश का प्रयोग करें जो आपकी त्वचा के प्रकार के अनुसार हो। त्वचा को टोन करने से पोर्स को बंद करने में मदद मिलती है और त्वचा का पीएच बैलेंस नियंत्रित होता है। सोफ्ट मॉइश्चराइजर लगाएं जो त्वचा को हाइड्रेट रखने और तेल के उत्पादन को संतुलित करता है।

**हेल्दी डाइटः** आपका आहार आपकी त्वचा की सेहत पर सीधा प्रभाव डालता है। ज्यादा तेलीय और जंक फूड खाने से मुंहासे बढ़ सकते हैं। इसके बजाय, ताजे फल, सब्जियां, और पानी की पर्याप्त मात्रा का सेवन करें। कुछ खाद्य पदार्थ जो मुंहासों को कम करने में सहायक हो सकते हैं। विटामिन ए और ई से भरपूर गाजर, पालक, और नट्स खाना शुरू करें। इसके अलावा, आप ओमेगा-3 फैटी एसिड के लिए मछली, अलसी के बीज, और अखरोट को डाइट में शामिल करें।

**हाइड्रेशनः** पर्याप्त पानी पीना त्वचा को हाइड्रेटेड रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हाइड्रेटेड त्वचा में कम तेल उत्पन्न होता है, जिससे मुंहासों की संभावना कम हो जाती है। दिन में कम से कम 8-10 गिलास पानी पीने की आदत डालें।

**तनाव को दूर करें:** तनाव भी मुंहासों के प्रमुख कारणों में से एक है। जब आप तनाव में होते हैं, तो शरीर में कोर्टिसोल नामक हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है, जो तेल ग्रंथियों को अधिक तेल उत्पादन करने के लिए प्रेरित करता है। तनाव को नियंत्रित करने के लिए आप योग और साधना कर सकते हैं। यह मानसिक शांति और संतुलन बनाए रखने में सहायक होते हैं।

**घरेलू उपायः** कई घरेलू उपायों से आप मुंहासों को कम कर सकते हैं। इसके लिए आप टी ट्री ऑयल का उपयोग करें। इसमें एंटीसेप्टिक और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। इसे सीधे मुंहासों पर लगाने से राहत मिलती है। इसके अलावा, एलोवेरा जेल में एंटीबैक्टीरियल और सूजन को कम करने वाले गुण होते हैं। इसे रोजाना चेहरे पर लगाने से मुंहासों में कमी आ सकती है।

## एक्सप्रेस विशेष

# अवैध धर्मांतरण : राष्ट्र को बर्बाद करने का मार्ग



पंकज जगन्नाथ जयस्वाल

**यदि आप भारत से हिंदू धर्म को हटाते हैं, आप भारत की आत्मा को लूटते हैं, जो अपनी विविधता से प्रतिष्ठित है। मुझे अच्छा नहीं लगता जब कोई बच्चे को उसकी माँ से दूर ले जाता है। किसी भी स्थिति में मेरे ईसाई भाइयों, दुनिया में पहले से ही बहुत सारे ईसाई हैं।**

**दुनिया** मुस्लिम कट्टरपंथ के खिलाफ लड़ रही है, जिस पर तलवार की नोक पर धर्मांतरण करने का आरोप है। एक खामोश क्रांति चल रही है, जिसके बारे में हममें से कोई भी जानना नहीं चाहता। यह इतनी सहज और सुनियोजित है कि लोगों को इसका अंदाजा ही नहीं है और वे पूरी तरह संतुष्ट हैं। कई ईसाई मिशनरियाँ धर्मांतरण के उद्देश्य से अनुसूचित जाति और जनजातियों को निशाना बना रही हैं। इन मिशनरियों को प्रभावित करने वाला सबसे महत्वपूर्ण तत्व उनकी वित्तीय और सहायता प्रणाली है। दो से अधिक वर्षों से, कई ईसाई मिशनरियों ने सनातन धर्म को मिटाने और भारत में ईसाई धर्म को स्थापित करने की कोशिश की है। 19वीं सदी के मिशनरी और आज के मिशनरी के बीच एकमात्र अंतर यह है कि पहले वाले ने सार्वजनिक रूप से इसकी घोषणा की, जबकि बाद वाले स्पष्ट कारणों से चुप हैं। प्यू रिसर्च के अनुसार, अधिकांश भारतीय ईसाई (54त्न) कर्म में विश्वास करते हैं, जो ईसाई अवधारणा नहीं है। कई भारतीय ईसाई पुनर्जन्म (29त्न) और गंगा नदी की शुद्धिकरण शक्ति (32त्न) में भी विश्वास करते हैं, जो दोनों ही प्रमुख हिंदू सिद्धांत हैं। भारतीय ईसाइयों के लिए अन्य धर्मों से जुड़ी प्रथाओं का पालन करना भी लोकप्रिय है, जैसे दिवाली मनाना (31त्न), या

**ईसाई चर्च के एक पादरी जो मानवता में विश्वास करते हैं और धर्मांतरण का विरोध करते हैं, उन्होंने कहा, भगवान की पूजा करने का केवल एक ही तरीका बताकर इस दुनिया को उबाऊ क्यों बनाया जाए? यह दुनिया हर चीज में विविधता से परिभाषित होती है। भगवान ने इस तरह से पृथ्वी का निर्माण किया है, तो आप इसकी विविधता और सुंदरता को क्यों खत्म करना चाहते हैं?**

माथे पर बिंदी लगाना (22त्न), जिसे आमतौर पर हिंदू, बौद्ध और जैन महिलाएं पहनती हैं। वे आधिकारिक तौर पर भारत की आबादी का केवल 2.5त्न हिस्सा हैं। दक्षिण भारत देश के लगभग आधे ईसाइयों का घर है, जबकि भारत के विरल आबादी वाले पूर्वोत्तर में ईसाई आबादी का एक बड़ा हिस्सा हैं, जहाँ अधिकांश ईसाई आदिवासी समुदायों के सदस्य हैं। यह विश्लेषण क्या कहता है। आधिकारिक संख्या और अध्ययनों के अनुसार, सभी धर्मांतरित लोगों में से आधे से अधिक हिंदू हैं। एक परेशान करने वाली और चिंताजनक सच्चाई यह है कि, इन औपचारिक धर्मांतरित लोगों के अलावा, कई एससी, एसटी और अन्य हाशिए पर पड़े गरीब लोग जो ईसाई धर्म में परिवर्तित हो गए हैं, उन्होंने आधिकारिक तौर पर अपना धर्म नहीं बदला है क्योंकि उन्हें डर है कि वे सरकारी लाभ खो देंगे, जिसका अर्थ है कि कुल धर्मांतरण बहुत अधिक है। धर्मांतरण कानूनी है, लेकिन यह जानबूझकर हिंदुओं, देवताओं और संस्कृति के प्रति घृणा पैदा करके किया जाता है। यह मानवता के साथ कैसे तालमेल बिठा सकता है? समाज के लिए सेवा निस्स्वार्थ होनी चाहिए, अन्यथा यह हमारे समाज के दुर्बलों की सेवा यानी भगवान की सेवा होने के झूठे विश्वास की आड़ में मानवता और सनातन संस्कृती को खत्म करने की एक और चाल है। धर्मांतरण का मुख्य लक्ष्य भारत पर शासन करने के लिए एक प्रॉक्सी के रूप में काम करना है। दुर्भाग्य से, संविधान में अभी भी इन धर्मांतरित हाशिए के ईसाइयों के लिए आरक्षण को खत्म करने का प्रावधान शामिल नहीं है। बहुसंख्यक धर्मांतरित लोग ईसाई कट्टरपंथियों की तरह काम करते हैं। उन्हें दूसरों को प्रेरित करना सिखाया जाता है। वे अपनी विवेकपूर्ण सोच कौशल खो चुके हैं और चाहते हैं कि दूसरे भी ऐसा ही करें। उनमें से कई मंदिर से मिठाई नहीं खाते, मंदिर परिसर में नहीं जाते, अपने घरों या कार्यस्थलों में भगवान की छवियों की उपस्थिति पसंद नहीं करते और त्योहारों पर दूसरों को बधाई नहीं देते। ईसाई विशेषज्ञ उन्हें बहुत अच्छे तरीके से धार्मिक शिक्षा देते हैं। ब्रेनवॉशिंग बहुत व्यवस्थित तरीके से किया जाता है। नए धर्मांतरित व्यक्ति शायद ही कभी धार्मिक कार्यक्रमों या रविवार की प्रार्थनाओं को छोड़ते हैं। उनकी जीवनशैली धार्मिक शिक्षक द्वारा निर्धारित की जाती है। शुरुआत में कुछ दिनों के लिए, धर्मांतरित लोगों को आमतौर पर पैसे या अन्य उपहार मिलते हैं। धर्मांतरित व्यक्ति आमतौर पर उन लोगों को धर्मांतरित करने का प्रयास करते हैं जो उनके करीब हैं या जिन्हें समस्याएँ हैं। यह नेटवर्क मार्केटिंग के समान ही काम करता है। अब्राहमिक धर्मों में एक बुनियादी नियम है- अपने धर्म को एकमात्र सच्चे धर्म के रूप में फैलाना। एक धर्मनिष्ठ ईसाई का मानना है कि अधिक से अधिक लोगों का धर्म परिवर्तन करके, वह उन्हें अनंत नरक से बचा रहा है। ईसाई धर्म के पास प्रभावी विपणन तंत्र है। गरीबी, झूठे आख्यान और ज्ञान की कमी गरीब हिंदुओं को ईसाई मिशनरियों को अपनी पारंपरिक मान्यताओं को छोडने के लिए प्रेरित करती है। ईसाई लगभग कुछ भी न करने के बदले में अनंत जीवन का सौदा करते हैं। जो हिंदू सनातन धर्म से परिचित नहीं हैं, उन्हें ईसाई धर्म अधिक तार्किक लगता है और वे तर्कों में आसानी से पराजित हो जाते हैं। पश्चिमी और गोरे लोगों द्वारा अपनाई जाने वाली हर चीज़ अच्छी है।

# बदमाशों ने किसान को मारी गोली

## लूट करने घर में घुसा था बदमाश, दरवाजा बंद करने पर वारदात को दिया अंजाम; हालत गंभीर

जन एक्सप्रेस । सुनहरा






लखीमपुर खीरी। भीरा थाना क्षेत्र की चौकी बिजुआ के गांव गोंधिया में रविवार की रात बड़ी वारदात हुई।किसान सुखबिंदर सिंह के घर में लूटपाट करने घुसे हथियारबंद बदमाशों ने उनको दो गोलियां मार दीं। सुखबिंदर ने एक बदमाश को पकड़ लिया था।

इस पर उसके साथी ने उन पर गोली चला दी। एक गोली सुखविंदर की पीठ तो दूसरी हाथ में लगी। घायल सुखविंदर ने अपनी गिरफ्त से बदमाश को नहीं छोड़ा। उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। घायल सुखबिंदर को जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर किया गया है। घटना रविवार रात तकरीबन 11 बजे की है। सुखबिंदर सिंह घर के बाहर और अन्य परिजन कमरों में सो रहे थे। इसी बीच तीन बदमाश घर के अंदर घुसे और सामान इधर उधर करने लगे। इसी दौरान सिलाई मशीन का टीन का ढक्कन जमीन पर गिर गया, जिसकी आवाज सुनकर सुखविंदर कमरे के अंदर गए। कमरे में अंधेरा था। उन्हें लगा कि बिल्ली ने कोई चीज गिरा दी है। जब वह दरवाजा बंद करने लगे तो अंदर मौजूद बदमाश ने उनको पकड़ लिया। इस पर उन्होंने खुद को छुड़ाते हुए बदमाश को मजबूती से पकड़ लिया। इस दौरान दूसरे बदमाश ने जान से मारने की धमकी दी। बदमाश और सुखबिंदर के बीच गुत्थमगुत्था हुई। इस बीच कमरे में मौजूद दो अन्य बदमाशों में से एक ने सुखविंदर पर दो गोलियां चलाईं। एक गोली हाथ में और एक पीठ पर लगी। घायल होने पर भी सुखविंदर ने बदमाश को नहीं छोड़ा। मौका पाकर दो अन्य बदमाश भाग गए। गोलियों की आवाज सुनकर परिजन व पड़ोसी जाग गए। परिजनों ने बदमाश को कब्जे में लिया। सूचना मिलते ही भीरा कोतवाली प्रभारी इंद्रजीत सिंह, सीओ गोला अजेंद्र यादव मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने बदमाश को हिरासत में ले लिया। घायल सुखबिंदर को जिला अस्पताल भिजवाया, गंभीर हालत को देखते हुए लखनऊ रेफर कर दिया गया है। वहीं बदमाश से पूछताछ की जा रही है।

# प्रेमिका के घर पहुंचा प्रेमी : प्रेमिका के घरवालों पर बंधक बनाने का आरोप

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



नीमगांव क्षेत्र के एक गांव में प्रेमिका के घर पहुंचे प्रेमी को युवती के घरवालों ने बंधक बना लिया। मामला सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले आई। इसके बाद दोनों पक्ष शादी करने पर राजी हो गए। गांव में निकाह की तैयारी शुरू हो गई है।

थाना नीमगांव क्षेत्र के अछनिया निवासी युवक के पिता ने बताया कि उनको एक कॉल आया कि अपने बेटे को ले जाओ, जब गए तो कुछ बात नहीं बनी। प्रेमिका पक्ष के लोगों ने लड़के को अपने घर में ही रोक लिया। ग्रामीणों के अनुसार, दोनों पक्षों में शादी की बात चलती रही, लेकिन लड़का पक्ष राजी नहीं हुआ और प्रेमिका के घरवाले प्रेमी को बंधक बनाए रहे। प्रेमिका के भाई ने बताया कि लड़का उनके घर आया और राजी खुशी से वही रुका था।

दोनों पक्षों में हुआ समझौता

सोमवार की सुबह खबर सोशल मीडिया पर वायरल हुई, तब पुलिस हरकत में आई। गांव पहुंचकर पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले आई। दोनों पक्ष निकाह की बात पर सहमत हो गए और समझौता कर लिया, यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। नीमगांव थानाध्यक्ष सुनीता कुशवाहा ने बताया कि दोनों पक्षों को थाने लाकर बात की गई। दोनों बालिग हैं। एक ही बिरादरी और एक ही गांव के हैं। निकाह करने पर दोनों पक्ष सहमत हो गए।

सुलह समझौता कर घर चले गए हैं। बंधक बनाने का आरोप गलत है और न ही किसी पक्ष ने पुलिस को सूचना दी है।

# शारदा नहर में मिला एक शव, दावेदार दो बीच भंवर में फंसी ढखेरवा पुलिस

जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी

- दामाद पर करवाई और बेटी की अस्थियां लेने के लिए दिनभर पढ़ुआ थाने पर डटी रही महिला
- गजियापुर की महिला का ढखेरवा चौराहे में हुआ अंतिम संस्कार

लाश एक, दावेदार दो, एक पक्ष ने तो अंतिम संस्कार भी करा दिया है। और दूसरा पक्ष अब अपनी बेटी की लाश मांग रहा है। ढखेरवा पुलिस अब इन दोनों के बीच फंस गई है। जल्दबाजी हुई या लापरवाही ? सवाल सामने है। जिम्मेदारों को अब जवाब नहीं मिल रहा है। जी हां मामला ढखेरवा गांव से फरार हुए प्रेमी युगल की घटना से जुड़ा हुआ है।

ढखेरवा में दो दिन पूर्व शारदा नहर से बरामद युवती के शव को लेकर उस समय अचानक नया मोड़ आ गया, कि जब रविवार को एक परिवार के लोगों ने बरामद शव को अपनी लड़की बताते हुए थाने पर शिकायत दर्ज कराई। जबकि पुलिस ने बरामद युवती के शव को दूसरे परिजनों को सौंप कर उनके माध्यम से पोस्टमार्टम कराने के बाद अंतिम संस्कार भी करवा दिया था।

बता दें कि 19 जून को ढखेरवा गांव निवासी सरोज अवस्थी के पुत्र अभिषेक अवस्थी व पड़ोस के ही भारत भार्गव की पुत्री पूजा भार्गव प्रेम प्रसंग के चलते अपने घरों से लापता हो गए थे।घटना के दूसरे दिन जनपद बहराइच के थाना सुजौली अंतर्गत घाघरा बैराज के पास नदी से युवक का शव और युवती का दुपट्टा बरामद हुआ था। तब मामला चर्चा में आया कि प्रेमी युगल घाघरा नदी में छलांग लगाकर आत्महत्या कर लिया है। लेकिन कई दिन तक नदी में चली खोजबीन के बाद भी युवती का शव बरामद नहीं हुआ था। तब इस घटना के पीछे लोग तरह-तरह की आशंका जता रहे थे। दो दिन पूर्व ढखेरवा में शारदा नहर से एक युवती का क्षत-विक्षत शव बरामद हुआ था जिसे ढखेरवा से गायब हुई युवती के परिजन अपनी लड़की का शव बताते हुए पुलिस को सूचना दिया और पुलिस ने बिना जांच पड़ताल किए आवश्यक कार्रवाई कर शव को अंतिम संस्कार के लिए उन्हें सौंप दिया था।

पुलिस को गुमराह करने का सवाल तो यहीं उठता है कि उन्होंने कहा था कि उनकी लड़की सलवार सूट में घर से फरार हुई है।और जिस युवती का शव बरामद हुआ वह साड़ी पेटीकोट ब्लाउज के साथ-साथ चूड़ियां भी पहन रखी थी। इसके बावजूद वह अपनी लड़की के रूप में पहचान किया यह एक संदेह का विषय है।अब बरामद शव को एक और पक्ष ने अपनी बेटी का बताते हुए थाना पुलिस को तहरीर दे दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में निघासन के सुक्खन पुरवा निवासी गया प्रसाद की पत्नी फूलमती ने 25 जून को पढ़ुआ थाने में अपनी विवाहित बेटी मीरा देवी की गुमशुदगी दर्ज कराई थी।बकौल फूलमती दस साल पहले पढ़ुआ थाना क्षेत्र के ही गजियापुर गांव निवासी प्यारेलाल के साथ मीरा की शादी किया था।

शादी के बाद से ही ससुराल वाले उसे मारते-पीटते थे। उन्होंने उसे मार-पीटकर घर से भगा दिया। 25 जून को प्यारेलाल ने फोन करके मीरा के घर से गायब होने की सूचना दी। तब उसकी पुत्री की गुमशुदगी दर्ज हुई थी। रविवार को बेटे सोनेलाल के साथ थाने पर पहुंची फूलमती ने शुक्रवार को ढखेरवा में शारदा नहर से बरामद शव उसके कपड़ों और डीलडौल के हिसाब से अपनी बेटी मीरा के होने का दावा करते हुए दामाद पर करवाई और अस्थियों के लिए दिन भर थाने पर डटी रही।

हालांकि इस मुद्दे पर अभी तक पुलिस ने कुछ नहीं किया है।इस बाबत सीओ प्रवीण यादव ने बताया कि उनको इस मामले की अभी जानकारी नहीं है। जानकारी करके ही कुछ बता सकते हैं।

# भारतीय किसान संगठन के पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष की सुरक्षा की मांग की



जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

सोमवार को भारतीय किसान संगठन के लखनऊ मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा की देखरेख में जिला अध्यक्ष सद्दाम रहमानी के नेतृत्व में भारतीय किसान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र कुमार **पंकज** को सुरक्षा दिए जाने के संबंध में भारत सरकार के गृहमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी महोदय खीरी को सौंपा गया इससे पहले जिला अध्यक्ष सद्दाम रहमानी की अध्यक्षता में संगठन की एक बैठक हुई इस दौरान जिला अध्यक्ष सद्दाम रहमानी ने कहा कि हमारे प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र कुमार पंकज को अराजक तत्वों से जान का खतरा है प्रदेश अध्यक्ष मूल रूप से जनपद एटा की ग्राम पंचायत परोली सुहागपुर मजरा मतबरिया थाना जैथरा के मूल निवासी हैं। वर्तमान में लखीमपुर खीरी में रहते हैं। वही के कुछ अराजक तत्व प्रदेश अध्यक्ष जी की हत्या कर देना चाहते हैं। मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र वर्मा ने कहा की देवेंद्र कुमार पंकज की पुश्तैनी संपत्ति एटा में है वहां अध्यक्ष की मां और उनके परिवार ने मिलकर भगवान महादेव जी का एक मंदिर अपनी निजी जगह घर में बनवाया था उस मंदिर से इनके पूर्वजों ने करी 14 बीघा जमीन भी लगाई थी देवेंद्र कुमार पंकज जी के पिताजी का स्वर्गवास बचपन में ही हो गया था और वह लखीमपुर आ कर शिफ्ट हो गए थे जिला एटा में परिवार का भी कोई व्यक्ति नहीं रहता है मंदिर और संपत्ति पर वहां के अराजक तत्वों की नियत खराब है और वह लोग श्री पंकज की हत्या कर संपत्ति हड़प लेना चाहते हैं यहां लखीमपुर खीरी में भी आ कर हत्या का षड्यंत्र कर चुके हैं इसलिए आज हम सब भारतीय किसान संगठन के लोग अपने प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र कुमार पंकज की सुरक्षा की मांग करते हैं ताकि कोई अनहोनी न होने पाए। अगर सुरक्षा देने में हीला हवाली हुई तो हम सब मिल कर संयुक्त किसान संगठन के लोग धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। प्रदेश सचिव कामिल उस्मानी ने कहा कि इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष जी ने गृहमंत्री महोदय और मुख्यमंत्री महोदय को पत्र भी लिखा है मगर अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया गया है हमारे संगठन के लोगों ने पहले भी ज्ञापन प्रेषित किया है मगर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई अगर जल्दी ही सुरक्षा व्यवस्था नहीं कराई गई तो किसान संगठन आंदोलन करेंगे। इस दौरान पिंटू वर्मा अमित वर्मा दीपक रस्तोगी शैलेश शर्मा रामजी वर्मा राम सागर गौतम शिवा रस्तोगी सौरभ वर्मा आदि सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सरकार छुड़ा रही अवैध कब्जे यहां दबंग हथिया रहे प्लॉट



- सत्ता पक्ष के एक नेता के परिजनों की सह पर हो रहा है याह खेल
- सीडीओ के आदेश पर भी नहीं हुई कार्रवाई

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

प्रदेश की योगी सरकार जमीन के अवैध कब्जों पर शख्ती दिखा रही है। दूसरी तरफ कद्दावर नेता के परिजन खुलेआम जमीनों पर अवैध कब्जे कर रहे हैं। यही कारण है कि कोई सुनवाई नहीं हो रही है।मैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम असौवा निवासी पवन वर्मा, विशाल वर्मा और कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शहाबुद्दीनपुर निवासी नीरज वर्मा, वरुण दीपक ने 20 नवंबर 2017 को आशुतोष कुमार पुत्र रामावतार विश्वकर्मा से प्लाट खरीदे थे। आरोप है कि 21 जून को दबंगों ने कब्जा कर लिया और 6 फीट ऊंची दीवार खड़ी कर दी। प्लाट खरीददार अधिकारियों के चक्कर ही लगते रहे।

प्लाट स्वामियों का कहना है कि तहसीलदार, एसडीएम, एडीएम, सीडीओ और डीएम को भी प्रार्थना पत्र दिए गए, पर हुआ कुछ नहीं। सीडीओ ने संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर एसडीएम को निर्देश दिए थे कि मौके पर पुलिस पर ले जाकर उचित न्याय संगत कार्रवाई की जाए। एक सप्ताह बीत चुका है। कोई कार्रवाई नहीं हुई। दबंग का प्लाटों पर कब्जा बरकरार है। इससे सरकार की किरकिरी हो रही है। ऐसा नहीं है कि उन दबंगों ने अपने बल पर कब्जा कर लिया है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### जाति प्रमाण पत्र के लिए कई बार आवेदन करने के बाद न बन पाने से सरकारी लाभ से वंचित

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी। ब्लॉक क्षेत्र के गांव सहजनिया मजरा सहिजना के बंजारा जाति के लोगो के विकास के लिए अभियान चलाकर उनके जीवन यापन को सुधारने के लिए मूलभूत सुविधाओं को विकसित करने के लिए सरकारी सुविधाओं में चयन होने के बाद प्रशासन द्वारा पिछड़ा वर्ग का जाति प्रमाण पत्र निर्गत न कर सरकारी लाभ से वंचित करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री समेत जिले के आला अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजा है। जबकि जिले की अन्य तहसीलों में इस तरह के आवेदनों पर जाति प्रमाण पत्र निर्गत किया जा चुका है। सहजनिया गांव में बंजारा जाति के लोग 50 वर्षों से अधिक समय से झुग्गी झोपड़ी में निवास कर रहे हैं। सरकार द्वारा उनके जीवन यापन को सुधारने के लिए अभियान चलाकर पहले चक्र में 24 लोगों को मुख्यमंत्री आवास की स्वीकृत प्रदान हो चुकी है। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा सरकार के कार्य में रुचि न लेने के चलते उनके द्वारा 1 वर्ष से लगातार जाति प्रमाण पत्र के लिए कई बार आवेदन करने के बाद भी विचार न किए जाने पर निरस्त कर दिया जाता है। जिससे वह लाभ पाने से वंचित रह रहे हैं। गांव की कट्टी अनीशा बी, सोना रूबी सलमा समेत 24 लोग अपना जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए दर-दर भटक रहे हैं। इससे क्षुब्ध होकर उन्होंने सोमवार को मुख्यमंत्री समेत आला अधिकारियों को संबंधित शिकायती पत्र दिया है। एसडीएम अवनीश कुमार ने बताया उन्हें इस संबंध में जानकारी नहीं है। आवेदन 7 दिन के बाद निरस्त हो जाता है। पात्र लोग ऑनलाइन आवेदन पुन: करें जांच कर निर्गत किया जाएगा।



### नगर पालिका में राष्ट्र कवि पं0 सियाराम मिश्र जी की मनाई गई जयंती

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। नगर पालिका परिसर सभागार में राष्ट्र कवि पं0 सियाराम मिश्र जी की जयंती पर मुख्य अतिथि मा0 विधायक अमन गिरि कार्यक्रम अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू चेयरमैन नगरपालिका परिषद एवं कार्यक्रम आयोजक मधुकर शैदाई के द्वारा कवि पं0 सियाराम मिश्र की मूर्ति पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, सियाराम मिश्र कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक एवं साहित्यिक योगी थे। चेयरमैन विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि, पं0 सियाराम मिश्र साहित्य साधना की प्रतिमूर्ति तथा नगर का गौरव थे। कार्यक्रम का संचालन डा. वेद प्रकाश अग्निहोत्री ने किया। इस अवसर पर पं0 सियाराम मिश्र के पुत्र राजन मिश्र, सभासद रज्जन खान, धर्मेन्द्र तिवारी, धर्मेन्द्र वाल्मीकि, हरिओम वर्मा, रियाजुद्दीन, नगर अध्यक्ष भाजपा शत्रोहन मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष कुम्भी रविन्द्र कटियार, सौरभ दीक्षित प्रधानाचार्य गांधी उ0मा0 विद्यालय, द्वारिका प्रसाद रस्तोगी, अवधेश मिश्रा, संत कुमार बाजपेयी, सुरेश चन्द्र शुक्ला, के के शुक्ला, अविनाश गुप्ता, पियूष मिश्रा एवं पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे।

### दिनदहाड़े सदर चौराहे से उचक्कों ने स्कूटी से 40000 हजार रुपए पार कर दिए

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी। कोतवाली से लगभग 100 मीटर की दूरी पर दिनदहाड़े स्कूटी की डिग्गी से बैग में रखें 40000 रुपए उचक्को ने पद्धर कर दिए।सोमवार को नगर के सदर चौराहे से पब्लिक इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य की स्कूटी की डिग्गी से उच्चको ने 40 हजार रुपए पार कर दिए जिससे नगर में फिर सनसनी फैल गई है। नगर में पुलिस की निष्क्रियता का फायदा चोर उचक्के और बदमाश उठने लगे हैं।पुलिस हाथ पैर हाथ भर बैठी है।नगर में जैसे ही पुलिस की गश्त धीमी पड़ी कि बदमाशों और चोर उच्चको ने अपनी गतिविधियां तेज कर दी। पब्लिक इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य साहित्यकार संत कुमार बाजपेई संत ने मोहम्मदी रोड स्थित पंजाब नेशनल बैंक से 40 हजार रुपये का विड्राल किया। वैग स्कूटी की डिग्गी में रखकर चले और सदर चौराहे पर एक दुकान पर फोटो स्टेट करने के लिए स्कूटी बाहर खड़ी कर अंदर चले गए।

# झंडी दिखाकर विशेष संचारी रोग अभियान व दस्तक अभियान का किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान दिनांक 01.07.2024 से 31 जुलाई एवं दस्तक अभियान दिनांक-11 से 31 जुलाई का सुभारम्भ विशिष्ठ अतिथि माननीय विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव व नगर पालिका अध्यक्षा नेहा अवस्थी की गरिमामयी उपस्थित में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद द्वारा ए0एन0एम0 ट्रेनिंग सेंटर सीतापुर से जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 हरपाल सिंह द्वारा बताया गया कि वेक्टर जनित रोगों, संचारी रोगों तथा दिमागी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण, इनका त्वरित व सही उपचार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। संचारी रोग नियंत्रण माह में जन-जागरूकता बढ़ाने हेतु साफ-सफाई, जन जागरूकता, हैण्ड पम्प/हैण्ड पम्प प्लेटफार्म मरम्मत, स्वच्छ पेयजल उपलब्धता, ग्रामों को खुले में शौच से मुक्त रखना, अध्यापकों द्वारा विद्यालयों में बच्चों में रोगों के प्रति जागरूकता, साबुन से हाथ धोना, शौचालय का प्रयोग, पर्यावरणीय स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वच्छता, फ्रंटलाइन वर्कर (आशा एंव आंगनबाड़ी कार्यकत्री) द्वारा दस्तक अभियान के अर्न्तगत लक्षणयुक्त व्यक्तियों का नाम पता एवं मोबाइल नं0 सहित सम्पूर्ण विवरण ई-कवच पोर्टल पर डिजिटल अपलोड करेंगे-बुखार के रोगियों की सूची, इन्फ्लएनजा लाइक इलनेस रोगियों की सूची, क्षय रोग के लक्षणयुक्त व्यक्तियों की सूची, कुष्ठ, फाइलेरिया, कालाजार रोगों से लक्षण युक्त व्यक्तियों की सूची, इसी के साथ-साथ क्षेत्रवार ऐसे मकानों की सूची जहाँ घरों के भीतर मच्छरों का प्रजनन पाया गया हो, प्रपत्र पर फ्रंटलाइन वर्कर द्वारा तैयार की जायेगी।

इस अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 कमलेश चन्द्रा, जिला सर्विलांस अधिकारी डा0 दीपेन्द्र वर्मा, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 राजशेखर, जिला मलेरिया अधिकारी जितेन्द्र कुमार, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी कैलाश नाथ मिश्रा, स्वास्थ्य विभाग से स्टाफ, एएनएम एवं काफी संख्या में आशा बहुएं उपस्थित थी।

# पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का बहुत धूमधाम से मनाया गया 51वां जन्मदिन





जन एक्सप्रेस । सीतापुर

जन-जन के लोकप्रिय नेता समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश एवं लोक सभा सदस्य अखिलेश यादव जी के 51वें जन्मदिन के अवसर पर राधेश्याम जायसवाल पूर्व विधायक सीतापुर सदर के प्रतिनिधि, पुत्र व समाजसेवी सचिन जायसवाल द्वारा अपने माल गोदाम, सीतापुर स्थित कार्यालय (गद्दी) पर अपने सैकड़ों समर्थको व पार्टी कार्यकर्ताओं के संग मिलकर बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ समाजवादी रंग में रंगे हुए केक को काटते हुए उनका जन्मदिन मनाया गया। साथ ही इस खुशी के मौके पर सचिन जायसवाल द्वारा समाजवादी पार्टी के संस्थापक व पूर्व रक्षा मंत्री भारत सरकार माननीय नेताजी स्व0 मुलायम सिंह यादव जी को भी याद करते हुए उपस्थित सभी लोगों से उनके आदर्श पर चलने तथा पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने के लिए अनुरोध किया गया। उक्त कार्यक्रम के अवसर पर प्रमुख रुप से सर्वश्री रूपेंद्र कुमार पाल, सदस्य क्षेत्र पंचायत ब्लाक खैराबाद सहित डॉक्टर रजीउल्ला खान, असगर अली, मुनेंद्र यादव, अमरजीत यादव, योगेंद्र तिवारी उर्फ पप्पू जिला सचिव, विकास यादव मोहम्मद शारिब खान, मोहम्मद खालिद खान, अजीत यादव जिला उपाध्यक्ष लोहिया वाहिनी, पंडित हरेराम मिश्रा, यश यादव, दिव्येंदू यादव लाली, सुमित सिंह, फैयाजउल हसन शम्मी, आकाश सिंह, पच्चा भार्गव, जफर खान, जावेद अंसारी, दीपक रावत, सरताज खान एडवोकेट, शादाब खान, मोहम्मद बिलाल अंसारी जिला सचिव, शराफत अली, कमलेश जायसवाल प्रधान, अनुभव सक्सेना डालू, रविशंकर उर्फ रमेश कनौजिया प्रधान, सरदार सिंह बाबा जी, अनिल मौर्य, अजय श्रीवास्तव, ब्रह्माकुमार श्रीवास्तव, सादिया खान सपा नेत्री, अकील खान प्रधान, पंकज यादव, शादान खान युवा नेता, संजीव दीक्षित बॉबी, पप्पू जायसवाल, शिवशंकर जायसवाल, मोहम्मद शमीम खान, विक्की शर्मा नेता सहित सैकड़ो की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे।

# पर्यावरण संरक्षण किसी व्यक्ति विशेष की जिम्मेदारी नहीं अपितु सभी का कर्तव्य : आजाद हिन्द भगत संगठन

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



नगर में संचय अभियान के अंतर्गत की विलुप्त होती नदी को बचाने के प्रयास में आजाद हिन्द भगत संगठन के कार्यकर्ता निरंतर 8 दिनों से चलाया जा रहा गोपालदास आश्रम स्थित सरायन नदी के घाट का सफाई अभियान। जैसा कि आजाद हिन्द भगत संगठन के द्वारा पिछले 8 वर्षो के भांति ही इस वर्ष भी जीवनदायनी सरायन नदी के गोपाल दास आश्रम स्थित घाट की सफाई अभियान का प्रारंभ 8 दिन पूर्व किया गया था। संगठन के कार्यकर्ताओं के द्वारा यह कार्य पिछले 8 वर्षो से अधिक से किया जाता रहा है। घटते भूमिगत जलस्तर तथा घटते जंगल और पेड़ पौधे के लिए प्रत्येक वर्ष संगठन के कार्यकर्ता वर्षा ऋतु से पूर्व घाट सफाई अभियान के साथ साथ पौधारोपण का कार्य करते आए है।वर्तमान समय में बढ़ते तापमान और पानी की कमी आने वाले भयावह भविष्य को दर्शाती है, अगर मनुष्य नही सुधरे और प्रकृति के सुधार और पर्यावरण को सुरक्षित बनाने हेतु कार्य नही किया गया तो आने वाली पीढ़ी बहुत कष्ट झेलने वाली है। प्रकृति को सुरक्षित करने और जल जीवन को साफ करने हेतु संगठन पहले भी कार्य करता रहा है। संगठन के कार्यकर्ताओं ने निस्वार्थ भाव से कार्य करते हुए यह दिखा दिया कि कुछ लोगो का समूह भी बहुत बड़ा परिवर्तन ला सकता है।संगठन को इस अभियान में अभी तक कोई भी शासनिक या प्रशासनिक सहयोग नही मिला। कार्यकर्ताओ का कहना है की यह अभियान किसी व्यक्ति विशेष या किसी बैनर का नही है सभी लोगो को इस अभियान से जुड़ना चाहिए और नदी सफाई और पर्यावरण संरक्षण व पौधारोपण अभियान जनपद में ही नही प्रदेश और देश में भी चलना चाहिए जिसमे सभी नागरिकों को सहयोग देना चाहिए और सभी शासन प्रशासन के लोगो को मिलकर इसमें सहयोग करना चाहिए ताकि हम स्बाही मिलकर हमारे देश को सुरक्षित सुंदर स्वस्थ्य और आने वाली पीढ़ी को अच्छा कल दे सके। संगठन ने गुहार लगाई है की सभी लोग इस अभियान से जुड़कर संगठन के कार्यकर्ताओ से संपर्क करे और सहयोग करे।

# सड़क टूट कर बनीं खाई, आमजन का आवागमन हुआ बाधित

## ग्रामीणों ने शासन से पुलिया निर्माण की लगाई गुहार

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

जनपद के बड़हलगंज क्षेत्र कछारंचल में सड़क के टूटकर खाई बन चुकी है, जहां ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो गया है। जलजमाव से आम जन जीवन प्रभावित हो रहा है। जानकारी के अनुसार, बड़हलगंज के कछारंचल बरहज रामजानकी लिंक मार्ग से सिधेगौर से बल्थर देवार होते हुए गोनहा तक जाने वाली लगभग सड़क लगभग पांच किलोमीटर दूरी तक की सड़क के टूटकर खाई होने व उखड़ने से जल जमाव की समस्या उत्पन्न हो रही हैढ्ढ जिससे राहगीरों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है व लोगों से जनसंपर्क टूट सा गया है।

**शासन प्रशासन से लेकर विधायक तक लगाई गुहार, पर कोई नहीं बना खेवनहार**



क्षेत्र के सिधेगौर से गोनहा तक सड़कों के टूटने व जलजमाव से पैदल समेत साइकिल व बाइक चालकों को जलजमाव के बीच बड़े मुश्किल से गुजरना पड़ता है। लोगों को हो रही परेशानी को दूर करने की दिशा में प्रशासनिक अधिकारी उदासीन बने हुए है।

गांव के प्रधान गुरुचरन यादव बताया कि सड़को की यह समस्या सालों से बनी हुई है, जिसकी शिकायत चिल्लूपार विधायक से बार बार करने के बाद भी आज तक इस पर कोई सुनवाई नही की गई कारण वहां स्थाई रूप से जल जमाव की समस्या बनी रहती है। बारिश के मौसम में विद्यालय भी जलमग्न हो जाता है। स्थिति यह है कि सड़क पर छः फुट तक पानी जमा रहता है।

ग्रामीणों ने कहा जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट नहीं हो पा रहा है कि सड़क को खाई से मुक्त कराकर पानी बहाव की व्यवस्था बन सके ग्रामीणों ने शासन से पुलिया निर्माण की गुहार लगाई है। इस स्थिति को लेकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना है।

**कार्य प्रस्तावित है, स्वीकृति मिलते ही कार्य कराया जाएगा- विधायक**

इस सम्बंध में चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी ने कहा कि मामले को संज्ञान में है सड़क की मरम्मत व चार पुलिया के लिए प्रस्ताव की फाइल बना कर शासन को भेजा जा चुका है जिस पर एक पुलिया का निर्माण कार्य चल रहा है तथा शेष तीन पुलिया की स्वीकृति होने पर जल्दी ही कार्य चालू कराया जायेगा।

# विद्यालय खुलने पर गुरुजनों ने बच्चों पर अक्षत, पुष्प अर्पित कर किया स्वागत



जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर महराजगंज

ग्रीष्मकालीन अवकाश के उपरांत परिषदीय विद्यालयों के खुलने पर विद्यालय की रौनक पुनः लौट आई है।बेसिक शिक्षा विभाग शिक्षा में गुणवत्ता सुधार हेतु पूरी तरह से लगा हुआ है।सोमवार को फरेंदा क्षेत्र के कम्पोजिट विद्यालय भगवत नगर परसिया पर नामांकन कराने पहुंचे एवं नवप्रवेशी बच्चों का प्रधानाध्यापक अरविन्द कुमार गौड़ ने माला पहनाकर एवं तिलक लगाकर भव्य स्वागत किया ।प्रधानाध्यापक ने कहा कि शासन की मंशा है कि बच्चों को बेहतर शिक्षा मिले इसलिए उनके सर्वांगीण विकास हेतु अनेको योजनाये संचलित की जा रही है । सोमवार को कक्षा एक में तीन छात्रों पल्लवी , दिव्यांशी एवं पिंकी का नामांकन हुआ।इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिका तसनीम कौसर , आरती रॉय ,प्रियंका सिंह,मुन्नीलाल एवं प्रियंबदा मौजूद रहें।

# पुलिस ने अवैध गांजा के साथ दो तस्करों को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

जन एक्सप्रेस। नौतनवा/महराजगंज

जनपद की परसामलिक पुलिस ने क्षेत्र में गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर बाइक सवार दो युवकों के पास से छिपा कर रखा गया अवैध गांजा बरामद किया। बताते चलें कि रविवार की रात उपनिरीक्षक अनिल सिंह मय हमराह महिला उपनिरीक्षक संजू गौंड, हेड कांस्टेबल धन्नू कुमार यादव व आरक्षी. उज्जवल दीक्षित सीमावर्ती क्षेत्र में अवैध तस्करी पर प्रभावी रोकथाम हेतु गस्त पर थे इसी दौरान मुखबिर जरिए सूचना के आधार पर परसामलिक तिराहे के समीप दो संदिग्ध बाइक सवार युवकों के पास से तलाशी के दौरान छिपा कर रखा गया एक किलो आठ सौ ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। आरोपियों की पहचान जैश मोहम्मद पुत्र मुर्तुजा निवासी परसामलिक व सोनू विश्वकर्मा पुत्र रामशरन विश्वकर्मा ग्राम चेहरी फार्म थाना कोतवाली महराजगंज के रूप में हुई। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेजा गया जहां न्यायालय ने आरोपियों को जेल भेज दिया।




# पंचायत भवनों पर लटक रहे ताले, शासन की मंशा पर पानी फेर रहे जिम्मेदार

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं वाली योजनाओं में शुमार एक ग्राम सचिवालय भी है जिसके निर्माण में सरकार द्वारा लाखों रुपये सिर्फ इसलिए खर्च किए गए कि सरकार की जो महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की जा रही है उसका लाभ ग्रामीण लोगों को सीधे उनके ग्राम सभा में मिले उनको किसी योजनाओ के लाभ लेने के लिए ब्लाक व तहसील का चक्कर न लगाना पड़े।

सरकार पंचायतो को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अनेक पहल कर रही है। लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही से पहल धरातल पर नहीं उतर पा रहा है। जिससे ग्रामीणों को योजनाओ का लाभ नही मिल पा रहा है। जिसका जीता जागता उदाहरण सीएम योगी के गृह जनपद के विकास खण्ड गोला के ग्राम पंचायत छितौना बुजुर्ग का है जहाँ पंचायत भवन पर चौबीस घंटे ताला लटका रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि जब से पंचायत भवन बना तब से आज तक ताला कभी नहीं खुला, जिसका कोई समय व दिन निर्धारित नहीं है। पंचायत भवन के अगल बगल में गंदी नाली व कूड़े का ढेर लगा पड़ा है। सफाई की व्यवस्था नदारद है जिससे आये दिन गंभीर बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है8। इससे साफ जाहिर है कि यहां न पंचायत सहायक बैठते है और न ही रोजगार सेवक न ही सफाईकर्मी कभी यहाँ झांकने तक नहीं आते हैं।




**बोले ग्रामीण- पंचायत भवन पर झांकने नहीं आते जिम्मेदार**

शासन से निर्धारित निर्देशो में पंचायत सहायक को परिवार रजिस्टर, जन्म मृत्यु रजिस्टर समेत अन्य कई योजनाओं का लाभ देना है । रोजगार सेवकों को पंचायत सचिवालय में बैठकर इच्छुक जॉब कार्ड धारकों को रोजगार उपलब्ध कराने का कार्य निर्धारित है । बीसी सखी के माध्यम से पैसों का लेनदेन करने , सीएससी संचालकों से ऑनलाइन कार्यो की सेवा उपलब्ध कराने जैसा निर्देश दिया है।

लेकिन पंचायत भवन में इन कर्मचारियों के बैठने के बजाय ताले लटके हुए मिलते है, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

**जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध की जाएगी कार्रवाई - बीडीओ**

इस संबंध में पूछे जाने पर खण्ड विकास अधिकारी गोला दिवाकर सिंह ने कहा कि मामला संज्ञान में नहीं है जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाई की जाएगी।

# डीएम ने स्कूल चलो अभियान का किया शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस। देवरिया

जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाडेय के निर्देश के क्रम में जनपद में परिषदीय विद्यालयों में स्कूल चलो अभियान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव के नेतृत्व में चलाया गया।

स्कूल चलो अभियान का शुभारम्भ जनपद के बैतालपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय रुच्चापार में जिलाधिकारी द्वारा किया गया। डीएम के विद्यालय में पहुंचने पर बच्चों द्वारा गुलाब का फूल देकर स्वागत किया गया। जिलाधिकारी द्वारा स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत विद्यालय में उपस्थित बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। स्कूली बच्चे अपने बीच जिलाधिकारी को पाकर अत्यंत प्रसन्न दिखे।

प्राथमिक विद्यालय रुच्चापार में निर्माणाधीन नवीन पोषण वाटिका का जिलाधिकारी ने पौधा लगाकर शुभारम्भ किया। जिलाधिकारी द्वारा नवीन शैक्षणिक सत्र 2024- 25 में बच्चों को पाठ्य पुस्तक वितरित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि बच्चों में सीखने की अपार संभावना होती है और वर्तमान जुलाई माह में समस्त बच्चों को विद्यालय से जोड़ा जाना चाहिए।



इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी देवरिया सदर देवमुनी वर्मा, जिला समन्वयक आलोक कुमार पाण्डेय, जिला कार्यक्रम अधिकारी कृष्णकांत राय, रुच्चापार वार्ड की सभासद मालती यादव विद्यालय प्रधानाध्यापक नित्यानंद चौबे सहित विद्यालय परिवार के सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

जनपद के विकासखंड देवरिया सदर के विद्यालयों में खंड शिक्षा अधिकारी देवरिया सदर देवमुनी वर्मा के नेतृत्व में स्कूल चलो अभियान का आरंभ किया गया। प्राथमिक विद्यालय फुलवरिया लच्छी में देवमुनि वर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रैली की शुरुआत की गई। विकासखंड भलुअनी में खंड शिक्षा अधिकारी सूरज कुमार द्वारा प्राथमिक विद्यालय बहोर धनौती में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत अभिभावकों से संपर्क किया गया। विकास खण्ड लार के विद्यालयों में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत खण्ड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह के द्वारा अभिभावक संपर्क एवं रैली निकली गया। विकास खण्ड देसही देवरिया के विद्यालयों में स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत खण्ड शिक्षा अधिकारी पंकज कुमार सिंह के द्वारा अभिभावक संपर्क एवं रैली निकला गया। विकास खण्ड बरहज एवं रुद्रपुर में स्कूल चलो अभियान का नेतृत्व खण्ड शिक्षा अधिकारी राजकिशोर सिंह द्वारा किया गया।

खण्ड शिक्षा अधिकारी राजकिशोर सिंह द्वारा दोनों विकास खण्डों के विभिन्न ग्राम सभाओं में सम्पर्क कर बच्चों का प्रवेश परिषदीय विद्यालयों में कराया गया। जिला समन्वयक आलोक पाण्डेय ने कहा बच्चों के नामांकन एवं उपस्थिति को बढाये जाने के उद्देश्य से स्कूल चलो अभियान संचालित किया जा रहा है।

**अभियान के तहत शत-प्रतिशत नामांकन कराना लक्ष्य - बीएसए**

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव ने बताया कि बेसिक शिक्षा विभाग में स्कूल चलो अभियान चल रहा है जिसमें अध्यापक घर-घर जाकर अभिभावक संपर्क एवं हाउस होल्ड सर्वे के अन्तर्गत परिवार सर्वेक्षण कर रहे हैं और बच्चों को स्कूल से जोड़ने के लिए प्रेरित कर रहे हैं । यह अभियान वर्तमान में जुलाई माह में हर्षोल्लास के साथ समस्त विकास खण्डो एवं विद्यालयों में जारी रहेगा तथा आगामी दिवसों में अभियान पूर्वक इसे संचालित कराया जाएगा जिससे शत प्रतिशत नामांकन लक्ष्य प्राप्त किया जा सके।

जनपद के समस्त परिषदीय विद्यालयों में सम्बन्धित विकास खण्ड के खंड शिक्षा अधिकारी, समस्त एआरपी और एसआरजी के नेतृत्व में स्कूल चलो अभियान का समारोह पूर्वक शुभारम्भ किया गया। इस अभियान में अध्यापकों के द्वारा घर-घर जाकर बच्चों से स्कूल आने हेतु प्रेरित किया जायेगा।

# गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस में मनाया गया राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस



जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

महायोगी गुरु गोरखनाथ विश्वविद्यालय अंतर्गत संचालित गुरु गोरक्षनाथ इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस आयुर्वेद में सोमवार को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस मनाया गया।

इस दौरान शल्य तंत्र चिकित्सक डॉक्टर किरन कुमार रेड्डी ने भारत रत्न से सम्मानित महान चिकित्सक डॉक्टर विधान चंद्र राय के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनकी जयंती राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के रूप में मनाई जाती है। समर्पित सेवा से जनता को स्वस्थ बनाने में चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका डॉक्टर रेड्डी ने कहा कि यह दिन उन डॉक्टरों और चिकित्सा क्षेत्र में काम करने वाले सभी लोगों के सम्मान में मनाया जाता है, जो अपनी सेवा और समर्पण के माध्यम से समाज को स्वस्थ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम के दौरान आयुर्वेद कॉलेज के चिकित्सकों ने अपने चिकित्सीय अनुभवों को साझा किया। डॉक्टर अश्वथि नारायण ने केस प्रेजेंटेशन के जरिये बताया कि तुण्डिकेरी, अभिस्यन्द, एलर्जिक रायनाइटिस के पूर्णतया उपचार आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से किया जा सकता है।

**अर्थराइटिस जैसे पीड़ादायक दर्द के मरीज आयुर्वेद उपचार हो रहे हैं ठीक**

डॉक्टर अभिजीत ने बताया कि जोड़ो के दर्द अर्थराइटिस, मधुमेह और अति गंभीर रोगों में वह आयुर्वेद उपचार द्वारा रोगी को ठीक कर रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में कार्यवाहक प्राचार्य डॉक्टर नवीन के. ने कहा कि इस दिवस पर हमें सभी चिकित्सकों का आभार व्यक्त करना चाहिए और उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करनी चाहिए।

# नगर आयुक्त ने किया नाला सफाई कार्य का औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

नगर आयुक्त नगर निगम गोरखपुर द्वारा सोमवार सुबह नगर में कराए जा रहे नाला सफाई कार्य का औचक निरीक्षण किया गया।

नगर आयुक्त ने महेवा के कटनिया स्थित संपवेल के सफाई कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जोनल अधिकारी एनडी पांडेय एवं सफाई निरीक्षक सोनकर उपस्थित थे. नगर आयुक्त ने नियमित रूप से संपवेल की सफाई कराने हेतु निर्देशित किया।

तत्पश्चात नगर आयुक्त द्वारा देवरिया बाईपास रोड पर भरवलिया मोड़ पर कराये जा रहे नाला सफाई कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त शिवपूजन यादव, जोनल अधिकारी ओपी यादव एवं सफाई निरीक्षक सुनील मणि उपस्थित रहे, उन्होंने नाला सफाई से निकले सिल्ट को तत्काल हटवाने हेतु निर्देशित किया।



# सीएम योगी के जिले में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी जल जीवन मिशन योजना

**✻ वर्षो से ठप पड़ा ओवर हेड टैंक निर्माण कार्य, जिम्मेदार बेपरवाह**

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

भारत सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के घरों में स्वच्छ जल उपलब्ध कराने हेतु जल जीवन मिशन स्कीम (ग्रामीण) के तहत साल 2024 तक घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से सुरक्षित और पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया था। राज्य व केंद्र सरकार द्वारा अलग-अलग बजट दिया गया और अब तक योजना के माध्यम से 65.33 प्रतिशत नल कनेक्शन ग्रामीण घरों में लगाए भी जा चुके हैं। योजना के संचालन हेतु केंद्र सरकार के द्वारा 3,50 लाख करोड़ रूपए का बजट निर्धारित किया गया है। इस कार्य को पूर्ण कराने के लिए सरकार इसे निजी कंपनियों को टेंडर के माध्यम से करा रही है, जिससे भिन्न भिन्न कंपनियों के ठेकेदार अपनी मनमानी से कार्य कर रहे है। जहां पाईप लाईन को बिछाने के लिए गांवों की खड़ंजा, आरसीसी, इंटरलॉकिंग सड़कों को उजाड़ व नालियों को तोड़ रहे है। और उन सड़कों की मरम्मत ठीक ढंग से नहीं कर रहे हैं। जबकि सरकार द्वारा तोड़ फोड़ खड़ंजे रास्ते व नालियों के मरम्मत के लिए बजट दिया गया है, लेकिन ठेकेदारों द्वारा तोड़ फोड़ किये हुए खड़ंजे व रास्ते पर केवल मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है।



**वर्षों से ठप है निर्माण कार्य, जिम्मेदार मौन**

गोरखपुर जनपद के विकास खण्ड बड़हलगंज के ग्राम पंचायत बरडीहा में ओवर हेड टैंक का निर्माण कार्य वर्षो से बंद पड़ा है। इस कारण लोगों को जल जीवन मिशन का लाभ नहीं मिल रहा है इस सम्बन्ध में ग्राम प्रधान शारदा यादव ने बताया कि पानी टंकी अपूर्ण है एक वर्ष बीत जाने के बाद भी पानी की टंकी कार्य जस की तस पड़ी है । कार्य अवरुद्ध की शिकायत ठेकेदारों से बार बार की गई परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई ।

**जांच कराकर की जाएगी कार्रवाई: सीडीओ**

प्रकरण के संबंध में पूछे जाने पर मुख्य विकास अधिकारी संजय मीणा ने कहा मामले को संज्ञान में नहीं है, शीघ्र जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व विधायक समेत 6 पर हत्या का मुकदमा

**✻ पूर्व प्रधान के भाई की दुर्घटना में मौत का मामला, भाजपा विधायक लाश से कर रहे राजनीति: चंद्रभद्र सिंह**

जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर



दो जनप्रतिनिधियों के मध्य राजनैतिक महत्वाकांक्षा की जंग बड़ी घटना घटित होने का इशारा कर रही है। मायंग के पूर्व प्रधान राजदेव निषाद के भाई जयदेव निषाद की सड़क दुर्घटना में हुई मौत के बाद जिस प्रकार राजनैतिक दबाव में हत्या आदि धाराओ में केस दर्ज हुआ उससे ऐसे संकेत मिल रहे हैं। फिलहाल मृतक के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया है और पुलिस ने इन्वेस्टीगेशन शुरू कर दिया ही।धनपतगंज थानाक्षेत्र के मायंग निवासी पूर्व प्रधान रामदेव निषाद के भाई जगदेव निषाद अपने मित्र विनय यादव के साथ शुक्रवार शाम तीन बजे के आसपास शहर से घर बाइक से लौट रहे थे। कटका-मायंग रोड पर गोसाईगंज के महिलो गांव के पास पहुंचे एकाएक बाइक में झोला फंस गया। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर एक गड्ढे में जा गिरी। आनन फ़ानन में दोनों घायलो को राजकीय मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर पंहुचाया गया जहां से जयदेव निषाद व विनय यादव को ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर किया। जहां शनिवार की रात जयदेव मौत हो गई। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद जब शव पैतृक गांव पहुंचा तो दुर्घटना को राजनैतिक रूप दिया जाने लगा। पूर्व प्रधान कुछ सत्ता समर्थित नेताओं की हाथों की कठपुतली बन गए। जिसके बाद उन्होंने हत्या का आरोप लगाते हुए गोसाईगंज थाने में तहरीर दी।

पुलिस पर राजनैतिक दबाव ऐसा हावी रहा कि गोसाईगंज थाने में इसौली के पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू, उनके भाई यशभद्र सिंह मोनू समेत पांच नामजद व एक अज्ञात पर हत्या, जानलेवा हमले आदि का केस दर्ज किया गया। गोसाईगंज इंस्पेक्टर धीरज कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है सबूतों के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। इस घटना से जुड़ा एक सीसीटीवी व एक वायरल वीडियो सामने आया है। सीसीटीवी में साफ दिख रहा बाइक स्पीड में आकर मोड़ के पास गड्ढे में गिर गई। इसके आसपास कोई गाड़ी नहीं है जिससे इसको टक्कर मारी गई हो। वही वीडियो में दिख रहा है कि एक्सीडेंट के बाद लोग कैसे घायलो को निकालकर उन्हें अस्पताल भेज रहे।

बता दें कि किसी समय में मायंग के पूर्व प्रधान राजदेव निषाद पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह के खास हुआ करते थे। सत्ता बदली तो राजदेव ने भी पाला बदला। वो भाजपा विधायक के खेमे से जुड़ गए। ये बात भद्र बंधुओ को नागवार गुजरी। नतीजा यह हुआ कि नवंबर 2023 में राजदेव के विरुद्ध अविश्वास आ गया। दिसंबर माह में अविश्वास प्रस्ताव भारी बहुमत से पास हो गया। मतगणना में अविश्वास के पक्ष में 1379 तथा विपक्ष में 188 मत पड़े थे । वहीं सात मत अवैध घोषित किए गए। इस चुनावी परिणाम ने जहां पूर्व प्रधान व पूर्व विधायक के मध्य खाई खींची वही भाजपा विधायक की प्रतिष्ठा पर सीधा असर पड़ा। यहां से पूर्व विधायक और भाजपा विधायक में रार बढ़ी।उधर खुद पर दर्ज हुए केस को लेकर पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू ने मीडिया में अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा इस जिले के जनप्रतिनिधि विनोद सिंह (सुल्तानपुर विधायक) के पास नहीं कोई काम। चुनाव में जनता ने उन्हें जवाब दे दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि मुकदमे की पुलिस जांच करेगी कि मैं दोषी हूं या नहीं। यह सारा मुकदमा राजनैतिक षड़यंत्र के तहत मुझे फंसाने के लिए हुआ है। सोनू सिंह ने कहा जनता की राजनीति से उनको (विधायक विनोद सिंह) सरोकार नहीं है अब वे लाश से राजनीति कर रहे हैं। पूर्व विधायक ने कहा न मैंने घटना कराई न मेरा घटना से लेना-देना है।

# बदहाल विद्युत आपूर्ति को लेकर सड़क पर उतरे विनोवापुरी-सीताकुंड मोहल्लेवासी ,2 महीने से मिल रही 12 घंटे सप्लाई



जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर

सोमवार को नगरक्षेत्र के विनोवापुरी, सीताकुंड मोहल्ले के लोग बदहाल विधुत आपूर्ति के मुद्दे पर सड़क पर उतर आए। सभासद अरुण कुमार तिवारी के नेतृत्व में लोगों ने प्रदर्शन करते हुए सीएम को सम्बोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा है। जिसमे आरोप लगाया गया है कि दो महीने से इलाके में महज 12 घंटे ही बिजली सप्लाई दी जा रही है।

कोतवाली नगर का विनोवापुरी क्षेत्र पॉश एरिये में आता है। जहां हजारों की आबादी निवास करती है। यहां विद्युत आपूर्ति के लिए चार ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं बावजूद इसके पिछले दो महीनों से स्थानीय लोग बिजली की समस्या से जूझ रहे हैं। इसी को लेकर सोमवार को सभासद अरुण कुमार तिवारी के नेतृत्व में सैकड़ो लोगों ने सड़क पर आकर प्रदर्शन करना पड़ा। मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट प्रवीण कुमार को दिया गया है। इसमें उल्लेख है कि मोहल्ले वासियों को केएनआई फीडर से आपूर्ति दी जाती है। दो महीनों से स्थिति ये है कि शासन के निर्देश के अनुसार सप्लाई नहीं दी जा रही है। बिजली की आवाजाही से लोग परेशान हैं। लगातार 12 घंटे सप्लाई मिल पाना टेढ़ी खीर हो रहा है।

यह भी आरोप ज्ञापन में लगाया कि जब भी अधिकारी और कर्मचारी से बात करने के लिए फोन लगाया जाता है तो सियुजी नंबर पर बात नहीं हो पाती। आरोप तो ये भी है कि अगर फोन उठ गया तो सही जवाब देने के बजाए लोगों को धमकाते हुए जवाब दिया जाता है। इस बाबत अधिवक्ता मदन सिंह ने बताया कि विनोवापुरी, सीताकुंड आदि मोहल्ले में केएनआई फीडर से सप्लाई आती है। जहां रात-रात भर कटौती हो रही। दिन में कटौती होती है तो पूरा दिन नहीं आती। बहाना ये लिया जाता है कि फाल्ट है। यह कौन सी फाल्ट है जो पंद्रह मिनट मे ठीक हो जाती है। उन्होंने कहा निश्चित तौर पर जनता में आक्रोश है जो सड़क पर दिखाई पड़ेगा। वही अनुराग द्विवेदी ने बताया कि एक प्रतिनिधि मंडल डीएम से भी मिला। डीएम कृतिका ज्योत्सना ने अधीक्षण अभियंता को बुलाकर समस्या के निराकरण के आदेश दिए हैं।

# सपाइयों ने रक्तदान कर मनाया अखिलेश यादव का जन्मदिन

**✻ सेवा और संघर्ष से राजनीति को आगे बढ़ाना उद्देश्य - अनूप संडा**

जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर






सपाइयो ने सोमवार को रक्तदान कर सपा प्रमुख व पूर्व सीएम अखिलेश यादव का बर्थडे सैलिब्रेट किया। करीब पचास लोगों ने ब्लड डोनेट किया। सपा प्रवक्ता अनूप संडा ने **साथी हाथ बढ़ाना** के नाम से एक मुहिम चलाई थी।

जिसके तहत राजकीय मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में लोग डोनेशन को पहुंचे थे। अस्पताल में रक्तदान के लिए युवाओं की भीड़ लगी रही। पूर्व विधायक व राष्ट्रीय प्रवक्ता अनूप संडा के नेतृत्व में खासा लोग अस्पताल पहुंचे थे। यहां फीता काटकर ब्लड कैम्प का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर अनूप संडा ने मीडिया से कहा कि रक्तदान का उद्देश्य उन लोगों के लिए जो जरूरतमंद हैं जिनको रक्त की जरूरत है उनके लिए रक्त उपलब्ध कराना रहा है।

उन्होंने कहा हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ लोहिया के उस सिद्धांत को मानने वाले हैं जिसमे सेवा और संघर्ष से राजनीति को आगे बढ़ाया जाता है। इसलिए आज उनके जन्मदिन के अवसर पर साथी हाथ बढ़ाना अभियान जो लगातार समाज के लिए रचनात्मक कार्य करता रहता है उसके बैनर तले ये रक्तदान शिविर लगाया गया है। अखिलेश यादव के 51वें जन्मदिन के अवसर पर सपाई खासा खुश दिखाई दिए। जिले भर में अलग अलग जन्मदिन कार्यक्रम सपा पदाधिकारियो द्वारा आयोजित किया गया। जिसमे सपा का पीडीए वृक्षारोपण कार्यक्रम प्रमुख रहा। इसके अलावा केक काटकर व फल वितरित कर सपाइयो ने अपने नेता का जन्मदिन मनाया है।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन पर आज समाजवादी पार्टी के लंभुआ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक संतोष पांडे, इसौली विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह उर्फ सोनू उनके भाई ब्लॉक प्रमुख यशभद्र सिंह उर्फ मोनू ने सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष से मुलाकात कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी।

# जिला अधिकारी ने कलेक्ट्रेट में वृक्षारोपण कर वन महोत्सव का किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर

जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में वृक्षारोपण कर *एक पेड़ मां के नाम* अभियान के तहत वन महोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। साथ ही साथ कलेक्ट्रेट परिसर में प्रभागीय वनाधिकारी, अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा भी वृक्षारोपण किया गया।जिलाधिकारी ने कहा कि वन महोत्सव कार्यक्रम 1 जुलाई से 7 जुलाई तक चलेगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस वर्ष वन महोत्सव के दौरान हरित आवरण की मात्रा बढ़ाने के लिए 35 करोड़ पौधे लगाने का निर्णय लिया है।वन महोत्सव सप्ताह वृक्षारोपण गतिविधियों का एक राष्ट्रव्यापी उत्सव है। वन महोत्सव सप्ताह 1 जुलाई से 7 जुलाई तक मनाया जाता है। इस सप्ताह को इसलिए चुना गया है क्योंकि इस अवधि में भारत के कई हिस्सों में दक्षिण-पश्चिम मानसून का अनुभव होता है , जो वनीकरण के लिए अनुकूल स्थिति प्रदान करता है। वन महोत्सव सप्ताह न केवल वनीकरण के साथ मनाया जाता है, बल्कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों, जागरूकता अभियानों, शैक्षिक संगोष्ठियों आदि जैसी विभिन्न गतिविधियों के साथ भी मनाया जाता है। वन महोत्सव सप्ताह के पीछे प्राथमिक लक्ष्य पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने के लिए वनों के महत्व को बढ़ावा देना है। वन महोत्सव दिवस विशेष रूप से 1 जुलाई को मनाया जाता है, जो वन महोत्सव सप्ताह का सबसे महत्वपूर्ण दिन है।

# केरल राज्यपाल एएमयू के प्रो आरपी सिंह से मिले, बोले- आपका दिल स्टील का हो गया है

जन एक्सप्रेस | अलीगढ़

प्रो. सिंह को 8 अप्रैल 2024 को दिल का दौरा पड़ा था। डॉक्टरों ने एक स्टेंट डाला था। फिर मई और जून में दिल का दौरा पड़ा। इस दौरान दो-दो स्टेंट डाले गए। धीरे-धीरे उनकी हालत में सुधार हुआ है। केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान 30 जून को एएमयू के सेवानिवृत्त शिक्षक प्रो. आरपी सिंह के आवास पर पहुंचे। वह प्रो. सिंह से हंसते हुए बोले-अब आपका दिल स्टील का हो गया है, इसलिए मस्त रहिए। पिछले महीने प्रो. सिंह को दिल का दौरा पड़ा था, जिसमें पांच स्टेंट डाले गए थे। राज्यपाल करीब 40 मिनट तक उनके आवास पर रहे। अलीगढ़ के मैरिस रोड स्थित दुर्गाबाड़ी में प्रो. आरपी सिंह के आवास पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान दोपहर 3ः30 बजे पहुंचे थे। उन्होंने प्रो. सिंह का कुशलक्षेम पूछा। दोनों के बीच छात्र जीवन से दोस्ती है। वह एएमयू के वीएम हॉल में रहते थे। राज्यपाल और प्रो. सिंह के बीच एएमयू में पढ़ाई के दौरान हुई घटनाओं पर चर्चा हुई। बातचीत में शमशाद मार्केट का भी जिक्र आया। फिर राज्यपाल बोले-प्रोफेसर साहब, अब आपका दिल स्टील का हो गया, इसलिए कोई फिक्र करने की जरूरत नहीं है। जाते वक्त राज्यपाल ने प्रो. सिंह को अपना ख्याल रखने की सलाह दी और फिर आने का आश्वासन दिया। बता दें कि राज्यपाल पढ़ाई के दौरान प्रो. सिंह से जूनियर थे। आरिफ मोहम्मद खान एएमयू छात्रसंघ के सचिव और अध्यक्ष भी रहे हैं। प्रो. सिंह को 8 अप्रैल 2024 को दिल का दौरा पड़ा था। डॉक्टरों ने एक स्टेंट डाला था। फिर मई और जून में दिल का दौरा पड़ा। इस दौरान दो-दो स्टेंट डाले गए।

**नए कानून का पहला केस**

# जमीनी विवाद में कुए में दिया धक्का, चौथे दिन लखनऊ में इलाज के दौरान मौत, मां की तहरीर पर दर्ज हुआ मुकदमा

जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर

चांदा थानाअंतर्गत सेतापुर कोथरा खुर्द गांव में दो पक्ष में जमीन के लिए विवाद हुआ। जिसमे दूसरे पक्ष के लोगों ने एक युवक को कुए में धक्का देकर गिरा दिया था। लखनऊ में इलाज के दौरान सोमवार को उसकी मौत हो गई। उधर इस मामले में नए कानून के तहत जिले का पहला मुकदमा दर्ज किया गया है। मां की तहरीर पर केस दर्जकर पुलिस जांच कर रही है। सूचना पर एसपी सोमेन वर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है।

चांदा कोतवाली क्षेत्र के सेतापुर कोथरा खुर्द गांव में दो पक्षो में शुक्रवार सुबह जमीनी विवाद को लेकर मारपीट हुई थी।

धक्का मुक्की के दौरान घटनास्थल पर मौजूद कुए में ओम प्रकाश वर्मा उर्फ़ गुड्डू द्वारा धक्का देने पर प्रशांत वर्मा गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया था। चीख पुकार पर गांव वालो की मदद से उसे कुए से बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा में भर्ती कराया गया था। जहां से चिकित्सको ने उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया था।

वहां से उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया था।

सोमवार को वहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की मां उर्मिला देवी पत्नी जगदीश वर्मा की तहरीर पर चांदा थाने में भारतीय न्याय संहिता 110 का मुकदमा दर्ज कराया है। चांदा थाना प्रभारी रविंद्र सिंह ने बताया कि पूर्व में यह मुकदमा भारतीय दंड संहिता 308 में दर्ज होता था। अब यह नए कानून के तहत भारतीय न्याय संहिता 110 में तब्दील हुआ है। दोपहर बाद घटना की सूचना पाकर पुलिस अधीक्षक सुलतानपुर सोमेन वर्मा, क्षेत्राधिकारी लम्भुआ अब्दुल सलाम ने मातहतों के साथ घटना स्थल का जायजा लिया है।

# लखनऊ-वाराणसी नेशनल हाइवे पर बस व ट्रैक्टर में भीषण टक्कर, ट्रैक्टर चालक समेत दो की मौत

जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर



लखनऊ-वाराणसी नेशनल हाइवे पर बस व ट्रैक्टर में भीषण टक्कर हो गई। इसमें ट्रैक्टर चालक व उस पर सवार एक व्यक्ति को चोटे आई। चालक समेत दोनों की मौके पर मौत हुई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम में भेजकर विधिक कार्रवाई शुरू की है।

लम्भुआ कोतवाली क्षेत्र के दियरा रोड स्थित बाईपास के पास ओवर ब्रिज के पास बीती देर रात हादसा हुआ। परिवहन निगम की पिंक बस सेवा में लगी रोडवेज बस लखनऊ से वाराणसी के लिए जा रही थी। जब बस लम्भुआ के बाईपास स्थित ओवर ब्रिज के पास पहुंची तभी वाराणसी से लखनऊ जा रहे एक ट्रैक्टर बस की भिड़ंट हो गई। बस व ट्रैक्टर दोनों ही वाहन काफी स्पीड में थे। भिड़ंत होते ही ट्रैक्टर के परखच्चे उड़ गए। ट्रैक्टर चालक व उस पर सवार एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। आसपास के लोग तत्काल दोनों घायलों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान शाहजहांपुर निवासी अखिलेश कुमार (30) पुत्र जगदीश वर्मा व रायबरेली निवासी राहुल (32) पुत्र हरिशंकर के रूप में हुई है। लम्भुआ पुलिस ने दोनों शवो को पोस्टमार्टम में भेजकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बच्चों का डीएम, सीडीओ ने तिलक लगा व पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

जन एक्सप्रेस | अम्बेडकरनगर



जनपद में नव प्रवेश उत्सव के अवसर पर जिलाधिकारी अविनाश सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन ने विकास खण्ड जहांगीरगंज के उच्च प्राथमिक विद्यालय पहुंचकर नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा माला पहनकर, फूल से स्वागत किया गया। साथ ही साथ बच्चों को चॉकलेट, बिस्किट भी दिया गया।इस दौरान विद्यालय में उपस्थित अन्य बच्चों का भी माला पहनकर स्वागत किया गया।नव प्रवेश उत्सव के अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय कैंपस से **एक भी बच्चा छूटे ना, संकल्प हमारा टूटे ना** के स्लोगन के साथ जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी तथा अन्य अधिकारियों द्वारा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि आप लोगों के अभिभावक के खाते में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा डीबीटी के माध्यम से पैसा हस्तांतरण कर दिया गया है, जिसे आप लोग जूता-मोजा, बैग, ड्रेस का उपयोग करें एवं आप सभी लोग प्रतिदिन ड्रेस में विद्यालय आए और पढ़ाई कर आगे बढ़े । जिलाधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनपद के समस्त विद्यालयों के छात्रों की शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराएं। उन्होंने उपस्थित अध्यापकों को निर्देश देते हुए कहा कि वह पेरेंट्स मीटिंग कर अधिक से अधिक बच्चों का विद्यालय में प्रवेश करना सुनिश्चित करें, जिससे एक भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।

तत्पश्चात उन्होंने कहा कि जनपद के प्रत्येक विद्यालय में हैंड वॉश की उपलब्धता, शौचालय, किचन एवं परिसर की साफ सफाई तथा मीनू के अनुसार भोजन- पेयजल की व्यवस्था आदि में किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

नव प्रवेश उत्सव के अवसर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय जहांगीरगंज में पूर्व विधायक अनीता कमल, उप जिलाधिकारी आलापुर सदानंद सरोज, खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार पांडे, विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित शिक्षकगण एवं अभिभावक मौके पर उपस्थित रहे।

# अलीगढ़ जेल को राहत: 1202 क्षमता वाली में थे 4200 बंदी, साल भर में ही आगरा-इटावा शिफ्ट कर दिए 650

जन एक्सप्रेस | अलीगढ़

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बंदियों की संख्या में लगातार कमी आ रही है। पिछले एक वर्ष में बड़ी संख्या में कैदियों को आगरा व इटावा केंद्रीय कारागार शिफ्ट किया गया है। हाथरस जेल बनने के बाद भी यहां और राहत मिलेगी। क्षमता से तीन गुना अधिक बंदियों का बोझ झेल रहे अलीगढ़ जिला कारागार को अब कुछ राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर जिला कारागार से पिछले एक वर्ष में 650 कैदियों को आगरा-इटावा के केंद्रीय कारागार में स्थानांतरित किया गया है। सात वर्ष से कम सजा वाले लगभग 250 बंदियों को इस दौरान जमानत-मुचलकों पर रिहा किया गया है।

# आरोग्यम चिकित्सालय में मनाया गया चिकित्सक दिवस

जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर

जनपद के एनटीपीसी टांडा के आवासीय परिसर स्थित आरोग्यम चिकित्सालय में चिकित्सकों ने ए के चट्टोपाध्याय, कार्यकारी निदेशक, एनटीपीसी टांडा की उपस्थिति में चिकित्सक दिवस मनाया। यह दिवस प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ वी.सी.रॉय के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि चट्टोपाध्याय ने डॉ राय के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर चट्टोपाध्याय ने सामाजिक विकास में चिकित्सकों की भूमिका को रेखांकित करते हुए चिकित्सक एवं सहयोगी स्टाफ को सम्मानित कर उन्हे चिकित्सक दिवस की बधाई दी। महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएं) डॉ उदयन तिवारी ने अपने स्वागत संबोधन में डॉ रॉय का जीवन परिचय रखते हुए कहा कि डॉ वी.सी.रॉय चिकित्सा क्षेत्र के स्तम्भ तो थे ही इसी के साथ प्रथम पंक्ति के समाज सेवक के रुप में जाने जाते थे। उन्होने एनटीपीसी टांडा प्रबंधन के निरंतर सहयोग के लिए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर आरोग्यम चिकित्सालय के सभी चिकित्सको को उनके निःस्वार्थ योगदान के लिए सम्मानित किया गया। आयोजन में महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) नील कुमार शर्मा, महाप्रबंधक (परियोजना) अतुल कुमार गुप्ता, महाप्रबंधक (अनुरक्षण) वी.पी. दूबे, महाप्रबंधक (प्रचालन) अभय कुमार मिश्रा, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) रजनीश कुमार खेतान, चिकित्सालय के सभी चिकित्सकगण एवं चिकित्सालय स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

# संचारी रोग नियंत्रण/दस्तक अभियान रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

जन एक्सप्रेस | अम्बेडकरनगर



जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा संचारी रोग नियन्त्रण/दस्तक अभियान का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहाँगीरगज एवं पीएचसी रामनगर पर आशा बहुओं ए.एन.एम एवं आँगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवम् अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की रैली एवम् सम्बन्धित विभागों के वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने उपस्थित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को शपथ दिलाई कि-**हम अपने गाँव, ब्लॉक, जनपद और देश को रोग मुक्त कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम शपथ लेते हैं कि व्यक्तिगत साफ-सफाई का ध्यान रखेंगे, अपने घर के आस-पास साफ-सफाई रखेंगे, अपने गाँव और मोहल्ले के वातावरण को स्वच्छ रखेंगे तथा समुदाय को साफ-सफाई और स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे। संचारी रोग हमारे गांव अथवा क्षेत्र में रहने वाले परिवारों को आर्थिक नुकसान का एक बड़ा कारण हो सकते हैं। हम शपथ लेते हैं कि संचारी रोगों से लड़ाई में हम हर संभव प्रयास करेंगे कि हमारे परिवार और समुदाय इन रोगों से मुक्त रहें। हमारे गाँव अथवा हमारे आस-पास के क्षेत्र में यदि कोई व्यक्ति बुखार से पीड़ित होगा तो उसके परिवार को तुरन्त इलाज के लिए सरकारी अस्पताल जाने हेतु प्रेरित करेंगे।**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं उप जिलाधिकारी आलापुर ने जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी पूर्व विधायक त्रिवेणीराम एवम पूर्व विधायिका अनिता कमल को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अपने उद्बोधन में स्वास्थ्य कर्मियों, आशा बहुओं एवं आँगनबाड़ी कार्यकर्तीयों को आज से शुरू हो रहे संचारी और दस्तक अभियान के बारे में अभियान के महत्व और उनकी जिम्मेदारी और कर्तव्य के बारे में बताया। जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में बताया कि एक जुलाई से समस्त जनपदों में सरकार द्वारा चार कार्यक्रम की शुरूआत की जा रही 1जुलाई से 31 जुलाई तक संचारी रोग नियंत्रण, 11 से 31 जुलाई तक दस्तक, 1जुलाई से 31 अगस्त तक स्टॉप डायरिया एवम सर्व शिक्षा अभियान के अन्तर्गत स्कूल चलो अभियान। सरकार का लक्ष्य है कि उत्तर प्रदेश पूर्णतया शिक्षित और स्वस्थ्य प्रदेश के रूप में आगे बढ़े।हम सब को मिल कर देश को आगे बढ़ाना और विकसित करना है।उक्त अवसर पर उप जिलाधिकारी आलापुर, समस्त अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, तहसीलदार आलापुर, खण्ड विकास अधिकारी रामनगर-जहाँगीरगँज, सी डी पी ओ, डीएम सी यूनीसेफ, बीसीपीएम, एच ई ओ, मलेरिया इन्सपेक्टर, सीनियर लैब टैक्निशीयन जिला मलेरिया कार्यालय आदि ने प्रतिभाग किया।

## लागू हुए नये कानून के बारे मे जागरुक किया गया

**जन एक्सप्रेस/बरखेड़ा।** नए कानून को लेकर थाना बरखेड़ा में क्षेत्र के सम्मनित एवं जागरुक नागरिको को बुलाकर एक मीटिंग का आयोजन किया गया।वही जिसमे नए कानून का हर वर्ग ने स्वागत किया और जल्द न्याय मिलने का भरोसा किया।इस मौके पर क्षेत्राधिकारी प्रतीक दाहिया ने नए कानून के बारे में मौजूद लोगो को बताया है कि आज से पूर्व पंजीकृत मुकदमो में पुराने कानून के तहत प्रक्रिया चलेगी। तथा 1 जुलाई से दर्ज नए मुकदमो में बीएनएस के तहत कार्यवाही की जाएगी।बाद में उपजिलाधिकारी महिपाल सिंह ने बताया तीन कानून में परिवर्तन हुआ है। उसके बारे में बताया। पीड़ित पक्ष को एक नियत समय मे न्याय दिला सके। विवेचना एक नियत टाइम में पूर्ण की जाएगी मीडिया द्वारा उपलब्ध विडियो एवं फ़ोटो को माना जायेगा नए कानून में प्रावधान है। मीडिया के साक्ष्यो को एविडेन्स के रूप में साक्ष्य के रूप में माने जाने का प्रावधान होगा इस मीटिंग में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश गंगवार,नगर पंचायत चैयरमेन श्याम बिहारी भोजवाल, राजेन्द्र पाठक, रज़ा अंसारी, प्यारे लाल कश्यप, सुबोध गंगवार, गुलशेर अंसारी प्रधान खमरिया सहित क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि एवं नगर गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सपा कार्यकर्ताओं ने मनाया अखिलेश यादव का 51वां जन्मदिन

* जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी के नेतृत्व में 500 लोगों को किए गए वस्त्र वितरित
* वृक्षारोपण के साथ कराया भंडारा, सैकड़ो पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता रहे मौजूद





जन एक्सप्रेस । मुकेश कुमार

**पीलीभीत।** सपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी मुखिया का जन्मदिन उत्साह के साथ मनाया और केक काटा,उसके बाद वस्त्र वितरण एव भंडारा का आयोजन किया गया नकटादाना स्थित के.जी.एन.कालोनी पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन मनाते हुए सपाइयो ने उनके दीर्घायु होने की कामना की साथ ही 2027 के विधानसभा चुनाव में जीत का संकल्प लिया सोमवार को सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के 51 वे जन्मदिन के मौके पर कार्यालय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। उसके बाद के.जी.एन.कालोनी मे कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा व संचालन अमित पाठक ने किया।
इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि सभी के लिए यह एक खुशी का मौका है वह पार्टी अध्यक्ष की दीर्घायु की कामना करते हैं पार्टी समाजवादी विचारधारा को आगे बढ़ा रही है पार्टी अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जीवन तथा व्यवहार से समाजवादी विचारधारा अलग ही परिलक्षित होती है उन्होंने कहा कि पार्टी अध्यक्ष के चरित्र को सभी कार्यकर्ता व्यवहारिक रूप से अपने जीवन में भी अंगीकार करें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के 51वें जन्मदिन पर वह 2027 मे विजय का संकल्प लेते हैं।
इस दौरान पूर्व लोकसभा प्रत्याशी भगवत सरन गंगवार ने कहा की राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन से पूर्व ही प्रदेश की जनता ने उन्हे प्रदेश की तीसरी बड़ी पार्टी बना कर जो तोहफा दिया है वह यादगार है हम आज शपथ लेते है की राष्ट्रीय अध्यक्ष जी को प्रदेश का पुनः मुख्यमंत्री बनाने का कार्य करेंगे इसके लिये हम जी जान से आज से ही मेहनत से जुटेंगे। समाजवादी पार्टी के महासचिव नफीस अंसारी ने भी अपने सम्बोधन मे राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर दीर्घायु की कामना की साथ ही आए हुए लोगो को वस्त्र, भंडारा मे भी सहयोग किया एव सभी से राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के हाथो को मजबूत करने की अपील की तथा पार्टी को देश की सबसे बड़ी पार्टी बनाने का अहवाहन किया।
पूर्व प्रत्याशी बीसलपुर दिव्या गंगवार ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी को देश का ऐसा नेता कहा जिसके साथ महिलाएं खुद को सुरक्षित और सरक्षित महसूस करती हैं। इसके बाद जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा एवं पूर्व प्रत्याशी लोकसभा भगवत सरन गंगवार ने वृक्षारोपण किया एव भड़ारा कर 500 लोगो को वस्त्र वितरित किये कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने की तथा कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता एडवोकेट अमित पाठक ने किया।इस मौके पर प्रदेश सचिव फारूक कादरी व असलम जावेद अंसारी व वरिष्ठ सपा उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर बालक राम सागर, रुपाराम कश्यप, दिव्या गंगवार, आरती महेंद्र, मखदूम खां, काशीराम सरोज, राममूर्ति गंगवार, अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष रियाज खांन ने भी सम्बोधित किया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष विनोद वर्मा, शैलेश शर्मा, इम्तियाज अल्वी, शरफुद्दीन नूरी, रायबहादुर यादव महेश पटेल, नरेश कुमार, कमलेश कुमार पाल, केदारनाथ गौतम, गयासुद्दीन ज्योति प्रकाश शुक्ला, विशाल वाल्मीकि, संदीप सक्सेना, आसिफ़ अली कादरी, ने अकबर अहमद अंसारी, रमेश राजा, अब्दुल अज़ीज़ सलीम इदरीसी, जोविन प्रीत सिंह, प्रशांत अवस्थी, चांद अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।

# अब तारीख पर तारीख नहीं तीन साल में मिलेगा फैसला

* नाबालिग बालिका से किया बलात्कार तो होगी फांसी, नये भारत के नये कानून हुए आज से लागू

जन एक्सप्रेस । हजारा(पूरनपुर)




1 जुलाई 2024 से नए भारत के नए कानून के तहत तीन नए कानून आज से लागू हो गए हैं नए कानून की जानकारी देने के लिए इंडो नेपाल बॉर्डर क्षेत्र के थाना हजारा में सोमवार को बैठक थानाध्यक्ष की अध्यक्षता में की गई जिसमें नए कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है।
इंडो नेपाल बॉर्डर क्षेत्र के थाना हजारा में तीन नये कानून को लेकर हजारा थानाध्यक्ष ने हजारा थाना परिसर मे क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एव गणमान्य व्यक्तियों की एक बैठक कर विस्तृत रूप से जानकारी दी इस मौके पर काफी संख्या में महिलाएं भी मौजूद रही। हजारा थानाध्यक्ष प्रमेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को एक बैठक की गई जिसमें जानकारी देते हुए बताया कि 1 जुलाई से पूरे भारत में तीन नये कानून लागू किये गये कानून की जानकारी उपलब्ध कराने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में तीन नये कानून जिसमें भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू होने के सम्बन्ध मे जानकारी दी गयी। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष परमेंद्र कुमार ने बताया है कि किसी नाबालिग लड़की से प्यार शादी का झांसा देकर दुष्कर्म या बलात्कार करने पर नये कानून के तहत फांसी की सजा होगी। नये कानून में ई एफआईआर भी ग्रामीण दर्ज करा सकते हैं।
अब तारीख पर तारीख नहीं बल्कि तीन साल में फैसला मिलेगा। महिला अपराध पर नकेल लगाने के लिए बलात्कार के मामले में दस वर्ष की सजा तो वही आजीवन कारावास की सजा हो सकती है। इसके अलावा इन तीनों नये कानूनों के हर बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर प्रधान रमावती देवी, प्रधान पति सूर्यभान मदेशिया, शमशेर, अमरीक सिंह, गुरदेव सिंह, सत्यप्रकाश सिंह, इकबाल सिंह उर्फ पाले, बलजीत सिंह जुटाना, हरीश खंडूजा, नंदू सैनी, ग्राम सुरक्षा समिति अध्यक्ष परमजीत सिंह उर्फ पीजी, सतनाम सिंह साधन समिति अध्यक्ष योगेश कुमार श्रीवास्तव, चौधरी पदम सिंह, मुकेश कुमार, पीएचसी भरतपुर अस्पताल के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 मनोज कुमार आशा संगिनि आशा देवी लेखपाल भूपेंद्र शर्मा, नरेश चंद्र गंगवार उपनिरीक्षक तेजवीर सिंह उपनिरीक्षक यूटी विकास कुमार व कविराज सिंह महिला आरक्षी शिवानी मौर्य, रेणू भारती, आशा बहुएं सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# व्यापार मंडल के लखनऊ चुनाव में अनूप अग्रवाल बने जिलाध्यक्ष




जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रांतीय चुनाव चारबाग स्थित रविंद्रालय लखनऊ में संपन्न हुए जिसमें प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने अनूप अग्रवाल को जिला अध्यक्ष व शैली अग्रवाल को जिला महामंत्री पुनः दोबारा घोषित किया। संजय गुप्ता को नगर अध्यक्ष व अलाउददीन अंसारी को नगर महामंत्री मनोनयन किया।
राकेश वर्मा युवा नगर अध्यक्ष निमित्त अग्रवाल नगर महामंत्री 30 जून रविवार को महा व्यापारी सम्मेलन रवींद्रालय लखनऊ में सम्पन्न हुआ। जिसमें प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक बतौर मुख्य अतिथि रहे।
व्यापारी सम्मेलन में पीलीभीत से जाने वाले पदाधिकारियों में जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल, नगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, नगर महामंत्री अलाउददीन अंसारी, युवा नगर अध्यक्ष राकेश वर्मा, महामंत्री निमित्त अग्रवाल, उपाध्यक्ष फराज शाह खान, नगर वरिष्ठ मंत्री सईद अहमद अल्वी, नगर मंत्री ताहिर अली, नगर मंत्री मोइन खान, कानूनी सलाहकार देवेंद्र कश्यप मौजूद रहें।

# ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार एक की मौत, दो घायल

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

शाहगंज कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ताखा पूरब गांव के समीप ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई अन्य दो की हालत गंभीर घायल हो गये।
सरपतहां थाना क्षेत्र के घुघुरी सुल्तानपुर गांव निवासी 30 वर्षीय विनीत कुमार गौतम पुत्र राजेश गौतम अपने दोस्त मोहदीसराय निवासी 25 वर्षीय भूपेन्द्र कुमार पुत्र जगन्नाथ के साथ अपनी बुआ सुल्तानपुर जनपद के दोस्तपुर थाना क्षेत्र के कटघरा गांव में गया था। वहां से उनकी लड़की कटघरा निवासी 19 वर्षीया प्रियांजली पुत्री हरीश क साथ ले खैरुद्दीनपुर गांव में आया था। वहां से रविवार की देर शाम साढे सात बजे घर लौटते समय ताखा पूरब गांव समीप ट्रक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को उपचार के लिए राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया।चिकित्सकों ने इलाज के दौरान विनीत को मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को उपचार के लिए राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया।चिकित्सकों ने इलाज के दौरान विनीत को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनकर परिजनों मे कोहराम मच गया।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक लिखा-पढ़ी करते हुए पोस्ट मार्टम हेतु भेज दिया। वही प्रियांजली और भूपेन्द्र को प्राथमिक उपचार के उपरांत गम्भीर देख जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

# डॉक्टर्स डे पर 30 चिकित्सकों को किया गया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




लायंस क्लब क्षितिज द्वारा राजकीय चिकित्सालय में किए गए आयोजन में मुख्य अतिथि डॉक्टर लक्ष्मी सिंह सीएमओ द्वारा राजकीय पुरुष चिकित्सालय व राजकीय महिला चिकित्सालय में उत्कृष्ट कार्य हेतु लगभग 30 डॉक्टर्स को अंग वस्त्रंम व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर के के राय सीएमएस पुरुष चिकित्सालय व डॉक्टर एम के गुप्ता सीएमएस महिला चिकित्सालय उपस्थित रहे। लायंस क्लब क्षितिज अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने डॉक्टर्स डे पर प्रकाश डालते हुए कहा देश में डॉक्टर्स डे को पहली बार साल 1991 में मनाया गया था, तभी से हर साल 1 जुलाई को यह मनाया जाता है। यह बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. बी सी रॉय के सम्मान में मनाने का फैसला लिया गया। बी सी रॉय एक स्वतंत्रता सेनानी थे। बी सी रॉय को 4 फरवरी 1961 को भारत रत्न से नवाजा गया था। डॉक्टर्स डे क्योंकि बी सी रॉय के सम्मान में मनाया जाता है इसलिए यह खास दिन बी सी रॉय के जन्मतिथि के दिन मनाया जाता है। बी सी रॉय का जन्म 1 जुलाई 1882 को हुआ था और उनका निधन भी 1 जुलाई 1962 को हुआ था। 1 जुलाई डॉक्टर्स डे के रूप में मनाया जाने लगा।
मुख्य अतिथि लक्ष्मी सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉक्टर पूरे मन से अपने कार्यों को निष्पादित करते हैं लेकिन कभी-कभी उचित परिणाम न मिलने के कारण बहुत सी समस्याएं भी आती हैं। कार्यक्रम का सफल संचालन लायन अतुल सिंह व लायनेस अर्चना सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष लायन दिलीप सिंह, लायन विष्णु सहाय, लायन जय कृष्ण साहू, सचिव अजीत सोनकर, कोषाध्यक्ष दीपक साहू, विनय बरौतिया, डॉ. सतीष चंद्र मौर्या, सर्वेश जयसवाल, मनीष मौर्य, , डॉक्टर चंदन नाथ गुप्ता, लायन जगन्नाथ मोदनवाल सुड्डु, लायनेस चेतना साहू, सुषमा सोनकर, चांदनी साहू, ऋतु त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित रहे कार्यक्रम समाप्ति पर कार्यक्रम संयोजक लायन कौशल त्रिपाठी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने नव निर्मित विद्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया

**जन एक्सप्रेस/बरखेड़ा।** विकास खंड के गाजीपुर कुण्डा और केशोपुर मे कंपोजिट विद्यालय मे ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश गंगवार ने नव निर्मित प्राथमिक विद्यालय और पूर्व उच्च प्राथमिक विद्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया।वही विद्यालय खुलने पर पहुंचे छात्र-छात्राओ को खीर और हलुवा खिलाकर मुंह मीठा करवाया तथा उत्कृष्ट छात्र-छात्राओ को सम्मानित कर विद्यालय के प्रांगण मे वृक्षारोपण किया गया। वहीं इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी अजय कुमार, मीना गंगवार, संजय कुमार गंगवार, माखनलाल वर्मा, ओमकार वर्मा, ज्ञान प्रकाश गंगवार, देवेन्द्र कुमार वर्मा, राजेंद्र कुमार, हरि शंकर, रामबहादुर, तरुण दास, रुचि पचौरी, प्रज्ञा कुमारी राठौर, शिवानी गंगवार, फरहाना अंसारी सहित आदि लोग मौजूद रहे।

### मारपीट के मामले मे चार लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस/बरखेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव करनापुर करोड़ निवासी जसवंत पुत्र रामसिंह ने थाना पुलिस को तहरीर देते हुए बताया है की 29-6 को मेरे पिता रामसिंह पुत्र टीकाराम खेत पर काम करने जा रहे थे।वही खेत पर पुरानी रंजिश को लेकर भूपराम पुत्र नामालूम रमेश, रवि पुत्रगण भूपराम, राहुल पुत्र मेवाराम ने मेरे पिता को लाठी-डण्डे व लाते-घूसे से बुरी तरह मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी।और मारपीट से मेरे पिता को गम्भीर चोटे आई है।जिससे 108 एम्बुलेंस से सरकारी अस्पताल लेकर आया गया।जिनका उपचार करने के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।वही थाना पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर चार लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### कारगर में तीन नए आपराधिक कानून के तहत जानकारी प्रदान किए जाने के संबंध में शिविर का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस/पीलीभीत।** आज जहां 1 जुलाई को जिला कारागार में तीन नये आपराधिक कानूनों के तहत जानकारी प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में शिविर का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से उपस्थित बन्दियों को जानकारी प्रदान की गयी। जिसमें जिला संयुक्त बार के अध्यक्ष धीरेन्द्र मिश्रा, सिविल बार के अध्यक्ष विवेक पाण्डेय व सचिव मोहन गिरि तथा सेन्ट्रल बार के अध्यक्ष कुलविन्दर सिंह सहोता, सचिव विवेक अवस्थी उपस्थित रहे। साथ ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीलीभीत के अपर जिला जज सुनील कुमार पूर्णकालिक सचिव उपस्थित रहे तथा एलएडीसीएस के सदस्यगण भी मौजूद रहे। जिसमें जिला कारागार के जेल अधीक्षक तथा उपकारापाल भी मौजूद रहे। सेंट्रल बार के अध्यक्ष धीरेन्द्र मिश्रा के द्वारा उपस्थित बंदियों को विस्तार से नये कानूनों के बारे में बताया गया। अपर जिला जज सुनील कुमार ने भी बंदियों को विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की।

### जेसीबी-बाइक में टक्कर, युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस/जौनपुर।** मछलीशहर कोतवाली के मिर्जापुर गांव के निकट जेसीबी और बाइक की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। कोतवाली पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मडियाहु कोतवाली क्षेत्र के बड़ेरी गांव निवासी रविंद्र कुमार पाल 31 वर्ष पुत्र तेज बहादुर पाल रविवार रात मुंगरा बादशाहपुर से मछलीशहर की तरफ आ रहे थे। जौनपुर रायबरेली हाइवे के मिर्जापुर गांव स्थित शैल पुत्री पेट्रोल टंकी के सामने पहुंचे थे की विपरीत दिशा से आ रही जेसीबी असंतुलित होकर उनकी बाइक से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि रविंद्र कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। अगल बगल के लोगो ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना देते हुए शव को कब्जे में ले लिया। मामले बाबत प्रभारी निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह ने बताया की शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। घटना के बाद फरार जेसीबी और चालक को पीछा कर घाटमपुर गांव के निकट हिरासत में ले लिया गया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### असलहा के बल पर विवाहिता से दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस/जौनपुर।** सुजानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में विवाहिता अपने मायके आई थी। वही बगल के पड़ोसी में एक युवक रिश्तेदारी में आया था। शनिवार की रात युवती भोजन करके सोने चली गई। रात में करीब एक बजे युवक युवती के घर में घुस गया और असलहा दिखाकर जबरन दुष्कर्म किया। दुष्कर्म करने के बाद आरोपी युवक रात में ही रिश्तेदार के यहां से अपने घर चला गया। सुबह युवती ने थाने में तहरीर दी। युवती की तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के खिलाफ पास्को एक्ट/दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर लिया गया। आरोपी अवधेश चौहान पुत्र हनुमान दीन चौहान निवासी मुरैला बाजार, तेजीबाजार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस छानबीन में जुट गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक घनानंद त्रिपाठी ने बताया कि महिला की लिखित तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

### त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होनी चहिए: जिलाधिकारी

**जन एक्सप्रेस/जौनपुर।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में मोहर्रम तथा सावन माह के दृष्टिगत शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए, सौहार्दपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाये जाए। तहसील स्तर पर भी शांति समिति की बैठक संबंधित एसडीएम तथा थानाध्यक्ष द्वारा कर ली जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि 03 जुलाई तक तहसील स्तर पर यह मीटिंग हो जानी चाहिए। मोहर्रम के दौरान ताजिया निकालने का रुट पूर्व की भांति ही निर्धारित होंगे, इसमें किसी प्रकार का कोई बदलाव नहीं होगा। ताजिया की ऊंचाई 8 से 12 फीट के बीच ही रहनी चाहिए। इस दौरान किसी भी हाल में पेड़ अथवा तार हटाने की कार्रवाई नहीं की जाएगी। कर्बला को लेकर किसी विवादित स्थल के निस्तारण के पश्चात ही ताजिया रखे जाएं। समुदायों में टकराव की स्थिति उत्पन्न न हो। जहां कही भी ताजिया निकाले जाने है वहां पूर्व में ही उक्त मार्ग की पेट्रोलिंग कर ली जाए। ट्रैफिक, रूट डायवर्जन आदि की व्यवस्था पहले से ही कर ली जाए। डीजे का साउण्ड निर्धारित मानक के अनुसार ही रहना चाहिए। त्योहारों से पूर्व मार्गो की मरम्मत कर ली जाए। कर्बला व कावड़ के मार्ग तथा शिवालय जाने वाले मार्ग सहित अन्य प्रमुख मार्गों के मरम्मत के निर्देश पीडब्ल्यूडी को दिए गए तथा मार्गों की साफ-सफाई के निर्देश अधिशासी अधिकारी को दिए गए हैं। एसडीएम को निर्देशित किया गया कि कहीं भी जल-जमाव की स्थिति न हो। अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया गया कि कहीं भी लटकते हुए तार न पाए जाएं। कांवड़ियों के लिए सुविधा शिविर की व्यवस्था कर ली जाए। शिवालय पर जाने वाले मार्गों के साफ-सफाई कर ली जाए और अनावश्यक कोई नई परंपरा शुरू नहीं की जाए।

# उत्सव के रूप में मनाएं स्कूलों में नामांकन अभियान: दिव्या शुक्ला

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



प्राथमिक विद्यालय बथुआवर में सोमवार को आयोजित प्रवेश उत्सव मेले को संबोधित करते हुए जिला दिव्यांग अधिकारी दिव्या शुक्ला ने कहा कि स्कूलों में प्रवेश उत्सव के रूप में मनाए। इसके लिए शिक्षक अभिभावको के साथ मिलकर विशेष अभियान चलाए।
जिलाधिकारी द्वारा बनाए गए निपुण टास्क फोर्स के सदस्य के रूप में उन्होंने विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के सभी शिक्षक व अन्य सहयोगी उपस्थित पाए गए। उन्होंने मध्यान्ह भोजन योजना के तहत बनाए गए भोजन को छात्रों के साथ बैठकर किया। विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति संतोष जनक पाया गया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका संयुक्ता सिंह व अन्य शिक्षकों के कार्यों की सराहना किया। विद्यालय की साफ सफाई, दिव्यांग शौचालय की स्थिति सही पाया। प्रत्येक कक्षा लाइब्रेरी के साथ स्मार्ट क्लास और बैठने की ब्यवस्था अच्छे ढंग से मिलने पर तारीफ किया। उन्होंने अभिभावको से कहा कि परिषदीय स्कूलों में सारी ब्यवस्था मौजूद है। आप अपने बच्चों का प्रवेश ऐसे ही स्कूलों में कराए।
प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर में आयोजित प्रवेश उत्सव मेला में खंड शिक्षा अधिकारी आनंद प्रकाश सिंह ने अभिभावको को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानाध्यापक अमित सिंह व विद्यालय के शिक्षक मौजूद थे।
नौनिहालों का हुआ जोरदार स्वागत, खिले चेहरे-परिषदीय विद्यालयों में प्रवेश उत्सव धूमधाम के साथ मनाया गयाद्य जिसमें विद्यालय को रंगोली , गुब्बारों एवं फूल पत्तियों से सजाया गया। बच्चों का तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया, तत्पश्चात बच्चों को हलवा ,खीर आदि खिलाया गया। विद्यालय में सभी स्टाफ उत्साहित होकर बच्चों का स्वागत करते देखे गये।
इसी क्रम में शाहगंज ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय, बड़ागांव में भी स्वागत उत्सव धूमधाम से मनाया गया। अध्यापकों द्वारा परिसर बहुत आकर्षक बनाया गया था। ए आर पी एसोसिएशन के प्रदेश मंत्री एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्राथमिक संघ, शाहगंज प्रशांत मिश्र ने बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया। बच्चों नियमित विद्यालय आने हेतु प्रेरित किया। उपस्थित अभिभावकों से विद्यालय में अपना सहयोग देने हेतु अनुरोध किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक बुद्धिराम ने उपस्थित जन का आभार व्यक्त किया।विद्यालय में रविन्द्र नाथ यादव, ओमप्रकाश सोनकर, लालबहादुर, देवकी देवी उपस्थित रहीं।

# वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत किया वृक्षारोपण

जन एक्सप्रेस । हजारा(पूरनपुर)



वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत वेटलैंड क्षेत्र में पौधों का रोपण करते हुए ग्रामीणों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं उनकी सुरक्षा करने की विभागीय अधिकारियों ने अपील किया है। वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत सोमवार को हजारा थाना के मुरैना गांधीनगर वेटलैंड क्षेत्र में बफर जोन संपूर्णानगर वन रेंज के द्वारा पंचवटी वृक्षारोपण किया गया 1 जुलाई 2024 से 7 जुलाई 2024 तक वन महोत्सव कार्यक्रम मनाया जाएगा।इस कार्यक्रम के तहत सोमवार को संपूर्णानगर वन रेंज के क्षेत्रीय वन अधिकारी अनिल कुमार वन दारोगा पुष्कर सिंह वन रक्षक हीरालाल एवं जनप्रतिनिधियों ने मुरैना गांधीनगर के वैटलैंड क्षेत्र में पहुंचकर पंचवटी वृक्ष का रोपण करते हुए जल से सिंचित किया और ग्रामीणों को वन महोत्सव कार्यक्रम के दौरान अधिक से अधिक वृक्ष लगाने और उन्हें सुरक्षित रखने की अपिल किया है।पर्यावरण को बनाए रखने के लिए वृक्षों का रोपण होना बहुत जरूरी है।इस कार्यक्रम के तहत रामनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव प्रधान(पति) सूर्यभान प्रधान शमशेर आलम आदि ने भी अलग-अलग पौध रोपण किया है।इस कार्यक्रम के दौरान वन कर्मचारी रामकुमार उर्फ शेरा, महेंद्र कुमार,जवाहरलाल,ओम प्रकाश,शंभू, लक्ष्मण,एसटीएफ जवान रविंद्र कुमार व सुनील कुमार के अलावा परमजीत सिंह उर्फ पीजी,सतनाम सिंह,परवेज खान,पूर्व प्रधान परशुराम सहित अन्य दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# अधिवक्ता के भाई की निर्मम हत्या से मचा हड़कंप




जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो




बिल्हौर तहसील के घिमऊ गांव में रविवार और सोमवार की रात में अधिवक्ता गणेश तिवारी के भाई श्रीराम तिवारी 30 वर्षीय अपने मकान के बरामदे में मच्छरदानी लगाकर सो रहे थे। देर रात 11बजे तक सामने पुराने मकान में परिवार के साथ टीवी देख रहे थे। इसके बाद रोड के दूसरी तरफ 5 फीट की दूरी पर नए मकान में बरामदे में बिस्तर लगाकर सो गए जबकि इसी नये मकान के छत पर छोटा भाई रजत तिवारी और भतीजा भी सो रहे थे सोमवार सुबह लगभग 5:30 बजे मां सुनीता तिवारी जब सो कर उठी और अपने पुराने मकान से बाहर निकालने की कोशिश की बाहर से कुंडी बंद थी कई बार आवाज लगाई कोई नहीं बोला तो वह पुराने मकान की दूसरी मंजिल पर चढ़कर आवाज़ लगाई तो नए मकान में दूसरी मंजिल पर सो रहे छोटा भाई रजत तिवारी और भतीजा नीचे उतर के आकर देखा और पुराने मकान की कुंडी खोली तो परिवारीजन बरामदे में रक्त रंजित बुक सेलर श्रीराम तिवारी का शव मच्छरदानी के अंदर चारपाई पर पड़ा हुआ था और नीचे खून बह रहा था इसकी तत्काल सूचना परिजनों और पुलिस के लिए 112 नंबर की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने उच्च अधिकारियों को सूचित किया पल भर में थानाध्यक्ष केशव तिवारी अतिरिक्त प्रभारी सतीश चंद्र पुलिस बल के साथ पहुंचे कुछ देर बाद एसीपी अजय त्रिवेदी और करीब 10:00 डीसीपी विजय ढुल मौके पर पहुंचकर बारीकी से जांच कर पारिवारिक जनों से अलग-अलग बात की और अधीनस्थों को एकांत में पहुंचकर दिशा निर्देश देकर कानपुर चले गए 11:00 बजे करीब फॉरेंसिक टीम ने पहुंच कर खून के सैंपल मच्छरदानी तकिया हाथ को कब्जे में लेकर मृतक के सीमन का सैंपल भी एकत्रित किया इसके बाद शव का पंचनामा भरकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया मृतक के भाई अधिवक्ता भाई गणेश तिवारी ने उपरोक्त घटना को प्रार्थना पत्र में बुक सेलर काम में सहयोग करने वाले पारिवारिक ऋषभ व शिव तिवारी का भी अंकित किया है लेकिन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया है।

### कई बिंदुओं पर पुलिस कर रही जांच

पुलिस शाम 5 बजे तक एक दर्जन लोगों से पूछताछ कर चुकी है उसमें से कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया है। पुलिस 2010 में क्रिकेट खेलते वक्त वहां से गुजर रही लड़की से कमेंट किया था इसके बाद विवाद और मुकदमा पंजीकृत हुआ था 8 साल बाद समझौता भी हो गया है उस पर भी पुलिस जांच कर रही वहीं पर कुछ माह पहले बिजली के ट्यूबवेल से सिंचाई में लगभग 6 हजार रुपया का हिसाब हुआ था जिसमें रू600 न मिलने पर विवाद हुआ था उसमें भी समझौता हो गया मकान नए निर्माण में आसपास के नाली आदि के विवाद में कौन-कौन लोग शामिल हुए उसमें भी पुलिस जांच कर रही है।

### व्यावसायिक प्रतिद्वंद्विता को लेकर तो नहीं हुई हत्या

बुक सेलर में कम समय में लगभग 47 स्कूलों का काम मिल गया था इस काम में मृतक के चाचा के बेटे सहयोग करते थे पुलिस इस पर भी जांच कर रही है कहीं बढ़ते व्यापार को देखकर किसी के मन में लालच नहीं आ गया था। घटनास्थल पर कई स्कूल प्रबंधक भी पहुंचे उनसे बातचीत में पता चला कि वह अपने काम के लिए कई कई बार स्कूलों में जाकर मिन्नते करते थे किसी तरह से छोटा ही काम दे दो मुझको और वह उसमें कामयाब होते थे सरल स्वभाव के चलते आज इतने स्कूलों के प्रबंधकों ने उनसे जुड़ाव कर रखा था।




# ककवन थानाध्यक्ष की सीट खाली, चोर, उचक्के और खनन माफिया की बल्ले बल्ले

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के अति पिछड़े और कानपुर नगर से अधिक दूरी पर बसे कानपुर नगर, कानपुर देहात, कन्नौज और औरैया सीमा से सटा हुआ है जहां पर अपराधी अपराध को कारित करने के बाद में 10 मिनट के अंदर दूसरे जिलों में प्रवेश कर जाते हैं जिससे पुलिस हाथ मलते रह जाती है। ऐसे थाने में पिछले एक हफ्ता से थानाध्यक्ष की सीट खाली चल रही है वहीं पर कार्यवाहक बनाए गए थानाध्यक्ष अबरार अहमद को किसी तरह की कोई चिंता नहीं है चाहे थाना क्षेत्र पूरा लुट जाए चाहे खनन माफिया मिट्टी खोदकर गंगासागर बना दिया जाए उनको इससे कोई लेना-देना नहीं है सिर्फ वह फुटबॉल को इधर से उधर करना जानते हैं इसी कड़ी में रविवार रात नादिहा गांव में लाखों रुपए की चोरी हुई एक हफ्ता पहले खनन माफिया की डंपर जेसीबी और ट्रैक्टर मौके से पकड़ा गया था लेकिन थाना पहुंचा सिर्फ डंपर ही पहुंच सका बाकी रास्ते से ही गायब हो गए 2 दिन पहले खूब खनन होता रहा पुलिस को सूचना के बाद भी घटना स्थल पर नहीं पहुंची।

नादिहा गांव निवासी जितेंद्र सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह के घर चोरों ने छत के रास्ते से घर में दाखिल होकर नगद 3:30 लख रुपए और लगभग चार लाख का जेवर लेकर फरार हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन में लगी रही लेकिन कोई ठोस नतीजा नहीं निकला। एसीपी अजय त्रिवेदी, चौकी इंचार्ज कमल किशोर, फॉरेंसिक टीम, डॉग स्कोर मौके पर पहुंचे देर रात तक अधिकारियों का आना-जाना शुरू था।

# जम्मू कश्मीर से चला सीआरपीएफ जवान अपने घर बिल्हौर नहीं पहुंचा

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर कस्बे के वैष्णो नगर निवासी सत्येंद्र सिंह भदौरिया केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में हेड कांस्टेबल के पद पर हीरानगर, कठुआ, जम्मू कश्मीर में कार्यरत हैं 29 जून शनिवार को घर के लिए निकले थे कठुआ रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पकड़ने पहुंचे उससे पहले ट्रेन जा चुकी थी। उनकी ट्रेन छुटने की सूचना उन्होंने अपनी पत्नी सीमा को फोन कर दी रात फोन बंद रहा सीमा के अनुसार रविवार को दोपहर फोन खुला तो मेरी उनसे बात हुई उन्होंने बताया कि फोन बंद हो गया था आज ट्रेन पड़कर आ रहे हैं उसके बाद से फिर फोन बंद हो गया पत्नी सीमा ने बताया घर में 17 साल की एक बेटी और 13 साल का एक बेटा है ऐसा कभी नहीं हुआ है कि उनका फोन स्विच ऑफ हो जाए और वह समय से ट्रेन पड़कर बिल्हौर ना पहुंचे हो किसी अप्रिय घटना की आशंका जाहिर की है उन्होंने बताया कि थाना अध्यक्ष केशव तिवारी से प्रार्थना पत्र लेकर गए थे तो वहां बता दिया गया है कि आप की घटना कठुआ की है आप वहीं पर प्रार्थना पत्र दें और अपनी सूचना दें फौजी की पत्नी सीमा ने बताया कि वहां पर अधिकारियों को फोन द्वारा अवगत करा दिया गया है लेकिन वहां से अधिकारियों ने कहा है कि आप अपने थाने में भी इसकी सूचना दें।

# नगर पालिका के वार्ड नंबर 5 में बिजली के पोल से चिपक कर दो सांड़ व एक सांप की मौत

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर नगर पालिका के वार्ड नंबर 5 ग्रीन पैलेस के पास में दो बिजली खंभे लगे हुए हैं जहां पर अक्सर कूड़ा जमा होता रहता है आवारा गोवंश वहां पर कूड़े के ढेर र में अपना चार तलासते रहते हैं इसी कड़ी में रविवार की रात में बूंदाबांदी के चलते वहां पर गोवंश खंबे के पास खड़े देखे गए वहीं पर सुबह दो सांड मृत और एक सांप वहीं पर मृत पड़ा पाया गया सूचना पर पहुंचे वरिष्ठ सभासद अशोक चंद्र उर्फ गुड्डा तिवारी पहुंचकर उच्च अधिकारियों को अवगत कराया दोपहर पशु चिकित्सा अधिकारी संतोष द्विवेदी ने पीएम करने के उपरांत उनको गड्ढे में दफना दिया गया है इस संबंध में अधिशासी अधिकारी सुश्री अंजनी मिश्रा से फोन पर बात की तो उन्होंने बताया सफाई नायक को फोन कर बता दिया गया था और आगे की जानकारी उन्हीं से कर लें सफाई नायक विनोद ने फोन पर बताया कि हमारा काम सफाई कराने का है यह हमें जानकारी नहीं क्या हुआ है डॉक्टर को सूचना कर दी गई थी।

डॉक्टर से फोन पर कई बार संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया सभासद अशोक चंद्र उर्फ गुड्डा तिवारी ने बताया कि डॉक्टर ने बकायदे पोस्टमार्टम किया है और जेसीबी द्वारा सांडो के शवों को दफना दिया गया है।

सभासद ने बताया कि दो मांह पहले सांडों की संख्या नगर में बहुत थी अब कम होती जा रही है वह भी बिजी विभाग की लापरवाही के चलते मौतें हो रही हैं।

# 129 डॉक्टरों के भरोसे 31 लाख की आबादी



जन एक्सप्रेस । उन्नाव

जिले में 129 एमबीबीएस डॉक्टरों पर 31 लाख लोगों की सेहत बनाए रखने की जिम्मेदारी है। शासन स्तर से 233 डॉक्टरों के पद स्वीकृत हैं, लेकिन 104 पद रिक्त चल रहे हैं। डॉक्टरों पर अधिक भार होने से लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ कम मिल रहा है।

जिले में जिला महिला और पुरुष अस्पताल, 16 सीएचसी, 42 पीएचसी, दो 100 शैया अस्पताल हैं। सरकार स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाने के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन मंशा के मुताबिक इसका लाभ जनता को नहीं मिल रहा है। स्वास्थ्य सुविधाओं में सबसे अधिक कमी चिकित्सकों की है। आंकड़ों के मुताबिक, जिले में 31 लाख की आबादी के बीच 129 डॉक्टर हैं। मानकों के मुताबिक, पांच हजार की आबादी पर एक डॉक्टर का होना चाहिए।

लेकिन यहां 24031 लोगों पर एक डॉक्टर है।

### पांच हजार मरीजों को दिलाई टीबी से मुक्ति

जिला क्षय रोग नियंत्रण कार्यालय में तैनात डॉ. मनीष मिश्रा ने बताया कि पांच साल से वह जिला क्षय रोग नियंत्रण कार्यालय में तैनात हैं। यहां वह टीबी मरीजों की जांच और इलाज करते हैं। इसमें गंभीर मरीज भी आते हैं। बताया कि निजी अस्पतालों से वह मरीज को लाकर क्षय नियंत्रण कार्यालय में निशुल्क इलाज करते हैं। अभी तक उन्होंने पांच हजार से अधिक टीबी मरीजों को रोग मुक्त किया।

### सीने की बीमारी का इलाज कर लोगों को कर रहे स्वस्थ

जिला अस्पताल में तैनात डॉ. शोभित अग्निहोत्री मरीजों के सीने में होने वाली बीमारियों का इलाज करते हैं। निस्वार्थ भाव से मरीजों का उपचार कर रहें हैं। उन्होंने बताया कि निजी अस्पताल में लाखों रुपये खर्च करने के बाद मरीज उनके पास पहुंचते हैं। कई ऐसे भी होते हैं जो आर्थिक रूप से बेहद कमजोर होते हैं। बताया कि अभी तक उन्होंने गंभीर 4500 से अधिक मरीजों को स्वस्थ किया है।

> “डॉक्टरों की कमी के बाद भी मरीजों का समुचित इलाज किया जा रहा है। जिला अस्पताल में एक बेड पर दो-दो मरीज भर्ती कर उनका इलाज किया जा रहा है। इसके अलावा सभी डॉक्टर समय से मरीजों को देख रहे हैं। जल्द ही डॉक्टरों की कमी पूरी हो इसका पूरा प्रयास किया जा रहा है।
>
> डॉ. सत्यप्रकाश, सीएमओ

# जिले के कई अफसरों का तबादला संदीप कुमार बने नए बीएसए

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

उत्तर प्रदेश में 30 जिलों में नए बेसिक शिक्षा अधिकारियों (बीएसए) की तैनाती की गई है। रविवार की देर रात बेसिक शिक्षा विभाग में स्थानांतरण की सूची जारी की गईं। राजकीय इंटर कालेज हापुड़ के प्राचार्य संदीप कुमार यूपी के इस जिले के बीएसए बने हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी उपासना रानी वर्मा राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण विद्यालय प्रयागराज की प्राचार्य बनी हैं।

राजकीय इंटर कालेज हापुड़ के प्राचार्य संदीप कुमार कन्नौज जिले के बीएसए बने हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी उपासना रानी वर्मा राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण विद्यालय प्रयागराज की प्राचार्य बनी हैं। खंड शिक्षा अधिकारी मधूलिका वाजपेई उन्नाव से कन्नौज आईं हैं। इसी तरह उपायुक्त मनरेगा दयाराम यादव का प्रतापगढ़ परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण के पद गए हैं। अभी इनकी जगह पर कोई नहीं आया है। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी मनोज गहराना कन्नौज से फिरोजाबाद गए हैं।

**अधिशासी अभियंता नलकूप का प्रयागराज हुआ तबादला**

खाद्य क्षेत्रीय अधिकारी बहादुर सिंह हमीरपुर से कन्नौज आए हैं। अधिशासी अभियंता नलकूप हरीश शर्मा का प्रयागराज तबादला हुआ है। इसी तरह जेल अधीक्षक प्रमोद कुमार त्रिपाठी का फतेहपुर जनपद भेजे गए हैं। हालांकि इनकी जगह पर कोई नहीं आया नहीं है।

**जिला समाज कल्याण अधिकारी पहुंची रायबरेली**

जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी तनुज त्रिपाठी का बलरामपुर जनपद गए हैं। इनकी जगह पर मैनपुरी से महेंद्र प्रताप सिंह आएं है। जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी रायबरेली गई हैं। इनकी जगह पर बाराबंकी से आए सत्य प्रकाश सिंह जिला समाज कल्याण अधिकारी बने हैं।

# उफनाया नाला, सदर बाजार में जलभराव

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

तेज बारिश से पहले ही शहर के नाले उफना रहे हैं। 26 दिन के अंतराल में सदर बाजार का नाला दूसरी बार उफनाया और बड़ा चौराहा व कचौड़ी गली में गंदा पानी भर गया। लोगों को काफी परेशानी हुई। यातायात भी प्रभावित हुआ। बड़ा चौराहा पर कचौड़ी वाली गली को जाने वाले रास्ते के मोड़ पर बड़ा नाला है। नाले की सफाई न होने से अक्सर उफना जाता है। रविवार सुबह 10 बजे नाला उफना गया। इससे बड़ा चौराहा, सदर बाजार, धवन रोड और सब्जी मंडी की ओर जाने वाले मार्ग पर जलभराव हो गया। मिठाई, नमकीन, सराफा दुकान के लिए मशहूर कचौड़ी वाली गली में भी कई फिट पानी भर गया। लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कीचड़ से होकर निकल रहे लोगों में कई के कपड़े खराब हो गए। गंदगी और दुर्गंध से खानपान सामग्री विक्रेताओं का व्यापार भी कई घंटे चौपट रहा। शिकायत पर करीब 11 बजे नगर पालिका के कर्मचारी पहुंचे और जलभराव खत्म करने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद सीवरेज टैंक से पानी को खींचने के बाद किसी तरह पानी निकला और जलभराव खत्म हुआ। दुकानदार राजीव कुमार, शिवम, नितिन, मनोज कुमार, सचिन आदि ने बताया कि अक्सर नाला उफनाने से परेशानी होती है। नगर पालिका में शिकायत की गई लेकिन स्थायी समाधान नहीं हो सका है। स्वास्थ्य निरीक्षक रश्मी पुष्कर ने बताया कि कचरा फंसने से पानी नहीं निकल पा रहा था। उसे साफ करा दिया गया है। सदर बाजार में नए नाले का निर्माण चल रहा है।

## पुलिस ऑफिस में भारतीय न्याय संहिता को लेकर गोष्ठी का आयोजन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। कल 1 जुलाई 2024 को भारत सरकार द्वारा जारी गजट के आधार पर पुरानी संहिता (आईपीसी, सीआरपीसी व साक्ष्य अधिनियम) के स्थान पर नई संहिता- लागू होने वाली भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के बारे में जागरूकता के उद्देश्य से पुलिस कार्यालय स्थित सभागार में आयोजित गोष्ठी का राष्ट्रगान के साथ शुभारम्भ किया गया, इस अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त, अपराध विपिन कुमार मिश्रा तथा अपर पुलिस आयुक्त, कानून एवं व्यवस्था हरीश चन्दर व अन्य अधिकारी तथा बड़ी संख्या में मीडिया कर्मी उपस्थित रहे।

# पुरानी पेंशन का शासनादेश जारी होने पर जताई खुशी

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

विशिष्ट बीटीसी शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन ने शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन का शासनादेश जारी होने पर खुशी जताई है। निराला पार्क में हुई इकाई की बैठक में एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय कुमार ने कहा कि सरकार का फैसला शिक्षकों और कर्मचारियों के हित में है। बताया कि ऐसे शिक्षक व कर्मचारी जिनकी नियुक्ति का विज्ञापन एनपीएस योजना लागू किए जाने के लिए 28 मार्च 2005 से पूर्व जारी हुआ था लेकिन सेवा में एक अप्रैल 2005 के बाद आए हैं, उन्हें पुरानी पेंशन का लाभ मिल सकेगा। इसका 28 जून 2024 को शासनादेश भी जारी कर दिया गया। संगठन के महामंत्री अमित सिंह बताया कि सरकार के इस फैसले से जिले में परिषदीय विद्यालयों के लगभग 750 शिक्षक लाभान्वित होंगे। विशिष्ट बीटीसी 2004 के 600 शिक्षक शिक्षिकाओं के अलावा बीटीसी 2001 व कुछ अन्य शिक्षक भी पुरानी पेंशन का लाभ पाएंगे। विशिष्ट बीटीसी शिक्षक पिछले 19 वर्षों से संघर्ष कर रहे थे। बैठक में पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। सभी ने बैठक के बाद शिक्षक विधायक राज बहादुर सिंह चंदेल के आवास पर जाकर उनका कराकर आभार जताया।

# विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में किया वृक्षारोपण



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के निर्देशानुसार व चंद्रशेखर आजाद एवं कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह के निर्देशन में 1 जुलाई से 7 जुलाई तक चलाए जा रहे वृक्षारोपण साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें वरिष्ठ गृह वैज्ञानिक डॉ.मिथिलेश वर्मा ने बताया कि पर्यावरण को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण कार्यक्रम को आज के परिवेश में जनांदोलन बनाने की जरूरत है। इसी क्रम में कृषि विज्ञान केंद्र दलीप नगर के वैज्ञानिकों द्वारा लगातार जनजागृति अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा जितनी ज्यादा हरियाली होगी उतना ही अधिक स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण होगा। इस अवसर पर उद्यान वैज्ञानिक डॉ.अरुण कुमार सिंह ने कहा कि पेड़ों से हमें विभिन्न प्रकार के फलों और सब्जियों की प्रचुरता प्रदान होती है और पेड वातावरण में नमी के स्तर को नियंत्रित करने के साथ मिट्टी के कटान को रोकने में भी सहायक है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण में बढ़ते प्रदूषण की वजह से वृक्षारोपण की आवश्यकता इन दिनों अधिक हो गई है।डॉ. सिंह ने वृक्ष पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक पेड़ लगाने और जंगलों के निर्माण या कम से कम शेष जंगलों को जीवित रखने की अपील की है। इस वृहद वृक्षारोपण के अवसर पर मृदा वैज्ञानिक डॉ. खलील खान, डॉ. शशिकांत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# डॉक्टर्स डे पर पांच चिकित्सकों को किया गया सम्मानित




जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




1 जुलाई को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर खुशहाल बेटियां खुशहाल समाज समिति विगत वर्षों से शहर के जाने-माने पांच डॉक्टरों का सम्मान करती आ रही है इसी क्रम में इस वर्ष मनुष्य के जीवन को स्वस्थ रखने में अहम भूमिका निभाने वाले शहर के जाने-माने 5 डॉक्टर्स का अभिनंदन किया गया जिन्होंने अपने चिकित्सीय जीवन के साथ-साथ सामाजिक जीवन में भी अपना बहुमूल्य योगदान दिया है । इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष एकता मिश्रा जी, सचिव अर्चना मिश्रा, सह कोषाध्यक्ष लक्ष्मी शुक्ला , पूर्व अध्यक्ष साधना दीक्षित, ममता गुप्ता, रश्मि मिश्रा , चित्रा निगम, बरखा श्रीवास्तव एवं भरत कौशिक द्वारा संस्था ऐसे महानुभावों को सम्मानित करके अपने आप को गौरबांवित महसूस करती है पुनः राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस की आप सभी को ढेरों बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

**सम्मानित लोगों में मुख्य रूप से ये रहे...**

- डॉ जगदीश रावत कैंसर रोग विशेषज्ञ
- डॉ मनीष वर्मा डायरेक्टर ऑफ़ फार्च्यून हॉस्पिटल,
- डॉक्टर कमल त्रिवेदी एम डी केएमसी हॉस्पिटल,
- डा0 आयुषी पाण्डे ( डिपार्टमेंट ऑफ न्यूरोलॉजी हैलट हॉस्पिटल)
- डॉक्टर श्रेया अवस्थी

# आज सदन में राहुल को जवाब देंगे पीएम मोदी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



लोकसभा के अंदर और बाहर राहुल गांधी के बयान पर हंगामा मच गया। सदन के भीतर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने नेता प्रतिपक्ष के बयान पर सवाल खड़े किए तो सदन के बाहर भी भाजपा नेताओं ने राहुल के बयान पर कड़ा विरोध दर्ज किया। राहुल गांधी ने अपने संबोधन में कहा था कि सत्तारूढ़ दल के नेता हिंदू नहीं हैं क्योंकि वे हिंसा और बंटवारे की राजनीति को बढ़ावा देते हैं। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी राहुल गांधी को जवाब देंगे।

### तत्काल माफी मांगें राहुल गांधी: जेपी नड्डा

एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ये एक गंभीर मुद्दा है क्योंकि राहुल गांधी ने पूरे हिंदू समाज को हिंसक बाताया है। उधर गृहमंत्री अमित शाह और अन्य मंत्रियों ने भी कांग्रेस नेता से माफी मांगने को कहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने एक्स पर लिखा 'राहुल गांधी को अपने बयान के लिए तुरंत माफी मांगनी चाहिए। हिंदुओं के खिलाफ ऐसी नफरत रुकनी चाहिए।' जेपी नड्डा ने आगे लिखा है कि राहुल गांधी के बयान से स्पष्ट होता है कि उनमें मानवता नहीं बची है। केंद्रीय मंत्री के अनुसार राहुल गांधी भले ही पांचवीं बार सांसद बने हों लेकिन अब तक उन्हें संसदीय नियमों की जानकारी नहीं है।

### सदन के नियमों का सामना करना पड़ेगा: रिजिजू

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू का कहना है कि अगर विपक्ष के नेता ने सदन में झूठ बोला है तो उन्हें सदन के नियमों का सामना करना पड़ेगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कल संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राहुल गांधी की टिप्पणियों का जवाब देंगे। उन्होंने कहा 'जिस दौरान राहुल गांधी सदन में बोल रहे थे, उस दौरान पीएम मोदी भी वहां मौजूद थे। स्पीकर ने नेता प्रतिपक्ष को बार-बार कहा कि अपना वक्तव्य रखते समय स्पीकर की तरफ पीठ नहीं करनी चाहिए लेकिन, राहुल गांधी बार बार अपने सांसदों की तरफ देख रहे थे और स्पीकर की तरफ पीठ कर रहे थे। सदन में वाद-विवाद का स्तर इतना गिर गया और हमने ऐसा इससे पहले कभी नहीं देखा था। आज संसद में नए सांसदों को राहुल गांधी से कुछ भी सीखने को नहीं मिला। कांग्रेस में कुछ वरिष्ठ कांग्रेसी नेता भी हैं और मैं अपील करता हूं कि राहुल गांधी को कुछ ज्ञान दें।' रिजिजू ने आगे कहा कि लोकसभा स्पीकर ने पहले ही सदन में आश्वासन दिया है कि वे इस संबंध में आवश्यक और उचित निर्देश देंगे।

### विदेश मंत्री एस जयशंकर का राहुल पर वार

उधर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने एक्स पर लिखा 'अब सदन में ऐसे नेता प्रतिपक्ष भी हैं, जो सभी के साथ भाईचारे का वादा करने के बीच हिंदुओं पर हमला कर रहे हैं। ऐसे नेता, जो भारतीय सेना की वीरता पर सवाल उठाते हैं और अब उनके शुभचिंतक बनने की कोशिश कर रहे हैं। जो संविधान की कसम खाते हैं और सदन में केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों की प्रति फाड़ते हैं।

### राहुल का बयान बेहद गैरजिम्मेदाराना: अश्विनी वैष्णव

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी राहुल गांधी के संसद में दिए गए बयान पर पलटवार किया। उन्होंने कहा, 'नेता प्रतिपक्ष का पद एक बड़ी जिम्मेदारियों वाला पद है। राहुल गांधी ने पहली बार यह पद संभाला लेकिन जिम्मेदारियों को अपने कंधे पर लेने के बजाय उन्होंने सदन में बहुत ही गैर-जिम्मेदाराना बयान दिया।' केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा, 'राहुल गांधी ने कहा कि अग्निवीरों के सर्वोच्च बलिदान पर मुआवजा नहीं मिलता, जो कि सबसे बड़ा झूठ है। उन्हें सदन में पेश किए गए अपने तथ्यों पर नजर डालनी चाहिए।'

### जब तक देश में हिंदुत्व रहेगा, शांति बनी रहेगी: जी किशन रेड्डी

संसद में राहुल गांधी द्वारा की गई टिप्पणी पर केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा कि जब तक भारत में अधिक संख्या में हिंदू रहेंगे, तब तक लोकतंत्र बचा रहेगा और शांति भी बनी रहेगी। उन्होंने संसद परिसर में कहा, 'मैं राहुल गांधी को यह बताना चाहता हूं कि जब तक हिंदुत्व रहेगा, तब तक देश में लोकतंत्र और शांति बनी रहेगी। आप आज दुनियाभर में देखिए। पाकिस्तान और दुनिया के कई देशों में अशांति फैली हुई है, जबकि भारत में शांति बनी हुई है।'

### केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने भी साधा निशाना

केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने भी राहुल पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष हर समय अधारहीन बयानबाजी करते हैं। उन्होंने कहा 'राहुल गांधी ने नेता प्रतिपक्ष के पद की गरिमा को शर्मसार किया है।' भारतीय जनता पार्टी सांसद संजय जायसवाल ने भी राहुल गांधी को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर कुछ नहीं कहा लेकिन, इसके अलावा उन्होंने सब कुछ कह दिया।

# उत्तर-पश्चिम भारत में 122 साल बाद सबसे गर्म जून



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

अलग-अलग कारणों से बदल रहे मौसम और अचानक होने वाली बारिश के बावजूद जून, 2024 में सामान्य से कम बारिश हुई है। मौसम विभाग की तरफ से जारी ताजा आंकड़ों के मुताबिक जून में 11 फीसदी कम बारिश दर्ज की गई है। ढ्ढरूस्ठ ने बकाया कि देश में जून महीने में औसतन 165.3 एमएम बारिश होती है, लेकिन इस साल केवल 147.2 मिमी बारिश दर्ज की गई। 2001 के बाद यह सातवीं सबसे कम बारिश वाला महीना रहा। बीते पांच साल में कभी भी जून में 11 फीसदी कम बारिश नहीं देखी गई। मौसम विभाग के मुताबिक महाराष्ट्र तक मानसून सामान्य रूप से आगे बढ़ा, लेकिन इसके बाद बारिश के अनुकूल हालात नहीं बने। पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड, बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में कमजोर मानसून के कारण बारिश का इंतजार बढ़ गया। इस कारण उत्तर पश्चिम भारत में भीषण गर्मी का असर और अधिक बढ़ गया।

### इस कारण कुल मिलाकर सामान्य से कम बरसात

आईएमडी ने बताया कि देश में चार महीनों के मानसून सीजन के दौरान कुल 87 सेंटीमीटर बारिश हुई है। इसमें 15 फीसदी बरसात जून के महीने में हुई है। 30 मई को केरल और पूर्वोत्तर भारत के क्षेत्रों में मानसून ने समय से पहले दस्तक दी थी। इस आधार पर अनुमान था कि बारिश अच्छी होगी। हालांकि, आंकड़े सामने आने के बाद 11 फीसदी की कमी दर्ज की गई है। मौसम विभाग प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने कहा, देश में 11 जून से 27 जून तक सामान्य से कम वर्षा दर्ज की गई। इसके कारण कुल मिलाकर सामान्य से कम बरसात दर्ज की गई। मुताबिक उत्तर पश्चिम भारत में 33 प्रतिशत कम बारिश हुई, जबकि मध्य भारत में 14 फीसदी की गिरावट देखी गई। पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में 13 फीसदी कम बारिश रिकॉर्ड की गई। केवल दक्षिण भारत में ही 14 फीसदी अतिरिक्त बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने बताया कि देश के 12 फीसदी उपमंडल क्षेत्रों में अत्यधिक बारिश देखी गई। 38 फीसदी इलाकों में सामान्य बारिश दर्ज की गई। 50 फीसदी इलाकों में अल्प वर्षा हुई। ढ्ढरूस्ठ के आंकड़ों के मुताबिक पिछले 25 वर्षों में से 20 साल ऐसे रहे जब जून में वर्षा सामान्य से कम (लंबी अवधि की औसत रिकॉर्ड की गई। इसी औसत के आधार पर बीते 25 में 20 साल की अवधि में जुलाई में बरसात सामान्य या सामान्य से अधिक रही।

### केवल दक्षिण भारत में 14 फीसदी अतिरिक्त बारिश

मौसम विभाग प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने कहा, देश में 11 जून से 27 जून तक सामान्य से कम वर्षा दर्ज की गई। इसके कारण कुल मिलाकर सामान्य से कम बरसात दर्ज की गई। आईएमडी के मुताबिक उत्तर पश्चिम भारत में 33 प्रतिशत कम बारिश हुई, जबकि मध्य भारत में 14 फीसदी की गिरावट देखी गई। पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में 13 फीसदी कम बारिश रिकॉर्ड की गई। केवल दक्षिण भारत में ही 14 फीसदी अतिरिक्त बारिश दर्ज की गई।

### बीते 25 में 17 साल जून में सामान्य से कम बारिश हुई

ढ्ढरूस्ठ के आंकड़ों के मुताबिक रुझ्रसे इतर सामान्य रूप से देखने पर बीते 25 में 17 साल ऐसे रहे जब जून में सामान्य से कम बारिश हुई। हालांकि, इन 17 वर्षों में मौसमी बारिश सामान्य या सामान्य से अधिक रिकॉर्ड की गई। यह जानना भी रोचक है कि बीते एक महीने के दौरान बारिश में कमी आने की खबरों के साथ ही देश के कुछ राज्यों में अचानक मौसम बदलने और बादल फटने की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण अति वृष्टि, अनावृष्टि और अल्पवृष्टि जैसे हालात पैदा हो रहे हैं।

### पिछले हफ्ते दिल्ली में भारी बारिश बादल फटने का नतीजा नहीं

मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह भी साफ किया है कि पिछले हफ्ते दिल्ली में हुई भारी बारिश बादल फटने का नतीजा नहीं थी। आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने दिल्ली के प्राथमिक मौसम केंद्र सफदरजंग वेधशाला के हवाले से यह दावा किया। उन्होंने कहा कि 28 जून को सुबह 5 से 6 बजे के बीच 91 मिलीमीटर (मिमी) बारिश दर्ज की गई। इसी दिन सुबह 8.30 बजे से पहले के 24 घंटों में 228.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इसी तरह, लोधी रोड मौसम केंद्र ने सुबह 5 बजे से 6 बजे तक 64 मिमी और सुबह 6 बजे से 7 बजे तक 89 मिमी बारिश दर्ज की। इन घटनाओं को बादल फटने की घटना नहीं कहा जा सकता। हालांकि, मंजर बादल फटने जैसे ही थे।

### 28 जून की सुबह तेज आंधी और भारी बारिश

बता दें कि ऐसे मौसम के पीछे कारण को लेकर आईएमडी पहले भी कह चुका है कि बड़े पैमाने पर मानसून की मौसम प्रणालियों में बदलाव हुए। इस कारण दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में ऐसे हालात पैदा हुए, जिससे 28 जून की सुबह तेज आंधी चली और भारी बारिश भी हुई।

### 88 साल का रिकॉर्ड टूटा

दिल्ली में जून में औसत वर्षा 74.1 मिमी होती रही है। हालांकि, इस बार 28 जून को तीन गुना अधिक बरसात हुई। दिल्ली-एनसीआर में एक ही दिन में करीब 228 मिमी बारिश से 88 वर्षों का रिकॉर्ड टूट गया और 1936 के बाद जून में पहली बार इतनी बारिश हुई। आईएमडी के अनुसार, एक दिन में 124.5 से 244.4 मिमी के बीच होने वाली वर्षा को बहुत भारी वर्षा की श्रेणी में गिना जाता है।

### उत्तर-पश्चिम भारत में जून में रिकॉर्ड गर्मी

उत्तर-पश्चिम भारत में वर्ष 1901 के बाद से जून, 2024 का महीना अब तक का सर्वाधिक गर्म रहा। मौसम विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को बताया कि जून महीने में औसत तापमान 31.73 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उत्तर-पश्चिम भारत में जून के महीने का औसत अधिकतम तापमान सामान्य से 1.96 डिग्री सेल्सियस अधिक 38.02 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### जुलाई में सामान्य से अधिक बारिश का पूर्वानुमान

मौसम विभाग ने बताया कि पूर्वोत्तर क्षेत्र के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश में जुलाई में सामान्य से अधिक बारिश हो सकती है। पूरे देश में जुलाई की औसत बारिश सामान्य से अधिक होने की संभावना है जो लंबी अवधि के औसत (एलपीए) 28.04 सेमी से 106 प्रतिशत अधिक रह सकती है। उन्होंने कहा, पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों और उत्तर-पश्चिम, पूर्व और दक्षिण-पूर्वी प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है। पश्चिमी तट को छोड़कर उत्तर-पश्चिम भारत और दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत के कई हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे रहने की संभावना है। मध्य भारत, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों और पश्चिमी तट पर सामान्य से अधिक तापमान रहने की संभावना है। उत्तर-पश्चिम के कुछ हिस्सों और मध्य भारत के आस-पास के इलाकों और दक्षिण-पूर्वी प्रायद्वीपीय भारत के कुछ हिस्सों को छोड़कर देश के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान सामान्य से ऊपर रहने का अनुमान है। जुलाई में मानसून के दौरान अच्छी बारिश की उम्मीद है।

# वायुसेना प्रमुख ने किया हथियार प्रणाली शाखा का उद्घाटन, कहा अब एक छतरी के नीचे आ जाएंगे ऑपरेटर्स

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



तेलंगाना के बेगमपेट में सोमवार को एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने भारतीय वायुसेना की एक हथियार प्रणाली (डब्ल्यूएस) शाखा का उद्घाटन किया गया। वायुसेना के अधिकारियों के लिए नई हथियार प्रणाली शाखा की मंजूरी 2022 में दी गई थी। वायु सेना प्रमुख ने कहा कि इस शाखा के निर्माण के साथ ही जमीन आधारित और हथियार प्रणालियों के संचालक (ऑपरेटर) एक छतरी के नीचे आ जाएंगे। भारतीय वायु सेना ने कहा, वायु सेना प्रमुख चौधरी ने आज कॉलेज ऑफ एयर वारफेयर (सीएडब्ल्यू) में उच्च कमान पाठ्यक्रम के 48 अधिकारियों को संबोधित किया। उनकी अगवानी सीडब्ल्यू के कमांडेंट एयर वाइस मार्शल पीएस वडोदकर ने की। इस दौरान वायुसेना प्रमुख ने वायु सेना के मध्य स्तर के नेतृत्व के बीच परिचालन तैयारियों और प्रभावी फैसले लेने की अनिवार्यता पर जोर दिया। अपने संबोधन के दौरान विभिन्न वैश्विक और राष्ट्रीय मुद्दों पर बात की और भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए तीनों सेनाओं के बीच एकीकरण को बढ़ाने की जरूरत पर जोर दिया।

# ब्रिटेन के आम चुनाव में भारत की धमक, कंजर्वेटिव और लेबर पार्टी के घोषणापत्रों में एफटीए समझौते पर जोर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। लंदन

ब्रिटेन में होने वाले आम चुनाव में नतीजे चाहे किसी भी पार्टी के पक्ष में रहें लेकिन, भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हर पार्टी का ध्यान है। कंजर्वेटिव और लेबर पार्टी के घोषणापत्रों में एफटीए के मुद्दे को प्रमुखता से जगह दी गई है। ब्रिटेन में आम चुनाव के लिए प्रचार अपने अंतिम दौर में पहुंच गया है। भले ही नतीजे कंजर्वेटिव पार्टी या लेबर पार्टी किसी के भी हक में रहें लेकिन, दोनों पार्टियों ने भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया है। आपको बता दें कि भारत और ब्रिटेन के बीच द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने के लिए 38.1 अरब पाउंड के समझौते की दिशा में काम किया जा रहा है। हालांकि, भारत के बाद ब्रिटेन में आम चुनाव की वजह से इस समझौते के लिए अगले दौर की बातचीत रुकी हुई है।

### लेबर पार्टी का एफटीए को लेकर दावा

उधर, लेबर पार्टी ने अपने घोषणापत्र में इस बात पर जोर दिया है कि उनका ध्यान एफटीए के मुद्दे पर केंद्रित है। लेबर पार्टी ने कहा 'हम इस समझौते को अंतिम रूप देंगे क्योंकि कंजर्वेटिव पार्टी ने पूर्व में किए गए दावे के अनुसार एफटीए के लिए तय की गई आखिरी समय सीमा (वर्ष 2022) को पार कर लिया है।' लेबर पार्टी के नेता डेविड लेमी ने पिछले सप्ताह लंदन में आयोजित किए गए इंडिया ग्लोबल फोरम (आईजीएफ) में कहा था कि एफटीए के समझौते के लिए कई दिवाली आईं और चलीं गईं। इस इस इंतजार में कई व्यवसायों को उनके हालात पर छोड़ दिया गया है। लेमी ने आगे कहा कि भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को मेरा संदेश है कि लेबर पार्टी इस समझौते पर आगे बढ़ने के लिए तैयार है। भारत और ब्रिटेन के बीच एफटीए को लेकर बातचीत जनवरी 2022 में शुरू हुई थी और इसका उद्देश्य द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाना है। चुनाव पूर्व के अधिकतर सर्वेक्षणों में विपक्षी दल लेबर पार्टी आगे दिख रही है। लेबर पार्टी ने मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की प्रतिबद्धता जताई है।

### कंजर्वेटिव पार्टी के घोषणापत्र में एफटीए

कंजर्वेटिव पार्टी के घोषणापत्र में ऐलान किया गया है, 'हम भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देंगे। इसके साथ साथ रक्षा और तकनीक के क्षेत्रों में भी आपसी सहयोग को और मजबूत किया जाएगा।'

# प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल की विदाई के कयास, देउबा-ओली की बैठक के बाद अटकलों का बाजार गर्म



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। काठमांडू

नेपाल में एक बार फिर राजनीतिक अस्थिरता के संकेत हैं। देश की दो सबसे बड़ी पार्टियों- नेपाली कांग्रेस और सीपीएन-यूएमएल के बीच उच्च स्तरीय बैठक को प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड की विदाई का संकेत माना जा रहा है। बीते 16 साल में नेपाल में 13 सरकारें बन चुकी हैं। राजनीतिक रूप से अस्थिर इस देश में एक बार फिर प्रधानमंत्री की विदाई की अटकलें लगाई जा रही हैं। नेपाली कांग्रेस और सीपीएन-यूएमएल की बैठक के बाद ऐसा माना जा रहा है कि पीएम प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार कुछ ही दिनों में विदा हो जाएगी। खबरों के मुताबिक नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा ने पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से मुलाकात की। शनिवार को दोनों के बीच देश की मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर चर्चा हुई। खास बात यह है की ओली का राजनीतिक दल-नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा है। खबरों के मुताबिक बंद कमरे में हुई बैठक का ब्यौरा सार्वजनिक नहीं किया गया है। हालांकि, कुछ राजनीतिक हलकों में अटकलों का बाजार गर्म होने लगा है कि देउबा और ओली के बीच प्रधानमंत्री प्रचंड को हटाने के लिए नई गठबंधन सरकार पर चर्चा हुई होगी। हालांकि, प्रधानमंत्री प्रचंड के करीबी सूत्रों ने %सत्ता में बदलाव की अफवाहों% को खारिज कर दिया है। प्रचंड के करीबी सूत्रों का कहना है कि सत्तारूढ़ गठबंधन के दो शीर्ष नेता सीपीएन-माओवादी केंद्र के अध्यक्ष प्रचंड और सीपीएन-यूएमएल के अध्यक्ष ओली मौजूदा गठबंधन सरकार का कार्यकाल पूरा करने को लेकर दृढ़ हैं।

### गठबंधन सरकार में बदलाव के दावे निराधार

प्रधानमंत्री प्रचंड के प्रेस सलाहकार गोविंदा आचार्य ने दावा किया कि प्रचंड और ओली ने शनिवार के अलावा रविवार और सोमवार को भी प्रधानमंत्री कार्यालय में दो बैठकें कीं। बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने ताजा राजनीतिक स्थिति और वर्तमान गठबंधन सरकार को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। उन्होंने कहा, मौजूदा गठबंधन सरकार में बदलाव और नये गठबंधन के गठन के दावों में कोई सच्चाई नहीं है।

### पूर्व पीएम ओली बजट को लेकर खुलकर असंतोष प्रकट कर चुके हैं

नेपाल की राजनीति से जुड़ी खबरों के मुताबिक केपी शर्मा ओली एक बार फिर प्रधानमंत्री पद पर नजर गड़ाए हैं। वे कथित तौर पर वित्त वर्ष 2024-25 के लिए सरकार की तरफ से हाल ही में पेश बजट और विभागों को आवंटन से नाखुश हैं। उन्होंने सार्वजनिक रूप से अपना असंतोष प्रकट किया था।

# दक्षिण चीन सागर पर कम नहीं हो रहा तनाव, चीन ने फिलीपींस तट पर तैनात किया विमानवाहक पोत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। लंदन



हाल में चीन ने अपना दूसरा विमानवाहक पोत शांडोंग तैनात किया है। जो फिलीपीन तट के पास पानी में गश्त करते नजर आया। दक्षिण चीन सागर पर तनाव का माहौल है, इसी बीच चीन ने अपना दूसरा विमानवाहक पोत शांडोंग भी तैनात कर दिया। यह शांडोंग फिलीपीन तट के पास पानी में गश्त करते हुए देखा गया है। वहीं फिलीपींस की ओर से भी दक्षिण चीन सागर को लेकर चीन का विरोध करना शुरू कर दिया है। पिछले कुछ महीनों में चीन और फिलीपींस की नौसेनाओं और तट रक्षकों के बीच टकराव चल रहा था। क्योंकि अमेरिका द्वारा समर्थित फिलीपींस ने चीन द्वारा दावा किए गए दक्षिण चीन सागर में द्वितीय थॉमस शोल पर अपने दावों को साबित करने का अथक प्रयास किया था। चीन दक्षिण चीन सागर के अधिकांश हिस्से पर अपना दावा करता है। इस पर फिलीपींस, मलेशिया, वियतनाम, ब्रुनेई और ताइवान के बीच तीखी बहस है। चीन का आरोप है कि फिलीपींस ने 1999 में जानबूझकर दूसरे थॉमस शोल में एक नौसैनिक जहाज को फंसा दिया था। चीन का दावा था कि क्षतिग्रस्त जहाज को नौसैनिक कर्मियों द्वारा संचालित एक स्थायी प्रतिष्ठान में बदल दिया। संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून सम्मेलन के एक न्यायाधिकरण द्वारा 2016 के फैसला लिया गया। इसके आधार पर दक्षिण चीन सागर पर अपने दावों को पुख्ता करने की कोशिश में लगा है। हालांकि, चीन ने न्यायाधिकरण का बहिष्कार किया। लेकिन न्यायाधिकरण के निष्कर्षों को खारिज कर दिया और अपने दावों पर जोरदार तरीके से जोर दिया। वहीं दूसरी ओर चीन ने पिछले महीने एक नया कानून लागू किया। इस नए कानून के तहत उसके तट रक्षक को चीन के जलक्षेत्र में अवैध रूप से प्रवेश करने वाले विदेशी जहाजों को जब्त करने और 60 दिनों तक विदेशी चालक दल को हिरासत में रखने का अधिकार दिया गया। यह कानून के तहत चीन के तट रक्षक को यह अधिकार भी है कि वह जरूरत पड़ने पर विदेशी जहाजों पर गोली चला सकता है। अमेरिका ने मनीला के दावों के समर्थन में अपनी ताकत दिखाने के लिए फिलीपींस में मध्यम दूरी की टाइफॉन मिसाइल प्रणाली तैनात की है। अब हाल में चीन ने अपना दूसरा विमानवाहक पोत **शांडोंग** तैनात किया है। जो फिलीपीन तट के पास पानी में गश्त करते नजर आया। लगभग 70,000 टन विस्थापन वाला विमानवाहक पोत शांडोंग, फिलीपींस के पानी में गश्त करते नजर आया। चीनी विशेषज्ञों के अनुसार विमानवाहक पोत संभवतः एक निर्धारित अभ्यास पर है, जो इसे पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र में संभावित दूर की समुद्री यात्रा के लिए भी तैयार कर सकता है। बता दें कि शांडोंग की तैनाती पीपुल्स लिबरेशन आर्मी द्वारा बड़े और मध्यम विध्वंसक सहित प्रमुख सतही लड़ाकू जहाजों के साथ-साथ मुख्य उभयचर लैंडिंग जहाज को दक्षिण चीन सागर में तैनात करने के बाद की गई है।

### बीजिंग युद्ध की तैयारी कर रहा

वहीं शंघाई यूनिवर्सिटी ऑफ पॉलिटिकल साइंस एंड लॉ में राजनीति विज्ञान विभाग में रक्षा प्रोफेसर नी लेक्सियोंग को हांगकांग स्थित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट में कहा कि शांडोंग का रास्ता मनीला और वाशिंगटन के लिए एक निवारक के रूप में था। मनीला स्थित थिंक टैंक इंटरनेशनल डेवलपमेंट एंड सिक्योरिटी कोऑपरेशन के अध्यक्ष और संस्थापक चेस्टर कैबल्ज़ा ने कहा कि वाहक की गश्त बीजिंग द्वारा प्रदर्शनकारी राजनीति का एक उदाहरण है। यदि ऐसा फिर से होता है तो इसका अर्थ होगा कि उनकी राष्ट्रीय सुरक्षा पर लाल झंडा है। उन्होंने कहा, जब हम भारी सैन्य बल देखते हैं, तो इसका अर्थ है कि बीजिंग युद्ध की तैयारी कर रहा है। विवादित दक्षिण चीन सागर में अपने दावों को पुष्ट करने के लिए चीन-फिलीपींस टकराव ने पिछले महीने हिंसक रूप ले लिया। यह तब हुआ जब बीजिंग द्वारा विदेशी जहाजों के खिलाफ कार्रवाई करने और चीनी जल में उल्लंघन करने के संदिग्ध विदेशियों को हिरासत में लेने के लिए नए नियम जारी करने के बाद पहली बार उनके नौसैनिक जहाजों में टक्कर हुई। वहीं कुछ सप्ताह पहले फिलीपींस द्वारा दावा किए गए दक्षिण चीन सागर के द्वितीय थॉमस शोल के पास फिलीपींस के नौसैनिक जहाज और एक चीनी जहाज में टक्कर हो गई थी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक: अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादक: अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेड: कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोट: सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)